2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations. 2015. The full format of Quarterly Financial Results has been uploaded on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com
3. Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS/ AS Rules whichever is applicable.

By order of the Board
for Rama Paper Mills Limited
Sd/-
Pramod Agarwal
Managing Director (DIN: 00038838 )

Date : 14th August 2019
Place : Kiratpur






मौसम

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 34.4 डि.से. | 34.4 डि.से. | 33.3 डि.से. | 34.5 डि.से. |
| न्यूनतम | 23.6 डि.से. | 23.6 डि.से. | 24.1 डि.से. | 25.2 डि.से. |



## खबरों में शहर

### आंबेडकर विवि के दो परिसरों की नींव 23 को

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

डॉ बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के धीरपुर और रोहिणी परिसर की नींव शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रखेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहेंगे। धीरपुर में होने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर करेंगी। इस मौके पर उच्च शिक्षा सचिव संदीप कुमार भी मौजूद रहेंगे।

### प्रदूषण फैलाने वाली 57 इकाइयां सील

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने प्रदूषण फैलाने वाली 57 इकाइयां सोमवार को सील कर दी। ई-कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही इन अवैध इकाइयों पर पूर्वी निगम की टीम ने कांति नगर एक्सटेंशन में 57 इकाइयों को सील किया। यह कार्रवाई दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के निर्देशानुसार निगम, डीपीसीसी, एसडीएम और दिल्ली पुलिस की टीम ने की।

### इंजीनियर की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 19 अगस्त।

सेक्टर- 51 में रहने वाली डीएमआरसी की महिला इंजीनियर स्वाति (26) की रविवार को हुई संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने पति अजय को गिरफ्तार किया है। महिला के परिजनों ने पति और सास के खिलाफ थाना सेक्टर- 49 में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। पोस्टमॉर्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया है। स्वाति की मां की तरफ से दी गई शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही पति और सास उसे परेशान कर रहे थे।

### डॉक्टर सलूजा को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

डीयू के पूर्व शिक्षक डॉक्टर चंद किरण सलूजा को 'राष्ट्रपति सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर 2019' पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान एचआरडी मंत्रालय की ओर से संस्कृत शिक्षा में उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है। डॉ सलूजा करीब 20 सालों तक डीयू के केंद्रीय शिक्षा संस्थान से जुड़े रहे और उन्होंने संस्कृत, हिंदी, राजनीतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शिक्षा के सिद्धांत आदि विषयों को पढ़ाया। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान में निदेशक (अकादमिक) के रूप में नियुक्त हुए।

### शिक्षण सत्र में भाग लेने वालों का सम्मान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

उत्तराखंडी भाषा-बोली शिक्षण सत्र में भाग लेने वालों के लिए समाजसेवी दयाल सिंह नेगी, अध्यक्ष भुम्याल विकास मंच और उनकी पूरी टीम ने बदरीनाथ मंदिर पार्क, पश्चिमी विनोद नगर में सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि डीपीएमआइ के चेयरमैन विनोद बछेती ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच, उत्तराखंड एकता मंच एंव दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में उत्तराखंड की कई सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर दिल्ली और आस पास में अपनी बोली-भाषा से अपने नौनिहालों को जोड़ने के लिए 19 मई, 2019 से ग्रीष्मकालीन कक्षाओं की शुरुआत की गई थी। इसमें बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और बच्चों ने हिस्सा लिया था।

### जेएनयू प्रोफेसर ने तैयार किया 'मूक्स' पाठ्यक्रम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने ऑर्गेनिक केमेस्ट्री-1 नाम से ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह पाठ्यक्रम मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ई-लर्निंग पहल 'स्वयं' के तहत शुरू किया है। बायोटेक्नॉलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर बीएस बालाजी ने एमएससी रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक्स) तैयार किया है। ये पाठ्यक्रम यूजीसी के स्वयं प्लेटफॉर्म पर मिलेगा।

## आज के कार्यक्रम

**सभा/संगोष्ठी**

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर** : पंडित मधुप मुद्गल की संगीत यात्रा पर चर्चा, सीडी देशमुख ऑडिटोरियम, सेंटर परिसर, शाम 6:30 बजे से।

**थिएटर**

**इंडिया हैबिटाट सेंटर** : ओल्ड वर्ल्ड थिएटर फेस्टिवल, द स्टेन ऑडिटोरियम, सेंटर परिसर, शाम 7 बजे।

## महिला पर हमला करने वाले विधायक को सात दिन की सजा

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

दिल्ली की एक अदालत ने 2014 में एक महिला पर हमले के मामले में आम आदमी पार्टी विधायक को सात दिन कैद की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने कहा कि विधायक एक लोकसेवक हैं इसलिए यह उनका दायित्व है कि उन लोगों के साथ निष्पक्षता और विनम्रता के साथ मिलें, जो उनके पास समस्याएं लेकर आते हैं। अदालत ने अच्छे आचरण के आधार पर उन्हें परिवीक्षा पर छोड़ने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उन्हें पहले भी एक अन्य मामले में दोषी ठहराया गया है और तीन महीने की कैद की सजा भी सुनाई गई थी। अदालत ने कहा कि इसलिए इस मामले में निवारण के लिए सजा की जरूरत है। मामले में मनोज कुमार को आइपीसी की धारा 352 के तहत दोषी ठहराया गया है। उन्होंने कहा



अदालत ने कहा, लोकसेवक को जनता से निष्पक्षता और विनम्रता से मिलना चाहिए

कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में उन्हें सात दिन की साधारण कैद और 500 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। दोषी द्वारा सजा के खिलाफ अपील किए जाने की मंशा जताए जाने पर अदालत ने हालांकि उन्हें 10 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही रकम की जमानत राशि पर 30 दिनों के लिए छूट दे दी। अभियोजन के मुताबिक महिला विधायक के पास जलभराव संबंधी समस्या के समाधान के लिए गई थी।

### बैंक लॉकर से 40 लाख के जेवर बदले

## तीन अधिकारियों पर मामला दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 19 अगस्त।

- सेक्टर-27 स्थित सहकारी बैंक की शाखा में हुआ फर्जीवाड़ा
- बैंक के ऑडिट और जांच में सामने आई जानकारी

सेक्टर-27 स्थित शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक शाखा के लॉकर में रखे करीब 40 लाख रुपए के जेवरातों की जगह नकली जेवर रखने का आरोप बैंक के तीन अधिकारियों पर लगा है। ऋण चुकाने के बाद ग्राहक की शिकायत पर बैंक ने जब जांच कराई, तो फर्जीवाड़े का पता चला। बैंक ने थाना सेक्टर-20 में शाखा के ऑपरेशनल प्रबंधक समेत तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक का मुख्य कार्यालय सेक्टर-126 में है। को-ऑपरेटिव बैंक बैंकिंग विनियम अधिनियम के तहत इसे लाइसेंस मिला हुआ है। बैंक सोने गिरवी रखकर ऋण (गोल्ड लोन) देने का काम करती है। बैंक की एक शाखा सेक्टर-27 में विनायक अस्पताल के पास है। जहां पर सामान्य ऋण के लिए सोना गिरवी रखकर भी ऋण दिया जाता है। ऋण देने के लिए ग्राहकों के आभूषण बैंक के लॉकर में रखे जाते हैं। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी शाखा के क्रियांवयन प्रबंधक धीरज तिवारी, क्रेडिट एग्जीक्यूटिव विपिन कसाना और सौरभ चौधरी पर थी। आरोप है कि इन तीनों ने ग्राहक के दो पैकेट में रखे 1100 ग्राम से अधिक सोने के आभूषण चोरी कर उनकी जगह नकली जेवरात रख दिए। इससे बैंक को 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जून महीने में 1100 ग्राम सोने के जेवरात रखने वाले ग्राहक ने बैंक का भुगतान कर आभूषण के पैकेट वापस लिए। ग्राहक ने पैकेट की सील से छेड़छाड़ होने की शिकायत की।

इसके बाद बैंक की तरफ से ऑडिट और जांच कराई गई। जांच में ग्राहक के आरोप सही पाए गए और उक्त तीन अधिकारियों की मामले में संलिप्तता पाई गई। शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक के एनसीआर क्लस्टर प्रमुख ने तीनों बैंक अधिकारियों के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में नामजद मामला दर्ज कराया है।

## कई सेवानिवृत्त अधिकारी और अधिवक्ता भाजपा में शामिल

जनसत्ता संवददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को पंत रोड स्थित भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यालय में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत सेवानिवृत्त अधिकारियों, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं, उद्योगपतियों, समाजसेवियों, इंजीनियर्स, चार्टेड एकाउटेंट और बड़ी संख्या में बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाले प्रोफेशनल्स ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी को दिल्ली प्रदेश के प्रभारी श्याम जाजू और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने सदस्यता दिलवाई।

दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त अतिरिक्त



पुलिस आयुक्त भैरों सिंह गुर्जर, सीबीएसई के सेवानिवृत्त निदेशक प्रीतम सिंह, सेवानिवृत्त एसीपी मोहम्मद इकबाल, पब्लिक प्रोस्क्यूटर चरनदास, सेवानिवृत्त कार्यकारी इंजीनियर सुरेश चंद्रा, सेवानिवृत्त मेट्रोपोलिटियन मजिस्ट्रेट एसएस निमेश, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता टी एस वरुण, व्यापारी अनिल अग्रवाल, राष्ट्रपति भवन में वरिष्ठ पद से सेवानिवृत्त समर मंडल, समाजसेवी दीपिका मंडल, समाजसेवी निशा चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्चतम न्यायालय और जिला न्यायालयों के अधिवक्ताओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ली। इस मौके पर श्याम जाजू ने कहा कि इस बार रेकॉर्ड संख्या में लोगों को भाजपा के साथ जोड़कर दिल्ली प्रथम स्थान पर रहेगी। कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने से प्रभावित होकर दिल्ली ही नहीं पूरे देश में लोग भाजपा के प्राथमिक सदस्य बन रहे हैं। वहीं, मनोज तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की संगठन शक्ति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर भाजपा परिवार का विस्तार लगातार बढ़ता जा रहा है।

## कांग्रेस आज बड़ी चुनौतियों के दौर से गुजर रही है : मुकुल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुल वासनिक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी आज बड़ी चुनौतियों के दौर से गुजर रही है और जब-जब भी ऐसी परिस्थितियां आई कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता ने उस चुनौती का डटकर मुकाबला किया है। आने वाले समय में कांग्रेस हर चुनौती का सामना करने को तैयार है।

वासनिक ने उक्त बातें विट्ठलभाई पटेल हाउस में कांग्रेस नेता जग प्रवेश कुमार के संयोजन में बुलाई गई दक्षिणी दिल्ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। सभा का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 22 अगस्त को इंदिरा गांधी स्टेडियम में राजीव गांधी के 75वें जन्मोत्सव की तैयारियों के मद्देनजर किया था। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रमेश कुमार, दिल्ली कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, हारुन युसुफ, पूर्व विधायक विजय लोचव, बलराम तंवर, समेत कई कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर मुकुल वासनिक ने राजीव गांधी के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन और विपरित परिस्थितियों में देश की बागडोर संभाली और देश कै नौजवानों को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए कम्प्यूटर और तकनीकि युग की शुरुआत की।

## करावल नगर में मकान की छत गिरने से बच्ची की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

करावल नगर में मकान गिरने से तीन साल बच्ची नैन्सी की मौत हो गई। मकान के मलबे में दबकर नैन्सी की मां शिला, भाई मोनू (8) और नेहा (12) घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक नैन्सी अपने परिवार के साथ मकान नंबर-बी 2/21, अंकुर एन्क्लेव में रहती थी। सोमवार शाम करीब 5 बजकर 30 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि एक मकान की छत गिर गई है। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मलबे में दबे चारों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने नैन्सी को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल शिला, नेहा और मोनू का अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुरुआती छानबीन में पुलिस को पता चला है कि लगातार कई दिनों से हो रही बारिश की वजह से छत कमजोर हो गई थी हो सकता है कि इस कारण छत गिर गई होगी।

### छत गिरने से चार घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के झड़ोदा में सोमवार सुबह एक मकान की छत गिरने से सोते समय चार लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि चार दमकलों के साथ बचाव दल को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन अधिकारी के मुताबिक सोमवार सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर सूचना मिली कि झड़ोदा के भाग-दो में स्थित एक पुरानी मकान की छत गिर गई है। घटना में विपिन (25), राजन कुमार (20), कुंदन और विकास (18) को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मकान बहुत पुराना था, जिसमें चार कमरें थे। (जसं)

## जेएनयू छात्र संघ : सितंबर के पहले सप्ताह में होंगे चुनाव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव को लेकर मंगलवार को विश्वविद्यालय जीबीएम (जनरल बॉडी मीटिंग) का आयोजन होगा। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग के सदस्यों का चयन होगा और इसके साथ ही छात्र संघ चुनावों की औपचारिक घोषणा हो जाएगी।



उम्मीद की जा रही है कि सितंबर के पहले सप्ताह में जेएनयू छात्र संघ चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया का आयोजन किया जाएगा। लिंगदोह समिति की सिफारिशों के मुताबिक सत्र शुरू होने के 6 से 8 सप्ताह के बीच छात्र संघ चुनाव संपन्न होने जरूरी हैं। चुनाव आयोग ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। यह घोषणा मुख्य चुनाव आयुक्त के नियुक्ति के बाद ही होगी। उम्मीद की जा रही है कि विश्वविद्यालय जीबीएम के बाद 21 या 22 सितंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की घोषणा होगी।

इसके बाद ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होगी। जेएनयू में छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया में विश्वविद्यालय प्रशासन का हस्तक्षेप नहीं होता है। पूरी चुनाव प्रक्रिया विद्यार्थियों की ओर से चुने चुनाव आयोग द्वारा आयोजित की जाती है।

## 'फ्लैट न मिलने पर खरीदार को ब्याज सहित रुपए लौटाए कंपनी'

**राज्य उपभोक्ता आयोग**

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

दिल्ली राज्य उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि फ्लैट हासिल करने के लिए खरीदार अनिश्चितकाल तक इंतजार नहीं कर सकते हैं। आयोग ने रियल इस्टेट कंपनी 'यूनीटेक' को एक खरीदार को 33 लाख रुपए से अधिक लौटाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यूनीटेक को निर्देश दिया कि अपार्टमेंट देने में सात वर्षों के विलंब के एवज में वह दिल्ली निवासी सुरहीद भंडारी को दस फीसद साधारण वार्षिक ब्याज की दर से 45 दिनों के अंदर 33.59 लाख रुपए का भुगतान करे। आयोग ने यूनीटेक की सेवा में कमी बताते हुए कहा कि खरीदार से पर्याप्त राशि मिलने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं करना अनुचित व्यापार व्यवहार है।

आयोग की पीठासीन सदस्य सलमा नूर ने कहा कि यह तथ्य स्पष्ट है कि उक्त इकाई का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है और सात वर्ष की अवधि भी खत्म हो चुकी है। आयोग ने कहा कि यूनीटेक निर्माण करने में विफल रहा और आज तक फ्लैट नहीं दे सका। शिकायतकर्ता फ्लैट हासिल करने के लिए अनिश्चितकाल तक इंतजार नहीं कर सकता है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने 2012 में यूनीटेक की परियोजना 'द रेजिडेंसेज' के लिए आवेदन किया था और फ्लैट के लिए राशि भी जमा कराई थी। लेकिन इसके बाद परियोजना की प्रगति के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई।

## अतिक्रमण के जिम्मेदारों को प्राधिकरण करेगा निलंबित

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 19 अगस्त।

प्राधिकरण के पंप हाउस, जल जलाशयों और सीवर शोधन संयंत्रों पर बाहरी लोगों के बसने पर प्राधिकरण अब अपने कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराएगा। इन परिसरों पर व्यावसायिक गतिविधियां पाए जाने पर प्राधिकरणकर्मियों की संलिप्तता की बात सामने आने पर चेतावनी जारी की गई है। इस बाबत सभी वर्क सर्कल प्रभारियों से तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। हाल ही में प्राधिकरण ने पंप हाउसों पर बने अतिरिक्त दो ढांचे (शैड) ढहा दिए हैं।

शहर में 182 नलकूप और छह रैनी वेल स्थापित हैं। इन्हें चलाने के लिए शहर के अधिकांश सेक्टरों में नलकूप खंड बने हुए हैं। जहां पर कुछ कमरे कर्मियों के लिए बनाए गए हैं। लेकिन शहर में लगातार मंहगे होते किराए के चलते इन स्थानों पर कर्मचारियों ने अवैध रूप से निर्माण या टीन शैड लगाकर अतिक्रमण कर बाहरी लोगों को बसा लिया है।

## इंजीनियर और दो महिलाओं ने दी जान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

राजधानी के तीन अलग इलाकों में इंजीनियर समेत दो अन्य महिलाओं ने खुदकुशी कर ली। न्यू अशोक नगर में इंजीनियर सनित कुमार पासवान (34) ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में उन्होंने पत्नी के शक करने से तंग आकर जान देने की बात लिखी है। वहीं, मुखर्जी नगर में सुमन आनंद (85) ने छत से और धीरपुर में कमलेश (55) ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस को दोनों महिलाओं के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## सोनिया से मिले चाको, प्रदेश अध्यक्ष का फैसला 22 के बाद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के बाद सोनिया गांधी ने लोकसभा की चुनावी हार से पस्त पड़ी पार्टी संगठन को चाक-चौबंद करने की कवायद शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको ने सोमवार को सूबे के तीनों कार्यकारी अध्यक्षों हारुन युसूफ, देवेंद्र यादव व राजेश लिलौठिया के साथ पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की और आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान शीला दीक्षित के निधन के बाद से खाली पड़े प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर भी चर्चा हुई। समझा जा रहा है कि आगामी 22 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम के बाद दिल्ली में नेतृत्व के मुद्दे पर निर्णय हो सकता है।

### एम्स में लगी आग

## सुरक्षा पर हो रहे खर्च पर सवालिया निशान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लगी आग कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आग लगने के बावजूद उसको नियंत्रित करने की चौकसी नहीं दिखी, जबकि प्रयोगशाला में व बाकी हिस्सों में ज्वलनशील रसायन थे। सूत्रों के मुताबिक एसी का कंप्रेसर भी फटा था और आग पांचवीं मंजिल तक पहुंच गई थी। नुकसान का सही आकलन अभी तक नहीं हो पाया है।

आग लगने से कई कम्प्यूटर व उपकरण जले तो कई लपट में आने से पिघल गए। गनीमत है कि इमरजंसी मेडिसिन की लैब के उपकरण रात भर की कूलिंग के बाद काम करने लगे। इस लैब को एक महीने में यहां से नई जगह भेजा जाना था। 50 के दशक में बनी इमारत के तार जर्जर व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के भारी बोझ से दबे हैं। इसलिए तमाम हिस्से को नई बन रही इमारतों में शिफ्ट करने की योजना है। कई अन्य चुनौतियां भी हैं जिनसे निपटने में एम्स को साल भी लग सकते हैं। एम्स के चिकित्सकों व कर्मचारियों ने जबरदस्त मुस्तैदी दिखाते हुए मरीजों को बचा लिया। सूत्रों के मुताबिक सूक्ष्म जैविकी विभाग की प्रयोगशाला के कुछ नए उपकरण पहले से रखे थे उन्हे कन्वर्जेंस ब्लॉक में लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जल्दी ही यह प्रयोगशाला भी काम करने लगे इसकी कोशिश हो रही है।

### स्टाफ की मुस्तैदी से बचे मरीज

एम्स आरडीए के संयुक्त सचिव डॉ अश्विनी मेहरा ने बताया कि शनिवार को आधे दिन में छुट्टी होती है तो वे बाहर चले गए थे। जैसे ही आग की सूचना मिली उन्होने तुरंत एम्स पहुंच कर अपने ग्रुप पर डॉक्टरों के लिए अपील जारी की। जो जहां था वहीं से भाग कर एम्स पहुंचा।

### आरपी सेंटर में कराया प्रसव

उन्होंने बताया कि आरपी सेंटर के 53 साल के इतिहास में यह पहला मौका रहा जब कि इस सेंटर में सर्जरी करके बच्चे का जन्म कराया गया। यह सफल सर्जरी रात को उस समय की गई जब कि एम्स में आग व अफरा-तफरी चरम पर थी।

## बैलगाड़ी पर बैठकर जलभराव पार कर रहे लोग

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

महंगी और तेज रफ्तार गाड़ियों से गुलजार रहने वाली राजधानी की सड़क पर लोगों को पुराने समय के बैलगाड़ी का सहारा लेना पड़ा। बारिश के बाद हुए जलभराव में जब अच्छी-अच्छी गाड़ियां बंद हो गई तो लोगों ने बैलगाड़ी पर बैठकर सड़क पार किया।

यह नजारा दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुल प्रह्लादपुर में दिखा, जहां पीडब्लूडी, दिल्ली नगर निगम और रेलवे की सुस्ती से लोग बारिश के बाद सड़क पार करने के लिए बैलगाड़ी बैठे नजर आए। यही नहीं गड्ढे की गहराई को देखते हुए मोटरसाइकिल सवार को भी सौ रुपए देकर अपनी गाड़ी इस पार से उस पार करानी पड़ी। इस काम में लगे आली गांव, प्रह्लादपुर गांव और सूरज कुंड के बैलगाड़ी वाले खूब कमाई कर रहे हैं। वे प्रति व्यक्ति 20 रुपए और प्रति मोटरसाइकिल से 100 रुपए ले रहे हैं। पुल प्रह्लादपुर के इलाके में बीते दो दिनों की बारिश से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। यह इलाका सालों से बारिश के बाद गड्ढे का रूप ले लेता है। आली गांव के रामचंदर और प्रह्लादपुर इलाके के आशीष का कहना था कि यहां की हालत के लिए एक नहीं कई विभाग जिम्मेवार है। उनका कहना था कि इस अंडर पास में कम से कम 20 अश्व शक्ति (एचपी) के पांच मोटर की जरूरत है। जबकि पीडब्लूडी ने दो मोटर तो लगाए हैं पर उसमें एक चलता है।

# अदालती आदेश को 'राजनीतिक रंग' नहीं दिया जा सकता

## रविदास मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के तुगलकाबाद वनक्षेत्र में स्थित गुरु रविदास मंदिर को गिराने के उसके आदेश को 'राजनीतिक रंग' नहीं दिया जा सकता। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति एमआर शाह के पीठ ने पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इस मुद्दे पर राजनीतिक रूप से या प्रदर्शनों के दौरान कानून-व्यवस्था संबंधी कोई स्थिति उत्पन्न न हो। पीठ ने कहा, 'हर चीज राजनीतिक नहीं हो सकती। धरती पर कोई भी हमारे आदेश को राजनीतिक रंग नहीं दे सकता।' महत्त्वपूर्ण है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने पिछले दिनों शीर्ष अदालत के आदेश का अनुपालन करते हुए संबंधित मंदिर को गिरा दिया था।

कोर्ट ने नौ अगस्त को कहा था कि वनक्षेत्र को खाली करने के उसके पूर्व आदेश पर अमल न कर गुरु रविदास जयंती समारोह समिति ने 'गंभीर उल्लंघन' किया है। 500 साल पुराने मंदिर को गिराए जाने के बाद, पंजाब और दिल्ली के कई स्थानों पर राजनीतिक दलों और दलित समुदाय के सदस्य प्रदर्शन कर रहे हैं। सुनवाई की शुरुआत में, अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा कि मंदिर को गिराने का काम डीडीए ने शीर्ष अदालत के आदेश के अनुपालन में किया और कुल 18 संगठन इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

शीर्ष अदालत ने 13 अगस्त को वेणुगोपाल से इस मामले में सहयोग करने को कहा था। वेणुगोपाल ने पीठ को बताया कि चूंकि कई संगठन इस कदम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए इन प्रदर्शनों के पीछे किसी एक व्यक्ति का ठीक-ठीक पता लगा पाना बहुत कठिन है। इस पर पीठ ने कहा कि अगर मामला सुलझ गया है तो कोई मुश्किल नहीं है लेकिन अगर यह अनसुलझा रहता है तो अदालत इस पर सुनवाई करेगी।

वेणुगोपाल ने तब पीठ से कहा कि उसे पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की सरकार को यह सुनिश्चित करने के निर्देश देने चाहिए कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बरकरार रहे। पीठ ने पंजाब, हरियाणा और दिल्ली से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राजनीतिक रूप से या अन्य किसी भी तरह से कानून-व्यवस्था संबंधी कोई स्थिति नहीं उत्पन्न होनी चाहिए। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कहा था कि वह अपनी अगुआई में रविदास समुदाय के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करवाएंगे और मामले में उनसे हस्तक्षेप करने को कहेंगे।

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने भी गुरुवार को कहा था कि शिअद-भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जल्द प्रधानमंत्री से मुलाकात करेगा और उनसे मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की अपील करेगा। शीर्ष अदालत ने इससे पहले मंदिर गिराए जाने का राजनीतिकरण करने के खिलाफ आगाह किया था और धरना व प्रदर्शनों के लिए उकसाने वालों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की चेतावनी दी थी।

# अर्थव्यवस्था में मंदी के लिए जेटली की नीतियां जिम्मेदार: स्वामी

पुणे, 19 अगस्त (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा वापस लेना सही फैसला था। लेकिन अब देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने की जरूरत है क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्र निर्माण दोनों के लिहाज से अहम है।

राज्यसभा सदस्य ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के कार्यकाल में अपनाई गईं गलत नीतियां अर्थव्यवस्था में सुस्ती के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने ब्याज दर बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की भी आलोचना की। स्वामी ने कहा- मेरा मानना है कि जेटली के कार्यकाल के दौरान अपनाई गईं गलत नीतियां जैसे अधिक कर लगाना अर्थव्यवस्था में सुस्ती का एक कारण है। ये नीतियां अभी भी लागू हैं।


**यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया**
**क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ**
प्रथम तल, यूनियन बैंक भवन, मंत्री आवास के पास, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, दूरभाष:- 0522-2306893-94, फैक्स:- 2306884

**अधिग्रहण सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत और धारा 13 (2) तथा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की गई थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था।
ऋणी के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है।
ऋणग्रहिता को विशिष्ट रूप से सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का बकाया धनराशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। **अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान के अनुसार ऋणी को अवगत कराया जाता है कि, दिये गये समय के अन्तर्गत भुगतान करके बंधक आस्तियों को मुक्त करा लें।**

| क्र. सं. | ऋणकर्ता/जमानतकर्ता का नाम व पता | बंधक सम्पत्तियों का विवरण | मांग सूचना की तिथि/अधिग्रहण की तिथि/बकाया धनराशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| | **शाखा- गोमतीनगर, फोन नं.- 0522-2391484, ईमेल- gomtinagar@unionbankofindia.com** | | |
| 1. | ऋणकर्ता:- 1. श्री ओमकार नाथ बाजपेयी पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद बाजपेयी निवासी 14, कृष्ण लोक नगर फैजुल्लागंज, लखनऊ 2. श्रीमती किरन बाजपेयी पत्नी श्री ओमकार नाथ बाजपेयी निवासी 14, कृष्ण लोक नगर फैजुल्लागंज, लखनऊ | मकान सम्पत्तियां:- पता: म.नं. 14 खसरा सं. 55 (एम) निकट बेहा रोड कृष्ण लोक कॉलोनी फैजुल्लागंज, लखनऊ, स्वामित्व- श्रीमती किरन बाजपेयी पत्नी श्री ओमकार नाथ बाजपेयी, क्षेत्रफल:- 1680 वर्ग फीट, चौहद्दी:- पूर्व: 18 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम: कमला देवी का प्लॉट सं. 13, उत्तर: 18 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण: गुंजन यादव का मकान | 21.05.2019 / 14.08.2019 / रु. 4,81,211.65 + ब्याज दिनांक 01.04.2019 से व अन्य खर्च |
| | **शाखा- देवा शरीफ, फोन नं.- 05248-245383, ईमेल- dewashariff@unionbankofindia.com** | | |
| 2. | ऋणकर्ता:- 1. मेसर्स या वारिस ज्वैलर्स, प्रोप.- श्री राम सरन सोनी पुत्र श्री बेचू लाल मकान नं. 366, हुज्जाजी-2, देवाशरीफ, बाराबंकी जमानतकर्ता:- श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री बेचू लाल सोनी हुज्जा जी-2, देवाशरीफ, बाराबंकी | मकान सम्पत्तियां:- पता: सम्पूर्ण बंधक मकान सम्पत्ति स्थित हुज्जाजी पूर्वी-2, देवाशरीफ, बाराबंकी, स्वामित्व- श्री राम सरन सोनी पुत्र श्री बेचू लाल, क्षेत्रफल:- 42.943 वर्ग मी., चौहद्दी:- पूर्व: श्री शिव गोपाल का प्लॉट, पश्चिम: आनन्द राम का प्लॉट, उत्तर: रोड, दक्षिण: रानी देवी का प्लॉट | 14.05.2019 / 16.08.2019 / रु. 3,57,751.76+ ब्याज दिनांक 01.05.2019 से व अन्य खर्च |
| | **शाखा- लखनऊ मेन, फोन नं.-0522-2627850, 2672417, ईमेल- lucknowmain@unionbankofindia.com** | | |
| 3. | ऋणकर्ता:- 1. मेसर्स अल्फा इंटरप्राइजेज, प्रोप.- श्री रेहान फारूकी पुत्र स्व. श्री कमलुद्दीन दुकान सं. 102, मुगल दिशा अपार्टमेंट, कपूरथला, लखनऊ - 226024 जमानतकर्ता:- श्रीमती फौजिया फारूकी पत्नी श्री मो. रेहान फारूकी, निवासी म.नं. 8/167 व 168, विकास नगर, लखनऊ | मकान सम्पत्तियां:- सम्पूर्ण बंधक मकान नं. 8/167 स्थित सेक्टर 8, विकास नगर, लखनऊ, स्वामित्व- श्री रेहान फारूकी पुत्र स्व. श्री कमलुद्दीन, क्षेत्रफल:- 41.31 वर्ग मी., चौहद्दी:- पूर्व: म.न. 8/166, पश्चिम: म.न. 8/168, उत्तर: म.नं. 8/124, दक्षिण: रोड और सम्पूर्ण बंधक मकान नं. 8/168 स्थित सेक्टर 8, विकास नगर, लखनऊ, स्वामित्व- श्री रेहान फारूकी पुत्र स्व. श्री कमलुद्दीन, क्षेत्रफल:- 41.31 वर्ग मी., चौहद्दी:- पूर्व: म.न. 8/167, पश्चिम: म.न. 8/169, उत्तर: म.नं. 8/123, दक्षिण: रोड | 15.05.2019 / 16.08.2019 / रु. 10,25,233.01 + ब्याज दिनांक 01.05.2019 से व अन्य खर्च |

दिनांक: 20.08.2019 स्थान: लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया


# नई पार्टी बनाने के मुद्दे पर पत्ते नहीं खोल रहे हुड्डा

## आलाकमान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है हुड्डा गुट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

रोहतक के अपने सियासी गढ़ में रैली कर बागी तेवर दिखाने वाले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा नई पार्टी बनाने के मामले में अपने पत्ते खोलने को तैयार नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने संबंधी केंद्र के फैसले का समर्थन कर अपनी ही पार्टी पर रास्ता भटकने का आरोप लगाने वाले हुड्डा सुर्खियों में जरूर हैं लेकिन इस मुद्दे को और ज्यादा तूल देने से बच रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि रोहतक की परिवर्तन महारैली के मंच से अपनी भावी रणनीति तय करने के लिए 25 सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा कर चुके हुड्डा को अब कांग्रेस हाईकमान की प्रतिक्रिया का इंतजार है। यदि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन की हुड्डा खेमे की मांग को एक बार फिर खारिज किया तो संभव है कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री की अगुआई में कोई नया मोर्चा खड़ा हो जाए।

रोहतक रैली की सफलता से गद्गद् हुड्डा ने सूबे की जनता का जबरदस्त समर्थन के लिए आभार जताया लेकिन अपनी भावी रणनीति के खुलासे से इनकार किया। उनके दिल्ली स्थित आवास पर रैली की सफलता का असर दिखाई पड़ा। सोमवार को उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहा। पार्टी विधायकों के अलावा कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने भी उनसे मुलाकात की।

पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के करीबी सूत्रों ने बताया कि हुड्डा मंगलवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी समाधि वीर भूमि पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं के मौजूद रहने की संभावना है।

# बालाकोट के बाद पाक से पारंपरिक युद्ध के लिए तैयार थी सेना : सूत्र

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

बालाकोट हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत ने सरकार के प्रमुख लोगों को स्पष्ट रूप से बता दिया था कि सेना पाकिस्तान द्वारा किए जाने वाले किसी भी जमीनी हमले से निपटने और शत्रु की सीमा के भीतर युद्ध लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना के शीर्ष सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना पाकिस्तान के साथ परंपरागत युद्ध के लिए तैयार थी और इसमें पाकिस्तानी सीमा के अंदर जाना भी शामिल था। पुलवामा आतंकी हमले के बाद सरकार जब हवाई हमले करने समेत विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही थी तब सेना प्रमुख ने सरकार को अपने बल की तैयारियों के बारे में बताया था।


**ऑटोडेकोर प्राईवेट लिमिटेड**
(परिसमापन में)
सार्वजनिक उद्घोषणा
स्टेकधारकों के ध्यानार्थ

भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 31(2) के अनुपालन में। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 22 जून, 2019 को सार्वजनिक उद्घोषणा (प्रपत्र-बी) के प्रत्युत्तर में उनके द्वारा दाखिल की गई दावे के आधार पर शेयरधारकों की अंतिम सूची माननीय एनसीएलटी दिल्ली के पास दाखिल कर दी गई है तथा वह कॉर्पोरेट डेब्टर की वेबसाईट WWW.AUTODECOR.IN पर उपलब्ध है।
किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए कृपया resolution.ensemble@gmail.com पर सम्पर्क करें।

संजीव आहूजा
IBBI/IPA/002/IP-N00028/2016-17/10061
परिसमापक (ऑटोडेकोर प्राईवेट लिमिटेड)
ईमेल: ssmr.ahuja@gmail.com

तिथि: 20.8.2019
स्थान: नई दिल्ली


# अर्थव्यवस्था में सुस्ती पर सरकार की चुप्पी खतरनाक : प्रियंका

## कांग्रेस महासचिव ने पूछा, मंदी का जिम्मेदार कौन है?

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश की अर्थव्यवस्था में सुस्ती को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस भयंकर मंदी पर सरकार की चुप्पी खतरनाक है. उन्होंने सवाल किया कि इस स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है?

प्रियंका ने ट्वीट किया-सरकार की घोर चुप्पी खतरनाक है। कंपनियों का काम चौपट है। लोगों को काम से निकाला जा रहा है, भाजपा सरकार मौन है। आखिर देश में इस भयंकर मंदी का जिम्मेदार कौन है? इससे पहले उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा था कि देश का आम नागरिक भाजपा सरकार के शीर्ष नेताओं से, वित्त मंत्री से इस भयंकर मंदी पर भी कुछ सुनना चाहता है। प्रियंका ने अखबारों में छपी कुछ खबरें भी शेयर कीं, जिसके मुताबिक वाहनों की बिक्री में काफी गिरावट दर्ज की गई है और ऑटो क्षेत्र में 10 लाख से अधिक लोगों की नौकरी जाने का खतरा है तथा कई कंपनियों ने छंटनी शुरू कर दी है।

इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने रविवार को अर्थव्यवस्था की सेहत के 10 मानकों का हवाला देकर कहा कि देश में एक प्रकार से आर्थिक आपात काल की स्थिति है। ऑटोमोबाइल सेक्टर की हालत खराब है और विभिन्न कंपनियों ने अपने यहां से घोषित तौर पर कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। ढाई से अन्य उद्योगों को चलाना वाला रीयल एस्टेट की हालत चिंताजनक है और देश के 30 शहरों में लाखों की संख्या में बनकर खड़े मकानों का कोई खरीदार नहीं मिल रहा। सिंघवी ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट, रुपए की खराब हालत और सकल घरेलू उत्पाद की खराब दर का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से जानना चाहा कि आखिर उसने अर्थव्यवस्था की बिगड़ती हालत को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं।


**NOTICE OF ARBITRATOR**

Rakesh S/o Khem Chand partner M/S Maha Laxmi bus services, 1878, G.F, Jat Dharmashala, T-Huts, Kashmere gate, Delhi.

Whereas I have been appointed as Arbitrator pursuant to the Deed of partnership clauses 15 executed between you and Jaswant Singh. The Arbitration Proceeding is pending before me but you have failed to appear before me despite my letter dated 28-05-2019.

Whereas you are required to attend the Arbitration proceedings before me on any working day between 11 A.M to 4 P.M. Within 7 days from date of this publication and in default whereof I shall Proceed further in your absence.

Subhash C.Datt
Advocate/Arbitrator
Chamber no. X-42,
Civil Wing, Tis Courts, Delhi
Mob:9811280577

**ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स**
(भारत सरकार का उपक्रम)
Resolution Recovery & Law क्लस्टर (दक्षिण और पूर्व) 82/ई-1, आर के मार्किट, मुनिरका, नई दिल्ली-110067, फोन : 26108530, 26108531, ई-मेल: rrl 7670@obc.co.in

शुद्धि-पत्र

दिनांक 15.08.2019 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई-नीलामी सूचना जिसमें **ई-नीलामी की तारीख 18.09.2019** के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी **सर्विस प्रदाता का नाम: अन्तरेस सिस्टम्स लि., वेबसाईट** www.antares systems.com **व्यक्ति का नाम जिसे सम्पर्क किया जा सके श्री कुशल बोस्त, मो.** 7686913157, ईमेल : kushal.b@antares systems.com, lousik.g@antares systems.com, manohar.s@antares systems.com **के स्थान पर संशोधित सर्विस प्रदाता का नाम : मैसर्स 4क्लोज़र, वेबसाईट: https://bankauctions.in सम्पर्क हेतु : श्री विकास, मो. +91-8142000809, 8076427383, 9650387768, फोन - 040-23836405 एवं ई-मेल - vikash@bankauction.in** पढ़ा जाए।
ई-नीलामी के शेष नियम व शर्तें पहले के अनुसार रहेंगी।

प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स


# कांग्रेस रूपी डूबते जहाज से राहुल ने पहले ही छलांग लगा ली : चौहान

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 19 अगस्त।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में किसानों के साथ धोखा हुआ है। राहुल गांधी ने इन प्रदेशों में किसानों का कर्जा सरकार बनने के दस दिन बाद माफ करने का एलान किया था। चौहान का कहना है कि कांग्रेस पार्टी डूबता जहाज है और राहुल गांधी ने पहले ही छंलाग लगा ली है।

भाजपा के सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय संयोजक शिवराज सिंह चौहान सोमवार को जयपुर में सदस्यता की समीक्षा करने आए थे। उन्होंने इस दौरान प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के रणछोड़दास गांधी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में जब तक परिवारवाद, वंशवाद की राजनीति रहेगी तब तक कांग्रेस पनप ही नहीं सकती।


**केन्द्रीय भण्डारण निगम**
(भारत सरकार का उपक्रम)
निगमित कार्यालय 4/1, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्ति मार्ग, हौज़खास, नई दिल्ली 110016, टेलीफैक्स: 011-26566107 एक्सटेंशन 257/336, वेबसाइट : www.cewacor.nic.in

स. केभनि/बीएण्डसी/ईडी/7(1)(डी)/2019 दिनांक: 20.08.2019

**चुनाव सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय भण्डारण निगम नियम, 1963 के नियम 4(4) के अन्तर्गत 17.05.2021 तक की अवधि के लिए आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए भण्डारण निगम अधिनियम, 1962 की धारा 7(1)(डी) के अन्तर्गत केन्द्रीय भण्डारण निगम में पंजीकृत अंशधारी संस्थाओं अर्थात **अन्य अधिसूचित बैंकों** का प्रतिनिधित्व करने के लिए निदेशक का चुनाव **21.10.2019 सोमवार (अपराह्न 2.30 बजे से 4.30 बजे तक)** केन्द्रीय भण्डारण निगम, "वेयरहाउसिंग भवन", 4/1, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्ति मार्ग, नई दिल्ली 110016 में स्थित ऑडिटोरियम में सम्पन्न होगा।

- नामांकन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 03.09.2019 (मंगलवार) सांय 5.00 बजे तक है।
- प्रोक्सी/प्राधिकृत अभिवेदनों को प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 27.09.2019 (शुक्रवार) सांय 5.00 बजे तक होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.cewacor.nic.in पर लॉग ऑन करें।

(ह०/-अमित पुरी)
सचिव


# साठ साल की उम्र में सेवानिवृत्त होंगे सीएपीएफ कर्मी

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के कर्मी अब 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होंगे। एक सरकारी आदेश में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश में कहा गया कि बलों - केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल- के सभी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 60 वर्ष होगी। पहले कुछ पदों तक के कर्मियों और अधिकारियों के लिए यह 57 वर्ष ही थी। यह मामला दिल्ली हाई कोर्ट के जनवरी के उस आदेश से जुड़ा हुआ है जिसमें उसने चार बलों में सेवानिवृत्ति की अलग-अलग उम्र की मौजूदा नीति को 'भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक' करार देते हुए कहा था कि इसने वर्दीधारी बलों में दो वर्ग बना दिया है। मौजूदा नीति के मुताबिक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और असम राइफल्स के जवान 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं।


**नोटिस**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये फर्मों के पंजीकरण हेतु निवेदन फार्म आमंत्रित करता है। जिसके लिये विभिन्न निर्माता एवं सेवा प्रदानकर्ता फर्मों जो कि कम्प्युटर हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेर, मैडल, मुद्रण एवं प्रिंटिंग और प्रकाशन के कार्य, फर्नीचर एवं फिक्चर, पुस्तकालय की किताबें, स्टेशनरी, फोटोग्राफी, प्रयोगशाला का सामान, वाद्य, खेलकूद का सामान, दृश्य एवं श्रव्य (Audio visual aids) के साधन, यातायात के साधन, बिजली तथा सेनेटरी का सामान, सीसीटीवी कैमरा, ड्राइंग एवं पेंटिंग, अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी सामान, गिफ्ट सामान, नर्सरी परिधान, लाइट एवं साउंड सिस्टम, विद्यालय बिल्डिंग रिपेयरिंग एवं मेंटेनेंस सम्बंधित सामान, जनरेटर सेट, वाटर कूलर एवं प्योरीफायर, फोटोस्टेट एवं रिजो मशीन की ऐएमसी की सेवा, कैंटीन ठेका एवं खान-पान सम्बन्धी सुविधा, सिक्यूरिटी गार्ड, माली एवं सफाई की सेवायें, पहचान पत्र, झण्डे, बैनर इत्यादि से सम्बधित व्यवसाय करने वाले सभी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एवं अन्य प्रपत्र विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 21.08.19 से प्राप्त कर पोस्ट/By hand से जमा कर सकते हैं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 09.09.19 है। - प्राचार्या

**केन फिन होम्स लि.**
1ला तल, डीडीए बिल्डिंग, पारस सिनेमा के निकट, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 CIN No. L85110KA1987PLC008699,
फोन नं. 7625079108, 011-26435815, 26430326, ईमेल: delhi@canfinhomes.com

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण तथा विशेष रूप से ऋणधारक(कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका केन फिन होम्स लि., नेहरू प्लेस, नई दिल्ली शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा किया गया है, की श्रीमती आँचल गुप्ता, पत्नी दीपेन्द्र गुप्ता तथा श्री दीपेन्द्र गुप्ता, पुत्र देवी सरण गुप्ता (ऋणधाकरों) तथा श्री कमल, पुत्र भवगती प्रसाद (गारन्टरों) से आगे के ब्याज तथा उस पर अन्य चार्जेज के साथ 10.8.2018 को केन फिन होम्स लि. के बकाए रु. 16,74,863/- (रुपए सोलह लाख चौहत्तर हजार आठ सौ तिड़ेसठ मात्र) की वसूली के लिए 24.09.2019 को "जैसा है जहां है" तथा "जो भी जैसा है" तथा "जो कुछ भी वहां है" आधार पर बिक्री की जाएगी। आरक्षित मूल्य रु. 19,00,000/- (रुपए उन्नीस लाख मात्र) तथा धरोहर राशि भुगतान रु. 1,90,000/- (एक लाख नब्बे हजार मात्र) होगी।

**सम्पत्ति की अनुसूची**

फ्लैट नं. एसएफ 4, दूसरा तल, रीअर साइड-एमआईजी (छत के अधिकार के साथ), प्लॉट नं. सी-198, एसएलएफ वेद विहार, जिला गाजियाबाद, उ.प्र., पिन-201102 में स्थित फ्लैट, बिस्तार 500 वर्ग फीट (46.45 वर्ग मी.)
पूर्वः अन्य भूमि, पश्चिमः 9 मी. चौड़ी रोड, उत्तरः प्लॉट नं. सी-199, दक्षिणः प्लॉट नं. सी-197

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें केन फिन होम्स लि. की आधिकारिक वेबसाईट (www.canfinhomes.com) पर दी गई है। कृपया अधोलिखित लिंक https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx देखें।

तिथि: 19.8.19
स्थान: नई दिल्ली
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.

**बिक्री उद्घोषणा**
**कार्यालयः रिकवरी अधिकारी-I, ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली**
4था तल, जीवनतारा भवन, पार्लियामेंट स्ट्रीट, पटेल चौक, नई दिल्ली-110001

आर.सी. नं. 244/2018 तिथि: 30.5.2019

**बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाए ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के अंतर्गत बिक्री उद्घोषणा**

**पंजाब नेशनल बैंक** ......आवेदक **बनाम** **मै. गणेश ट्रेडिंग कम्पनी एवं अन्य** ......प्रतिवादीगण

**सेवा में,**
**सीडी नं. 1. मै. गणेश ट्रेडिंग क.**, सी-180, हरि नगर, नई दिल्ली-110064 द्वारा उसके प्रॉप्राईटर श्री हरमिन्दर गांधी
**सीडी नं. 2. श्री हरमिन्दर गांधी**, प्रॉप्राईटर मै. गणेश ट्रेडिंग क., सी-180, हरि नगर, नई दिल्ली-110064
**सीडी नं. 3. श्री उजागर सिंह**, पुत्र श्री खुसिया सिंह, एच-37, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली
**सीडी नं. 4. श्री रियाजुल हसन**, पुत्र मुफीदुल हसन, फ्लैट नं. 1, हरसुख अपार्टमेन्ट्स, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली

**सूचना**

जैसा कि आप पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, दिल्ली द्वारा जारी ओ.ए.नं. 414/2013/डीआरटी-III, दिल्ली में रिकवरी प्रमाणपत्र के अनुसार आपके द्वारा देय रु. 31.5.2013 से लागत, खर्चे तथा 12% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज के साथ रु. 3,62,65,700/- (रुपये तीन करोड़ बासठ लाख पैंसठ हजार सात सौ मात्र) तथा रिकवरी प्रमाणपत्र के अनुसार देय ब्याज एवं लागतों का भुगतान करने में विफल रहे हैं।
2. तथा जैसा कि अधोहस्तक्षरी ने उक्त प्रमाण पत्र की संतुष्टि के लिए नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।
3. तथा जैसा कि उस पर लागतों तथा ब्याज को छोड़कर रु. 3,62,65,700/- (रुपये तीन करोड़ बासठ लाख पैंसठ हजार सात सौ मात्र) की राशि बकाया है। गुजरात कॉलेज के निकट, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006 गुजरात (भारत) टेलीः +91 07940016800, फैक्सः +91 7940016876
4. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में 03.10.2019 को 3.00 बजे अप. से 4 बजे के बीच (यदि जरूरी हो, समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में बोली के मामले में स्वतः विस्तार उपबंध के साथ ई-नीलामी द्वारा उक्त संपत्ति की बिक्री की जाएगी तथा यह बोली "ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बोली" के माध्यम से मै. ई-प्रॉक्योर्मेन्ट टेक्नोलॉजीज लि. (एबीसी प्रॉक्योर), ए-201/208, वाल स्ट्रीट-II, ओरिएण्ट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के निकट, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006 गुजरात (भारत) टेलीः +91 07940016800, फैक्सः +91 7940016876 सम्पर्क श्री नितीश झा, मोबाईल नं. 7982880393, ईमेलः delhi@auctiontiger.net के द्वारा की जायेगी।
5. किसी भी प्रकार की पूछताछ तथा सम्पत्ति के निरीक्षण के लिये इच्छुक बोलीदाता डीआरटी-III, दिल्ली (पवन कुमार, सहायक) से सम्पर्क कर सकते हैं।
6. यह बिक्री नीचे तालिका में नामित उपरोक्त प्रतिवादियों की संपत्ति की होगी तथा उक्त संपत्ति से जुड़ी देयताएं एवं दावे, जो अब तक सुनिश्चित हैं, वे प्रत्येक लॉट के समक्ष अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।
7. संपत्ति को अनुसूची में निर्दिष्ट लॉट में बिक्री पर रखा जाएगा। यदि वसूल की जाने वाली राशि संपत्ति के भाग की बिक्री से पूरी हो जाती है तो शेष के मामले में तुरंत बिक्री रोक दी जाएगी। यदि बिक्री संचालक अधिकारी के पास अनुसूची में वर्णित बकाए; ब्याज लागत (बिक्री लागत सहित) जमा कर दी जाती है अथवा उक्त प्रमाणपत्र की राशि, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी के पास जमा कर दिए होने का उनकी संतुष्टि के लिए प्रमाण जमा कर दिया जाता है तो किसी भी लॉट की नीलामी से पूर्व बिक्री तत्काल रोक दी जाएगी।
8. ऐसे किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति बिक्री के सिलसिले में कोई कर्त्तव्य निर्वहन का दायित्व हो, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बेची जा रही संपत्ति को अर्जित करने के लिए बोली लगाने या कोई हित अर्जित करने के लिए प्रयास करने में अक्षम होंगे। यह बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्दिष्ट शर्तों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों तथा आगे की निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
9. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत की गई है, लेकिन, इस उद्घोषणा में किसी गलती, त्रुटि अथवा खामी के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे।
10. आरक्षित मूल्य जिससे कम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी रु. 71,92,800/- (रुपये इकहत्तर लाख बानवे आठ सौ हजार मात्र) है।
11. वह राशि जिसके द्वारा बोली बढ़ाई जाएगी रु. 1,00,000/- (रुपए एक लाख मात्र) है। यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो लॉट को फिर से बिक्री पर लगाया जाएगा।
12. उच्चतम बोलीदाता को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा। यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त होता है तथा ऐसा करना व्यवहारिक नहीं होता है तो अधोहस्ताक्षरी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को स्वीकार/ अस्वीकार कर सकते हैं।
13. रु. 7,19,280/- (रुपये सात लाख उन्नीस हजार दो सौ अस्सी मात्र) ईएमडी का भुगतान 01.01.2019 तक रिकवरी अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली के पक्ष में देय डीडी/ पे आर्डर द्वारा रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III दिल्ली के पास किया जायेगा। उसके बाद जमा की गई ईएमडी पर ई-नीलामी में भागीदारी के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
14. बोली आवेदन के साथ पैन कार्ड की प्रति, निवास के प्रमाण तथा पहचान के प्रमाण, ई-मेल आईडी, मोबाईल नं. तथा यदि वे अपनी ओर से या अपने प्रधान की ओर से बोली कर रहे हों तो उद्घोषणा जमा किया जायेगा। बाद में मामले में उन्हें उसका प्राधिकार जमा करना होगा अन्यथा बोली निरस्त कर दी जायेगी तथा कंपनी के मामले में कंपनी के बोर्ड के सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कंपनी की प्रतिनिधित्व/अटार्नी की पुष्टि करने वाले अन्य कोई दस्तावेज तथा उस जमा की रसीद/ काउंटर फाइल सेवा प्रदाता अथवा सीएच बैंक के पास ई-मेल या अन्य रूप से उक्त तिथि तक पहुंच जाए तथा उसकी हार्ड कॉपी, **रिकवरी अधिकारी II, डीआरटी-III, दिल्ली** के पास जमा की जायेगी।
15. सफल बोलीदाता को अगले बैंक कार्य दिवस के 3.00 बजे अप. तक उक्त खाता में ईएमडी समायोजित करने के बाद ऊपर वर्णित विवरणों के अनुसार अपनी अंतिम बोली राशि के 25% का भुगतान करना होगा।
16. सफल उच्चतम बोलीदाता को संपत्ति की बिक्री की तिथि से 15वें दिन या उससे पूर्व तथा यदि 15वां दिन अवकाश या रविवार होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम बैंक कार्य दिवस में ऊपर पैरा 4 में वर्णित निर्धारित प्रक्रिया में अंतिम बोली राशि के शेष 75% का भुगतान करना होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त क्रेता को रु. 1000/- तक 2% की दर से तथा रु. 1000/- की उक्त राशि के अधिक पर 1% की दर से रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, दिल्ली के पक्ष में डीडी के माध्यम से रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III, दिल्ली के पास पाउंडेज शुल्क का भी भुगतान करना होगा।
17. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक करने पर बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद संपत्ति की फिर से बिक्री की जाएगी। बिक्री के खर्चे को डेफ्रे करने के बाद यदि अधोहस्ताक्षरी उपयुक्त समझते हैं तो जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी तथा चूक करने वाले क्रेता उस संपत्ति अथवा उस राशि जिसके लिए बाद में उसकी बिक्री की जाएगी के प्रति अपने सभी दावे से वंचित हो जाएंगे।
18. असफल बोलीदाता को निर्देश दिया जाता है कि तदनुसार आरसी की सुनवाई की अनुसूचित/परवर्ती तिथि को या उससे पूर्व डीआरटी-III के रजिस्ट्री में पहचान के प्रमाण के साथ एक आवेदन दाखिल करें जो तदनुसार, आरसी की सुनवाई की अनुसूचित/परवर्ती तिथि को वापस लौटाई जायेगी।
19. सीएच बैंक को निर्देश दिया जाता है कि यहां दिये गए विवरणों की सत्यता को प्रमाणित तथा जाँच करें।
20. संपत्ति की बिक्री **'जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है'** आधार पर की जा रही है।
21. अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी बोली को स्वीकार करने अथवा अनुपयुक्त पाते हैं तो अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार प्राप्त है। अंतिम सुनवाई के लिये माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष एक अपील लम्बित है।

| लॉट नं. | सह-ऋणधारकों जहाँ सम्पत्ति चूककर्ता का है तथा सह-स्वामी के रूप में किसी अन्य व्यक्ति के नाम के साथ बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | संपत्ति या उसके किसी भाग पर गणना की गई राजस्व | ऐसा किसी अधिभारों का विवरण जो संपत्ति पर देय है | दावे, यदि कोई हो, जिसे संपत्ति पर रखा गया हो तथा उस प्रकृति एवं मूल्य के अन्य कोई ज्ञात विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | सम्पत्ति सं. सी-81, भूमि माप 150 वर्ग यार्ड्स, खसरा नं. 452/28 का भाग जो खजान बस्ती, नई दिल्ली में स्थित है। | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |

मेरे हाथ से तथा मुहर लगाकर 9 अगस्त, 2019 को दी गई।

(विकास जेटली)
रिकवरी अधिकारी-II

# संकट और सवाल

अभी महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और केरल की भयावह बाढ़ का पानी उतरा भी नहीं है कि पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गए हैं। हिमाचल में बारिश और इससे हुए हादसों में बाईस लोग मारे जा चुके हैं, जबकि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में बादल फटने से बीस से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। पिछले कुछ सालों से पहाड़ी इलाकों में बारिश का मौसम बड़ा कहर बन कर टूटता रहा है और जानमाल का भारी नुकसान देखने को मिला है। पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से सबसे ज्यादा खतरा जमीन धंसने और पहाड़ों के टूट-टूट कर गिरने का होता है। समस्या तब और विकराल रूप धारण कर लेती है जब दूरदराज के इलाकों में इस तरह की आपदाओं में लोग फंस जाते हैं और उन तक राहत नहीं पहुंच पाती है। बड़ी-बड़ी चट्टानें रास्तों को अवरुद्ध कर देती हैं। कच्चे-पक्के घर तक चट्टानों के नीचे दब जाते हैं। पहाड़ों का जीवन यों भी मुश्किलों भरा होता है, ऐसे में बारिश, बाढ़, भूस्खलन जैसे कुदरती संकट जिंदगी को और कठिन बना देते हैं।

हिमाचल और उत्तराखंड दोनों ही राज्यों की भौगोलिक स्थिति भी कम जोखिम भरी नहीं है। कहा जा रहा है कि इस बार हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और इसके आसपास जितनी बरसात हुई है, उतनी सत्तर साल में कभी नहीं हुई। यानी रिकार्ड तोड़ बारिश हुई और आने वाले दिनों में भी ऐसी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग को इतनी ज्यादा बारिश का अनुमान पहले नहीं रहा होगा, वरना चेतावनी जारी होती और प्रशासन समय रहते बचाव के उपाय करता। बारिश और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में सड़कें और पुल पानी में बह गए हैं और रास्ते बंद हो गए हैं। शिमला शहर में ही कई जगहों पर जमीन धंसने की घटनाएं हुईं जिनमें बड़ी संख्या में वाहन दब गए। दूरदराज के इलाकों में लोग जान जोखिम में डालते हुए अपने स्तर पर ही बचाव के तरीके अपनाते हैं। लेकिन कई बार इसी में जान भी चली जाती है। नदी-नालों का तेज बहाव लोगों को भी बहा ले जाता है। पहाड़ी इलाकों में सबसे बड़ी समस्या यही होती है कि रास्ते बंद हो जाने से ज्यादातर हिस्सों का एक दूसरे से संपर्क टूट जाता है और किसी अनहोनी की खबर तक नहीं मिल पाती।

पहाड़ी इलाकों में इस तरह की प्राकृतिक आपदाएं अब ज्यादा गंभीर रूप इसलिए भी लेने लगी हैं कि लोगों ने प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। औसत से ज्यादा बारिश होने को लेकर एक मोटी धारणा यह बनी है कि यह जलवायु संकट यानी धरती के बढ़ते तापमान का दुष्परिणाम है और इसी वजह से हिमालयी क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन भी इससे अछूते नहीं हैं। ऐसे में भारी बारिश या हिमपात से कोई नहीं बचा सकता। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य पर्यटन के बड़े ठिकाने हैं। पहाड़ों पर बहुमंजिला इमारतें, होटल जिस कदर छा रहे हैं, वह चिंताजनक है। इनमें से ज्यादातर निर्माण अवैध होते हैं। बारिश के बाद भूस्खलन जैसी घटनाएं पहाड़ों पर बढ़ते ऐसे ही दबाव का नतीजा हैं। जंगलों के दोहन ने बाढ़ जैसी समस्याओं को न्योता दिया है। सरकार और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती यह है कि अब प्राकृतिक आपदाएं जिस तरह से आती हैं और संकट खड़े करती हैं उनसे बचाव के नए तरीके खोजें। पिछली घटनाओं से सबक लें, ताकि जानमाल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। लोगों को बचाना है तो इसके लिए पहले पहाड़ों को बचाना होगा।

# आतंक का सिलसिला

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक विवाह समारोह के दौरान आत्मघाती बम विस्फोट में तिरसठ लोगों के मारे जाने और करीब दो सौ लोगों के बुरी तरह घायल होने के बाद एक बार फिर यह सवाल उठा है कि वहां जिस शांति प्रक्रिया की कवायदें चलने की बातें की जा रही हैं, उनका हासिल क्या है! एक शादी और उसमें शामिल होने के लिए आए आम लोगों के लिए यह थोड़ा खुश होने का मौका था, लेकिन इस आतंकी हमले ने एक समारोह को मातम का आयोजन बना दिया। सवाल है कि अगर आतंकवादी संगठनों का कोई राजनीतिक मकसद है तो उसमें स्थानीय आबादी के लिए क्या जगह है? व्यापक पैमाने पर इस तरह की तबाही मचा कर वे लोगों के बीच अपने बारे में क्या संदेश छोड़ना चाहते हैं? ऐसी घटनाओं से साफ है कि इन आतंकी हमलों का मकसद सिर्फ आम लोगों की हत्या करना या उनकी जिंदगी को त्रासद बनाना है। अगर खौफ पैदा करके ये संगठन अपना दबदबा कायम करना चाहते हैं तो उसकी बुनियाद कैसी होगी!

दरअसल, अफगानिस्तान में अल कायदा और तालिबान के आतंक से उपजी समस्या लंबे समय से लगातार बनी हुई है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ अफगानिस्तान सरकार ने इन हमलों पर काबू पाने या रोकने की जितनी भी कोशिशें की हैं, वे आमतौर पर नाकाम हुई हैं। सही है कि अफगानिस्तान आज अगर आतंकवाद की मार से तबाह है तो उसमें तालिबान का रवैया सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। लेकिन हाल के वर्षों में आइएसआइएस ने भी वहां अपने पांव फैलाए हैं। यों कहीं भी कोई बड़ी आतंकवादी घटना होती है और उसमें ज्यादा लोग मारे जाते हैं तो उस इलाके में काम करने वाले आतंकी संगठनों के बीच इसका श्रेय लेने की होड़ मच जाती है। लेकिन काबुल में हुए ताजा आतंकी हमले की निंदा करते हुए तालिबान की ओर से यह बयान आया कि इसमें उसका कोई हाथ नहीं है तो घटना के बाद आइएस ने इसकी जिम्मेदारी लेने में कोई कोताही नहीं की। दूसरी ओर, हाल ही में काबुल में ही एक बम धमाके में चौदह लोगों की मौत हो गई और डेढ़ सौ लोग घायल हो गए थे और उस हमले की जिम्मेदारी तालिबान ने ली थी।

ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान में मौजूद आतंकवादी संगठनों के बीच वर्चस्व के लिए कोई होड़ चल रही है, जिसके शिकार आम लोग हो रहे हैं। लेकिन इस आतंक से निपटने की रणनीति में वह कौन-सी कमी है जिसकी वजह से ऐसे संगठनों के आतंक पर लगाम नहीं लग पा रही है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि दुनिया भर में आइएसआइएस या तालिबान जैसे कोई भी संगठन, जो मजहबी आधार पर खुद को किसी खास समुदाय का चेहरा बताते हैं, उन्हें किसी धार्मिक त्योहार या सामाजिक समारोह में भी बड़े पैमाने पर आम लोगों की हत्या करने में संकोच नहीं होता। सच यह है कि नफरत या खौफ की राजनीति और निर्दोष लोगों की हत्या कर फैलाए गए आतंक के सहारे अपना प्रभाव बढ़ाने वाले किसी भी संगठन की नजर में वास्तव में धर्म की कोई अहमियत नहीं होती। विडंबना यह है कि ये हमले ऐसे हालात में हो रहे हैं जब तालिबान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता चल रही है, जिसका घोषित मकसद ही बीते दो दशक से जारी हिंसा और आतंकवाद को खत्म करना है। सवाल है कि जब दोनों पक्षों की ओर से बातचीत में सकारात्मक प्रगति का संकेत दिया जा रहा है, तो ऐसे समय में इन आतंकी हमलों और उनमें भारी तादाद में मासूम लोगों की हत्या के पीछे क्या वजहें हो सकती हैं?

## कल्पमेधा

**बिना निराश हुए ही हार को सह लेना पृथ्वी पर साहस की सबसे बड़ी परीक्षा है।**

**-आरजी इंगरसोल**

# अक्षय ऊर्जा : विकल्प और चुनौतियां

योगेश कुमार गोयल

**भारत में अपार मात्रा में जैवीय पदार्थ, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोगैस व लघु पनबिजली उत्पादक स्रोत हैं लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले उपकरणों का निर्माण देश में नहीं के बराबर होता है। अभी तक ऐसे अधिकांश उपकरण आयात किए जाते हैं। विगत तीन वर्षों में सौर ऊर्जा के लिए ही करीब नब्बे फीसद उपकरण आयात किए गए। इससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ जाती है, जिसका सीधा-सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।**

ऊर्जा आज पूरी दुनिया में आधुनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। ऊर्जा के बिना आधुनिक सभ्यता की कल्पना ही नहीं की जा सकती, क्योंकि इसी से विकास के नए-नए रास्ते निकलते हैं। हमारा समस्त जीवन अब इसी ऊर्जा पर निर्भर है। पृथ्वी पर ऊर्जा के परंपरागत साधन बहुत ही सीमित रह गए हैं। ऐसे में यह खतरा मंडरा रहा है कि अगर ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परंपरागत स्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी और ऊर्जा के बिना आधुनिक सभ्यता के अस्तित्व पर ही बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न लग जाएगा। आधुनिकता की ओर तेजी से बढ़ती दुनिया के लिए ऊर्जा के इन स्रोतों और संसाधनों का उपयोग करना जरूरी भी है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर आने वाले समय में परंपरागत ऊर्जा के स्रोत समाप्त हो गए तो हम क्या करेंगे? आने वाले वक्त की इसी समस्या के मद्देनजर अब ऊर्जा के ऐसे गैर परंपरागत स्रोतों की खोज करना बेहद जरूरी हो गया है जिनका क्षय भी न हो और वे प्रदूषणकारक भी न हों।

ऊर्जा का पर्यावरण से सीधा संबंध है। कोयला, गैस, पेट्रोलियम इत्यादि ऊर्जा के परंपरागत साधन सीमित मात्रा में होने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी बहुत हानिकारक साबित हो रहे हैं। अक्षय ऊर्जा, जिसे 'नवीकरणीय ऊर्जा' के नाम से भी जाना जाता है, वास्तव में ऐसी ऊर्जा है जिसके स्रोत सूर्य, जल, पवन, ज्वार-भाटा, भू-ताप आदि हैं और ये स्रोत प्रदूषणकारक नहीं होते। इनका कभी क्षय भी नहीं होता। प्रकृति प्रदत्त सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल-विद्युत ऊर्जा, ज्वार-भाटे से प्राप्त ऊर्जा, बायोमास, जैव ईंधन इत्यादि अक्षय ऊर्जा के महत्त्वपूर्ण उदाहरण हैं। हमारे पास अक्षय ऊर्जा के इन विविध स्रोतों का अपार भंडार है और किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए इन प्रदूषणरहित स्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। यही कारण है कि भारत सरकार ने वर्ष 2004 में अक्षय ऊर्जा के विकास को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के उद्देश्य से अक्षय ऊर्जा दिवस की शुरुआत की थी। आज देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर तेजी से बढ़ रहा है। राष्ट्रीय पावर पोर्टल के अनुसार वर्तमान में देश में साढ़े तीन लाख मेगावाट से भी अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है लेकिन यह भी हमारी कुल मांग से करीब ढाई फीसद कम है। अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने से हमारी ऊर्जा की मांग एवं आपूर्ति के बीच का अंतर भी खत्म हो जाएगा और इससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक जीवन स्तर में भी सुधार होगा।



अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाइयां हैं जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीभरा काम है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारत में अपार मात्रा में जैवीय पदार्थ, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोगैस व लघु पनबिजली उत्पादक स्रोत हैं लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले उपकरणों का निर्माण देश में नहीं के बराबर होता है। अभी तक ऐसे अधिकांश उपकरण आयात किए जाते हैं। विगत तीन वर्षों में सौर ऊर्जा के लिए ही करीब नब्बे फीसद उपकरण आयात किए गए। इससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ जाती है, जिसका सीधा-सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। इसलिए बेहद जरूरी है कि देश के भीतर ही इन उपकरणों के निर्माण के लिए अपेक्षित कदम उठाए जाएं।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित बीसवीं ऊर्जा सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2011-12 से 2016-17 के बीच प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत 3.54 फीसद बढ़ गई है। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2005-06 से 2018-19 के दौरान प्रति व्यक्ति बिजली उपभोग में करीब दो गुना वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की अप्रैल 2019 की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 1181 किलोवाट बिजली का उपभोग किया जाता है। इसका एक अहम कारण देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या भी है। विशेषकर बिजली और ईंधन के रूप में उपभोग की जा रही ऊर्जा की मांग घरेलू व कृषि क्षेत्र के अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में भी लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में ही बिजली और पेट्रोलियम जैसे ऊर्जा के महत्त्वपूर्ण स्रोतों का करीब 58 फीसद उपभोग किया जाता है। इसके अलावा कृषि क्षेत्र और घरेलू कार्यों में भी ऊर्जा की मांग और खपत पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ी है।

हम जिस बिजली से अपने घरों, दुकानों या दफ्तरों को रोशन करते हैं, जिस बिजली या पेट्रोलियम इत्यादि ऊर्जा के अन्य स्रोतों का इस्तेमाल कर खेती-बाड़ी या उद्योग-धंधों के जरिए देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया जाता है, क्या हमने कभी सोचा है कि वह बिजली या ऊर्जा के अन्य स्रोत हमें कितनी बड़ी कीमत पर हासिल होते हैं? यह कीमत न सिर्फ आर्थिक बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी धरती पर विद्यमान हर प्राणी पर बहुत भारी पड़ती है। भारत में थर्मल पावर स्टेशनों में बिजली पैदा करने के लिए कोयला, सौर ताप, नाभिकीय ताप, कचरे और बायो ईंधन का उपयोग किया जाता है। लेकिन अधिकांश बिजली कोयले के इस्तेमाल से ही पैदा होती है। ताप बिजली घरों में भाप पैदा करने के लिए कोयला जलाने से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है क्योंकि इस प्रक्रिया में निकलने वाली हानिकारक गैसें हवा में मिल कर पर्यावरण को बुरी तरह प्रदूषित करती हैं, साथ ही कोयला या अपशिष्ट जलाने के बाद बचने वाले अवशेषों के निबटारे की भी बड़ी चुनौती बनी रहती है। सार्वजनिक क्षेत्र के सवा सौ से भी अधिक थर्मल पावर स्टेशनों में प्रतिदिन करीब 18.17 लाख टन कोयले की खपत होती है। अमेरिका के वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के एक शोध के अनुसार वर्ष 2005 से 2013 के बीच भारत में 25.54 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ और उस दौरान उसमें प्रतिवर्ष साढ़े पांच फीसद की वृद्धि भी होती रही। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2005 से 2013 के बीच कुल कार्बन उत्सर्जन में 68 फीसद की प्रमुख वजह ऊर्जा क्षेत्र ही रहा। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह है कि ऊर्जा क्षेत्र में सतहत्तर फीसद कार्बन उत्सर्जन बिजली उत्पादन से ही होता है। इन्हीं पर्यावरणीय खतरों को देखते हुए बिजली पैदा करने के लिए दुनियाभर में अब सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के अन्य स्रोतों को विशेष महत्त्व दिया जाने लगा है।

आईसलैंड आज दुनिया का एकमात्र ऐसा देश बन चुका है जहां अक्षय ऊर्जा से ही सौ फीसद बिजली पैदा की जा रही है। इसके अलावा स्वीडन, जर्मनी, ब्रिटेन, कोस्टारिका, निकरागुआ, उरुग्वे इत्यादि देश भी आगामी दो वर्षों के भीतर अक्षय ऊर्जा से ही सौ फीसद बिजली उत्पादन के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यूरोपीय संघ और अमेरिका भी कोयले से बिजली बनाने वाले अधिकांश बिजली संयंत्रों को बंद करने का फैसला कर चुके हैं। ब्रिटेन में कोयले से चलने वाले जो गिने-चुने बिजलीघर बचे हैं और उन्हें भी 2025 तक बंद कर दिए जाने की उम्मीद है।

भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां अक्षय ऊर्जा के विकास के लिए अलग मंत्रालय गठित है और 'राष्ट्रीय पवन-सौर स्वच्छता नीति-2018' के अनुसार पवन-सौर ऊर्जा उत्पादन के वर्तमान लक्ष्य अस्सी गीगावाट को वर्ष 2022 तक दोगुने से भी ज्यादा यानी दो सौ पच्चीस गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है। आज समय है आर्थिक बदहाली और भारी पर्यावरणीय विनाश की कीमत पर ताप, जल व परमाणु ऊर्जा जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के बजाय अपेक्षया बेहद सस्ते और कार्बन रहित पर्यावरण हितैषी ऊर्जा स्रोतों के व्यापक स्तर पर विकास के लिए तेजी से काम हो लेकिन साथ ही हमें ऊर्जा की बचत की आदतें भी अपनानी होंगी।

# संवेदना की कीमत

सन्नी कुमार

**दुनिया मेरे आगे**

हम अक्सर देखते हैं कि कहीं कोई दुर्घटना होती है तो तत्काल हस्तक्षेप करने वालों से अधिक संख्या उन लोगों की होती है जो उसकी तस्वीर ले रहे होते हैं या फिर वीडियो बनाते हैं। कई बार ऐसा करने वालों में हम खुद भी होते हैं। ऐसे काम हमें फौरी तौर पर तो अचरज में डालते हैं, पर धीरे-धीरे इसके प्रति सहजता बढ़ती जा रही है, गोया यह कोई 'सामान्य' बात हो। दरअसल, इस प्रवृत्ति के निर्माण में तकनीकी विकास का भी योगदान है, जिसने एक अलग दुनिया रच दी है। अब हम सब वास्तविक और कृत्रिम, दोनों दुनिया में एक साथ जी रहे होते हैं और इसलिए दोनों ही जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से घटनाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। यह प्रतिक्रिया अलग-अलग दुनिया के लिए अलग होती है।

तकनीक इतने दबे पांव हमारे जीवन में हस्तक्षेप करती है कि हम आसानी से एक आदत के रूप में उसे स्वीकार कर लेते हैं। इसी तकनीकी विकास से मोबाइल क्रांति आई और हर मोबाइल में कैमरा और इंटरनेट की सुविधा के होने ने एक तरफ फेसबुक और ट्विटर जैसी आभासी दुनिया रची तो दूसरी ओर कैमरे से तस्वीर लेकर या वीडियो बना कर उस दुनिया में हस्तक्षेप करने का अवसर दिया। हर व्यक्ति का यह सहज स्वभाव होता है कि वह सामाजिक घटनाओं के प्रति सक्रिय होना चाहता है और अपने तरीके से प्रतिक्रिया व्यक्त करता है।

मानव समुदाय के लिए यह बहुत बुनियादी परिघटना है, क्योंकि इसी विधि से मनुष्य अपने सामाजिक होने की वैधता को पुष्ट कर पाता है। इसलिए जब वह ऐसा नहीं कर पाता है तो एक अपराधबोध का अनुभव करता है कि इस सामाजिक घटना में वह खुद को शामिल नहीं कर पाया। तकनीकी विकास ने उसे इस भाव से निकलने का रास्ता उपलब्ध करा दिया। दरअसल, तस्वीर लेने या वीडियो बनाने जैसी बात उसे इस अपराधबोध से काफी हद तक तटस्थ बना देती है, क्योंकि उस घटना को कैमरे में कैद करना और उसे आभासी दुनिया में पहुंचा देना उसे इस बात का दिलासा देता है कि वह सामाजिक घटनाओं से अनछुआ नहीं है। उसे यह संतोष हो जाता है कि इस घटना में वह एक सजग नागरिक के रूप में जो कुछ कर सकता था, उसने कर दिया।

अपनी सामाजिक भूमिका का निर्वाह कर देने की यही मानसिक संतुष्टि उसे प्रत्यक्ष जीवन में हस्तक्षेप की बजाय आभासी दुनिया में हस्तक्षेप के लिए प्रेरित करती है। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह हस्तक्षेप न्यूनतम जोखिम के साथ संपन्न हो जाता है, इसलिए भीरू किस्म के नागरिक समाज में यह प्रवृत्ति और सघन हो जाती है। या फिर जिस समाज में हस्तक्षेप अधिक जोखिम का काम है, वहां ऐसी प्रवृत्ति अधिक देखी जाती है। इस प्रकार, एक ही व्यक्ति एक साथ दो जीवन जी रहा होता है और वह दोनों को इस प्रकार अंतर्संबद्ध किए रहता है कि खास किस्म का संतुलन बना रहे।

तकनीकी विकास ने सिर्फ मनुष्य के सामाजिक प्रतिरूप को ही प्रभावित नहीं किया है, बल्कि मानव जीवन की एकदम बुनियादी संरचना को भी आमूल-चूल ढंग से परिवर्तित किया है। दरअसल, आभासी दुनिया के निर्माण के बाद मानव जीवन में एक और जो बड़ा परिवर्तन आया, वह है स्मृतियों का डिजिटल रूपांतरण। हम मूर्त रूप में जिस इंसानी जीवन को देख रहे होते हैं, वह स्मृतियों से संचालित होता है। अपनी इंद्रियों के माध्यम से मानव समुदाय भौतिक जीवन का जो भी अनुभव महसूस करता है, उसका अमूर्त संकेंद्रण स्मृतियों के रूप में होता रहता है और यही व्यक्तित्व के एक बड़े हिस्से का निर्माण करती हैं।

इस तरह हम जिस संवेदना से किसी चीज का अनुभव करते हैं, वैसी ही स्मृति हमारे अंतस में स्थायी हो जाती है। स्मृति निर्माण में संवेदना सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व है और यही सबसे मानवीय चीज भी है। तकनीकी विकास ने इसी मूल विशेषता को सबसे अधिक चोट पहुंचाई। यह ठीक विपरीत आभासी दुनिया है, जहां स्मृतियां अनुभूतियों के सहारे नहीं सहेजी जा रहीं, बल्कि संवेदनशून्य घटनाओं को कैद भर किया जा रहा है। घटना को कैमरे से कैद कर लेना स्मृति को मानवीय अंतस से सिलिकन चिप में प्रतिस्थापित कर देना है। प्रतिस्थापन का यह क्षण संवेदना-शून्य होता है।

यही वजह है कि हम ऐसी विद्रूप तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर देख पा रहे होते हैं, जब किसी शव या जलती चिता के साथ सेल्फी ली गई हो और ऐसी विचित्रताओं से भी अवगत हो रहे होते हैं जब नितांत निजी पलों को भी स्थायी मानवीय स्मृतियों में संजोने के बजाय उसे 'डिजिटल स्मृति' में बदलने की अधीरता की जा रही होती है। इन सबके मूल में एक ही बात है कि हम वास्तविक दुनिया के साथ-साथ डिजिटल दुनिया में भी बने रहना चाहते हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है, क्योंकि इसने मानवता के मूल मर्म पर चोट पहुंचाई है। तकनीकी विकास जरूरी है, पर अगर यह मानवीय संवेदना की कीमत पर हो तो इस पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## दावे और हकीकत

पिता रोजाना 'आईटी सेल' के आका के निर्देश पर दुनिया की सबसे तेज रफ्तार अर्थव्यवस्था, मुद्रा योजना से करोड़ों युवाओं को कारोबार मिलने, मेक इन इंडिया से रोजगार मिलने के प्रेरणादायी 'पोस्ट' करते ही रह गए और कंप्यूटर इंजीनियर बेटा साथियों की लगातार हो रही छंटनी से घबरा कर दुनिया को अलविदा कह गया। झारखंड के जमशेदपुर के बाराडीह मंडल भाजपा आईटी सेल के सह संयोजक कुमार विश्वजीत के इकलौते बेटे कुमार आशीष की मौत के पीछे यही कहानी वहां के अखबारों में भी आई है और सोशल मीडिया पर भी चल रही है। यह हैरान करने वाली बात है क्योंकि रोटी, रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर तो हमने अरसे से किसी को बोलते-सुनते नहीं देखा। वैसे भी जब हिंदू-मुसलमान, इमरान-पाकिस्तान, आजम-ओवैसी-टीपू के अलावा नेहरू-सोनिया-राहुल-प्रियंका का सदाबहार राष्ट्रीय मुद्दा हो तो फिर रोजगार, कारोबार जैसे घिसे-पिटे-सड़ेले विषय पर कोई क्यों बोले और सुने!

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में बीस हजार नौकरियां जा चुकी हैं, दस लाख पर तलवार लटकी है। गाड़ियों पर छूट और 'ऑफर्स' की भरमार है, लेकिन ढूंढ़े से नहीं मिल रहा खरीदार है, लिहाजा ठप सारा कारोबार है। रियल एस्टेट सेक्टर तो खैर चार साल से बीमार है, असंगठित क्षेत्र के लाखों सरिया, शटरिंग, ईंट-भट्ठा-चिमनी मजदूर लाचार हैं। आप नोएडा सेक्टर 62 के लेबर चौक पर दिहाड़ी के लिए दोपहर तक इंतजार करते और फिर खाली हाथ वापस घर जाते लोगों को किसी भी दिन देख सकते हैं। कमाई घटी है तो भरपाई के लिए छंटनी निकट भविष्य में तय ही मानिए। अब आप भले कितना ही नारा लगा लें कि गो लोकल, यानी स्थानीय कारोबार को बढ़ावा दें, लेकिन यह घड़ी की सुइयां उल्टी घुमाने जैसा है कि दो दशक गो ग्लोबल और अब गो लोकल! वैश्विक अर्थव्यवस्था डांवाडोल हो रही है तो असर ग्लोबल भी दिख रहा है और लोकल भी दिखना ही है!

रोजगार को लेकर हर सरकार, मौजूदा सरकार भी वादा निभाने में नाकाम रही, भले ही यह बात किसी को चुभे, लेकिन यह सच है। दो करोड़ रोजगार सालाना भी एक चुनावी वादा था, भले ही अब समर्थक दलील दें कि इस वादे से पहले तो सब कलेक्टर थे, लेकिन हमें नहीं लगता कि पूरा कार्यकाल मिला कर भी दो करोड़ नौकरियां मुहैया कराई गई होंगी। निजी क्षेत्र में सत्ता की करीब दो-चार कंपनियों को छोड़ दें तो ज्यादातर खस्ताहाल हैं, सबने मुट्ठी बंद कर रखी है, जबकि सूचकांक-शेयर बाजार सकारात्मक रुझान भी दिखाते रहे हैं। यह विरोधाभास क्यों है?

● *मो ताबिश, जामिया मिल्लिया, नई दिल्ली*

## बाढ़ में सेल्फी

इन दिनों देश के अनेक भागों में भारी वर्षा के कारण बाढ़ आई हुई है या नदी-नाले उफान पर हैं। इन नदी-नालों या बाढ़ के पानी का उफान देखने वालों का हुजूम लग जाता है। वहां पर सेल्फी लेते या लापरवाही से मौज-मस्ती करते हुए हादसों में कई लोग मौत के मुंह में समा गए। उफनते हुए नदी-नालों के किनारे सेल्फी लेने या हंसी मजाक करने के कोई सुरक्षित स्थान नहीं हैं। यह लापरवाही पूरे परिवार के लिए महंगी साबित होती है। ऐसी घटनाओं से सबक लेने की जरूरत है।

● *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, उज्जैन*

## नापाक मंसूबे

तिहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस पर जहां हमारे प्रधानमंत्री ने धारा 370 और 35-ए, तीन तलाक, बढ़ती जनसंख्या की समस्या, आतंकवाद और प्लास्टिक का उपयोग कम करने पर अपने विचार व्यक्त किए वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का स्वतंत्रता समारोह का भाषण कश्मीर, भारत, पुलवामा और बालाकोट पर केंद्रित रहा। गौरतलब है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जर्जर स्थिति में होने के बावजूद इस संबंध में इमरान खान ने जिक्र तक नहीं किया। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के भाषणों की तुलना करने पर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि पाकिस्तान पहले की तरह अपनी संपूर्ण ऊर्जा भारत के विरुद्ध खपा रहा है, जबकि भारत के कदम देश के विकास और क्षेत्रीय शांति व स्थायित्व की तरफ बढ़ रहे हैं।

पाकिस्तान आतंकवाद के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में अलग-थलग होने के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और 35-ए हटाने को लेकर उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना रोना रोया, लेकिन जम्मू-कश्मीर भारत का आंतरिक मामला होने के कारण उसने हर जगह मुंह की खाई है। इमरान खान अब इस मुद्दे पर पाकिस्तान का सहयोग नहीं करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को दोषी ठहरा रहे हैं। आजकल उनके ट्वीट केवल भारत, मोदी और कश्मीर के बारे में होते हैं, जो उनकी भारत-द्वेषी विकृत मानसिकता के सूचक हैं। पाकिस्तान को आतंकवाद का पोषण करने वाली हरकतें बंद कर देनी चाहिए और क्षेत्रीय विकास, शांति व स्थायित्व के लिए भारत के साथ कदम से कदम मिलाने चाहिए, ताकि उसकी डांवाडोल हो रही अर्थव्यवस्था और नागरिकों के जीवन में स्तर में सुधार हो सके।

● *ओम प्रकाश डूडी, जोधपुर, राजस्थान*

## प्रकृति के साथ

नैनीताल के जिम कार्बेट पार्क में फिल्माए गए बेयर ग्रिल्स के कार्यक्रम 'मैन वर्सेज वाइल्ड' में प्रधानमंत्री बरसात में भी बिलकुल सहज नजर आए। शाकाहारी होने की वजह से जंगल में उन्होंने हर्बल चाय पीकर समय गुजारा। प्रधानमंत्री ने इस शो के जरिए लोगों को प्रकृति की अहमियत समझाई और सभी को प्रकृति से जुड़े रहने के लिए जागरूक बनने का संदेश दिया। इन प्रयासों से अब उत्तराखंड के साथ-साथ विविधताओं से भरे भारत के वन्य जीवन को दुनिया में नई पहचान मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि 'प्रकृति की रक्षा करने से वह इंसान की हिफाजत करती है, छेड़छाड़ करने पर यह खतरनाक साबित होती है। हमें जंगलों से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण करना चाहिए। प्रकृति से प्रेम हमारे संस्कार में है।' उम्मीद है, पर्यावरण के प्रति दिया गया उनका संदेश देश के युवाओं को प्रेरित करेगा और भारत के वन्यजीवन के प्रति दुनिया भर के लोगों को लुभाएगा। इससे देश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

● *राजेंद्र कुमावत, जयपुर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com





## जरा हट के

विश्व फोटोकॉपी दिवस की पूर्व संध्या पर बीकानेर के एक चौराहे की बेहद खूबसूरत तस्वीर। 'लॉन्ग एक्सपोजर' तकनीक से यह तस्वीर ली गई है।

## बोल

*यदि चीन के राष्ट्रपति शी प्रदर्शनकारियों से मुलाकात करेंगे तो हांगकांग समस्या का सुखद अंत होगा। मुझे इस बात में कोई संदेह नहीं है।*
*-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति*



## विवाद

*हमारा भविष्य बाहर तय नहीं किया जा सकता है, अफगानिस्तान की किस्मत का फैसला उसके घर में किया जाएगा। हम नहीं चाहते कि कोई हमारे मामले में दखल दे।*
*-अशरफ गनी, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति*



## सम-सामयिक

# अर्थव्यवस्था : गिरावट रोकने के क्या हैं रास्ते

जनसत्ता संवाद

देश की अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता है। शेयर बाजार में गिरावट जारी है। वाहन उद्योग पर मंदी की मार सबसे ज्यादा पड़ी है। अर्थशास्त्री लगातार भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत पर चिंता जता रहे हैं। बड़े पैमाने पर मंदी और चार दशक की उच्च बेरोजगारी झेल रही है भारतीय अर्थव्यवस्था। देश में बेरोजगारी 45 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है।

वाहन उद्योग क्षेत्र मंदी की चपेट में है। यह बात मई-जून के आंकड़ों से ही जाहिर होने लगी थी। जून के आंकड़ों के मुताबिक ही देश में वाहनों की बिक्री पिछले 19 साल के न्यूनतम स्तर पर थी। लेकिन, जुलाई-अगस्त में आए आंकड़े और डराने वाले हैं। वाहन उद्योग क्षेत्र का बैरोमीटर मानी जाने वाली मारुति सुजुकी की बिक्री में करीब 36 फीसद की कमी दर्ज की गई है। वाहन उद्योग क्षेत्र में तीन से चार लाख लोग बेरोजगार हुए हैं। पूरे देश में 250 से ज्यादा वाहन डीलरशिप की इकाइयां बंद हो चुकी हैं।

भवन निर्माण क्षेत्र में भी ऐसे ही हालात हैं। देश के तीस बड़े शहरों में करीब 12.75 लाख मकान बनकर तैयार हैं, लेकिन उनका कोई खरीददार नहीं है। नोटबंदी, जीएसटी की मार के बाद सरकार ने बजट में इस क्षेत्र को कुछ राहत दी, जो अप्रभावी साबित हुए। शेयर बाजार ने एक महीने में गिरने का पिछले 17 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। बजट में अमीरों पर लगाए गए सुपर रिच टैक्स के दायरे में आने के कारण विदेशी निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजारों से अपना पैसा निकाल रहे हैं।

सरकार के द्वारा जारी आर्थिक आंकड़ों की विश्वसनीयता पर बहसें होती रही हैं। विकास की रफ्तार, रोजगार के आंकड़े वगैरह के बारे में स्वतंत्र अर्थशास्त्री कुछ और कह रह थे और सरकार का पक्ष इन पर कुछ और रहा। अब तो कैग ने भी खस्ताहाली की बात कह दी है। कैग का कहना है कि सरकार ने ऑफ बजटिंग (ऐसे मद से पैसे की व्यवस्था जो बजट प्रस्ताव में नहीं होती, लेकिन सरकार की देनदारी का हिस्सा होती है) के सहारे अपना राजकोषीय घाटा 3.4 फीसद दिखाया है। लेकिन, अगर ऑफ बजटिंग के कर्ज को भी जोड़ दिया जाए तो यह घाटा 5.9 फीसद तक पहुंच सकता है।

कॉरपोरेट जगत के दिग्गज सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ मुखर हैं। बजाज ऑटो के चेयरमैन राजीव बजाज ने ऑटो इंडस्ट्री पर सरकार की नीति पर तंज कसते हुए यह कहा कि जब ऑटो इंडस्ट्री संकट में है तब सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की बात कर रही है। उनके पिता राहुल बजाज ने अर्थव्यवस्था के पूरे परिदृश्य पर कहा, 'न मांग है और न कोई निजी निवेश हो रहा है। ऐसे में विकास दर कहां से आएगी। वह स्वर्ग से तो टपकेगी नहीं।' बजाज के बाद एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन दीपक पारेख, लार्सन एंड टूब्रो के चेयरमैन एएम नाइक सरीखे लोग भी अर्थव्यस्था को लेकर चिंता जता चुके हैं।



**फौरी राहत नाकाफी**

अर्थव्यवस्था में सुस्ती चौतरफा है। इसे सिर्फ ब्याज दर घटाने जैसे मौद्रिक उपायों से काबू कर पाना संभव नही होगा। बाजार में खरीदारी बढ़ाने के लिए दीर्घावधि के उपाय करने की जरूरत है। उत्पादन और रोजगार बढ़ाने वाले क्षेत्रों को बूस्टर डोज देना होगा।

छोटे शहरों से भी लघु उद्योगों को लेकर अच्छी खबरें नहीं है। सूरत के हीरा उद्योग में काम करने वाले कामगारों की एसोसिएशन ने उन 13 हजार लोगों की सूची जारी की है जो पिछले कुछ महीनों में बेरोजगार हो गए हैं। जमशेदपुर के अपने प्लांट में टाटा मोटर्स ने काम बंद कर दिया है। इससे आसपास की वे तमाम इकाइयां, जो टाटा मोटर्स को अपने उत्पाद सप्लाई करती थीं, बंद होने के कगार पर आ गई हैं। ऑक्सफोर्ड से शिक्षित अर्थशास्त्री पुलापरे बालाकृष्णन ने अपने ताजा शोधपत्र में कहा कि साल 2014 से ही सूक्ष्म-आर्थिक (मैक्रोइकोनॉमिक) नीतियां अर्थव्यवस्था को सिकुड़ाने वाली रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। प्रधानमंत्री ने वित्त मंत्री से शेयर बाजार में आई गिरावट, आर्थिक धीमेपन और ऑटो सेक्टर्स में जान फूंकने के लिए समीक्षा कर ठोस कदम उठाने को कहा है। भारतीय रिजर्व बैंक लगातार रेपो रेट में कमी कर रहा है, लेकिन उसका असर नहीं दिख रहा है। डूबते धन के संकट से जूझ रहे बैंक ब्याज दर घटाने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

## शोध-अनुसधान

# सेंसर...जो पसीने से करेगा सेहत की निगरानी

जनसत्ता संवाद

**सेंसर के माध्यम से शरीर में पानी की कमी को भी जाना जा सकेगा। इस अनोखे सेंसर को हेल्थ केअर के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि यह सेंसर रक्त परीक्षण की जगह ले सकता है।**

आप कितने स्वस्थ हैं, इसकी जानकारी के लिए हर महीने रुटीन चेकअप करना बेहद जरूरी होता है। जहां डॉक्टर अमूमन रक्त और पेशाब की जांच करवाने की सलाह देते हैं। वहीं, वैज्ञानिकों ने एक अनोखा सेंसर विकसित करने का दावा किया है जो आपके पसीने से आपकी सेहत का राज बता देगा।

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह सेंसर पता लगा सकता है कि आपके पसीने में क्या है और आपकी सेहत कैसी है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि पसीने की निगरानी से किसी बीमारी का पता लगाने के लिए रक्त निकालने की आवश्यकता को दरकिनार किया जा सकेगा और इससे निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) या थकान जैसी स्वास्थ्य समस्याओं में तुरंत जानकारी मिल सकेगी।

लॉरेंस बर्कले राष्ट्रीय प्रयोगशाला में वैज्ञानिक और यूसी बर्कले में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान के प्रोफेसर और वरिष्ठ लेखक अली जेवी ने कहा कि 'इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य केवल सेंसर विकसित करना ही नहीं था, बल्कि कई विषयों पर अध्ययन की शुरुआत करना था। साथ ही यह पता लगना था कि पसीना हमारे शरीर के बारे में क्या जानकारी दे सकता है, मैंने हमेशा पसीने की 'डिकोडिंग' संरचना के बारे में बात की है।' उन्होंने कहा, 'इसके लिए, हमें ऐसे सेंसर चाहिए जो विश्वसनीय हों, पुनरुत्पादनीय और इसे हम बड़े पैमाने पर बना सकें ताकि हम शरीर के विभिन्न स्थानों में कई सेंसर लगा सकें और उन्हें परख सकें।'

इस नए सेंसर में एक स्पाइरलिंग माइक्रोस्कोपिक ट्यूब या माइक्रोफ्लुइडिक होता है, जो त्वचा से पसीना इकट्ठा करता है। माइक्रोफ्लुइड के माध्यम से किसी व्यक्ति के शरीर से पसीना कितनी तेजी से निकलता है इस पर नजर रखी जा सकती है। कोई व्यक्ति कितना पसीना बहा रहा है या उसके पसीने की क्या दर है इस बारे में सेंसर बताता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक माइक्रोफ्लुइडिक्स पसीने में पोटेशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स की सांद्रता और ग्लूकोज के चयापचय का पता लगा सकता है।



कुछ इस तरह का दिखेगा सेंसर (फाइल फोटो)

शोधकर्ताओं ने सेंसर को परखने के लिए वह स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी देता है या नहीं इसके लिए व्यायाम कर रहे लोगों के शरीर के विभिन्न जगहों जैसे ललाट, अग्र-भुजाओं, कांख और पीठ के ऊपर लगा दिया। सेंसर से लोगों की पसीने की दर, पसीने में सोडियम और पोटेशियम का स्तर को मापा गया। उन्होंने पाया कि सेंसर के जरिए व्यायाम के दौरान किसी व्यक्ति के शरीर से कितना पानी निकला है इसका पता चलता है। इसके अलावा सेंसर का उपयोग कर एक स्वस्थ और मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति के पसीने के ग्लूकोज के स्तर और रक्त शर्करा के स्तर की तुलना की गई।

भारतीय मूल की शोधकर्ता मल्लिका बड़िया ने उम्मीद जताई है कि यह सेंसर भविष्य में मधुमेह में लगातार रक्त की जांच की जगह ले सकता है।

हालांकि, अभी यह पता चला है कि पसीने और शरीर के शुगर लेवल के बीच कोई परस्पर संबंध नहीं है। शोधकर्ताओं ने सेंसर के माध्यम से डायबिटीज के रोगियों के पसीने में शुगर लेवल का पता लगाया और पाया कि पसीने के शुगर लेवल से रक्त के शुगर लेवल का पता नहीं चल सकता है।

'साइंस एडवांस' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं की टीम ने नए सेंसर डिजाइन का वर्णन किया है जिसके मुताबिक 'रोल-टू-रोल' प्रसंस्करण तकनीक का उपयोग इसे आसानी से निर्मित किया प्लास्टिक की सीट पर इस तरह से सेंसर बनाए जा सकते हैं जैसे कि कोई अखबार पर शब्दों की प्रिंट करता है।

## विश्व परिक्रमा

### चीन पहुंचा 'लेकीमा' तूफान, 13 लोगों की मौत

**रविवार, 11 अगस्त :** शक्तिशाली 'लेकीमा' तूफान शनिवार तड़के चीन के झिजियांग प्रांत पहुंचा और इसकी वजह से 13 लोगों की मौत हो गई और 16 लापता हैं। चीन के सरकारी मीडिया ने यह बताया कि तूफान 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ने के साथ कमजोर होगा।

### हांगकांग में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस

**सोमवार, 12 अगस्त :** हांगकांग के दो हिस्सों में रविवार की दोपहर सड़कों पर उतरे लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंस गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर ईंटों से हमला किया और सड़क जाम कर दिया।

### चीन ने कश्मीर मुद्दे से बनाई दूरी

**मंगलवार, 13 अगस्त :** हाल ही में पाक के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी चीन गए थे और उन्होंने चीन से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद बयान जारी करने एवं दखल देने की गुजारिश की थी। लेकिन चीन ने द्विपक्षीय मसले को शांति से निपटाने की बात कह इस मुद्दे पर दूरी बना ली है।



इमरान खान

### ट्रंप और सुरक्षा परिषद ने भी पल्ला झाड़ा

**बुधवार, 14 अगस्त :** कश्मीर पर मध्यस्थता का बयान देकर विवाद खड़ा करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि अब वे मध्यस्थता नहीं करेंगे। दूसरी ओर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी इस मुद्दे से पल्ला झाड़ लिया है। संरा सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष देश पोलैंड ने कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मुद्दा करार दिया है।

### इमरान ने विश्व समुदाय पर सवाल उठाया

**गुरुवार, 15 अगस्त :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कश्मीर मुद्दे पर विश्व समुदाय की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए बुधवार को कहा कि वह कश्मीर की आवाज बनेंगे और मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र सहित हर वैश्विक मंच पर उठाएंगे।

### चीन के सैनिकों ने परेड निकाली

**शुक्रवार, 16 अगस्त :** चीन के हजारों सैन्यकर्मियों ने हांगकांग की सीमा के पास शहर के खेल स्टेडियम में लाल झंडा फहराते हुए गुरुवार को परेड निकाली। ब्रिटेन में चीन के राजदूत लियू शिआओमिंग ने कहा कि यदि हांगकांग में संकट नियंत्रण से बाहर हो जाता है तो चीन हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठेगा।

### संरा बैठक से पहले इमरान ने की ट्रंप से बात

**शनिवार, 17 अगस्त :** कश्मीर के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बंद कमरे में बैठक शुरू हो गई है। बैठक शुरू होने से कुछ देर पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति से टेलीफोन पर बातचीत की। बंद कमरे में बैठक का कोई औपचारिक महत्त्व नहीं होता। सुरक्षा परिषद के नौ सदस्य देश भारत के पक्ष में खड़े हो गए हैं।

## जानें-समझें

# जनसंख्या पर चिंता: चुनौतियों का मंथन कितना है जरूरी

दीपक रस्तोगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से जनसंख्या विस्फोट के मुद्दे को उठाया। उन्होंने छोटा परिवार रखने वाले लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि यह भी देशभक्ति है। इसके बाद से जनसंख्या का सवाल अचानक सुर्खियों में आ गया है। देश के 17 प्रदेशों में 18 जगह जनसंख्या शोध केंद्र काम कर रहे हैं। छह जनसंख्या शोध केंद्र तो देश के छह विश्वविद्यालयों में ही चल रहे हैं। अब इन शोध केंद्रों में अचानक हलचल बढ़ जाना तय है। जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों पर बहस तेज होनी संभावित है। इससे पहले देखना जरूरी होगा कि भारत सरकार के हालिया आंकड़ों में जनसंख्या को कितना बड़ा विस्फोट माना गया है, क्या कहते हैं राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे, आर्थिक सर्वे, जनगणना और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या विभाग के आंकड़ें।

### संसाधनों की चिंता

अगली जनगणना वर्ष 2021 में होनी है। हालांकि, दुनियाभर में तमाम जनसंख्या घड़ियां चल रही हैं, जो हर सेकेंड की आबादी बता रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं इस मामले में हर देश पर लगातार नजर रखती हैं। इन सबके आंकड़ों के मुताबिक, अपने देश की आबादी 133 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है। क्या इतनी आबादी के लिए हमारे पास संसाधन हैं। संसाधनों की एक सीमा है। 32 करोड़ हेक्टेयर जमीन और प्रकृति से बारिश में मिलने वाला 4000 अरब घनमीटर पानी उतने ही हैं, लेकिन आबादी आजादी के समय 36 करोड़ से बढ़कर 133 करोड़ को पार कर रही है। एक उदाहरण से तसवीर और साफ होगी। आजादी के समय प्रति व्यक्ति 5000 घनमीटर पानी उपलब्ध था। लेकिन पौने चार गुनी आबादी बढ़ने से आज पानी की उपलब्धता लगभग एक चौथाई यानी लगभग 1300 घनमीटर प्रति व्यक्ति रह गई है।

### ठंडे बस्ते से निकली आयोग की रिपोर्ट

जनसंख्या विस्फोट पर काबू पाने के लिए वेंकटचलैया आयोग की सिफारिशें लागू करने की मांग की जा रही है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में 11 सदस्यीय संविधान समीक्षा आयोग (वेंकटचलैया आयोग) ने दो साल में अपनी रिपोर्ट दी थी। इसी आयोग के सुझाव पर मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार और भोजन का अधिकार जैसे महत्त्वपूर्ण कानून बनाए गए, लेकिन जनसंख्या नियंत्रण कानून पर संसद में चर्चा नहीं हुई। आयोग ने संविधान में अनुच्छेद 47ए जोड़ने और जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने का सुझाव दिया था। इस आयोग में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस वेंकटचलैया (अध्यक्ष), जस्टिस सरकारिया, जस्टिस जीवन रेड्डी और जस्टिस पुन्नैया (सदस्य) थे। पूर्व अटॉर्नी जनरल केशव परासरन एवं सोली सोराब, लोकसभा के महासचिव सुभाष कश्यप, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पीए संगमा, सुमित्रा महाजन, पत्रकार सीआर ईरानी और अमेरिका में भारत के राजदूत रहे वरिष्ठ नौकरशाह आबिद हुसैन भी इस आयोग के सदस्य थे। वेंकटचलैया आयोग ने 31 मार्च 2002 को अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंपी थी। आयोग की सिफारिशों को लागू करने के लिए दायर जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट गृह मंत्रालय से जवाब मांग चुका है।

## क्या है जानकारों की राय



फाइल फोटो



प्रजनन दर कम हो रही है, जच्चा-बच्चा मृत्युदर में कमी आई है। हमें जन्म दर घटाने की जगह विकास के मानकों पर काम करना होगा। कई पॉकेट्स में जच्चा-बच्चा मृत्युदर के आंकड़े भयावह हैं। जब तक हम स्वास्थ्य और सेवा दुरुस्त नहीं करेंगे, तब तक जनसंख्या और सामाजिक विकास के संबंधों को लोग समझ नहीं पाएंगे।
*-डॉ फौजदार राम, पूर्व निदेशक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पापुलेशन साइंसेज*



जनसंख्या नियंत्रण को लेकर अलग से कानून की कोई जरूरत नहीं। हमारे पास पहले से ही जनसंख्या नीति है। हमें ध्यान रखना होगा कि तमिलनाडु, केरल, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र में रिप्लेसमेंट रेट कम है।
*-आरबी भगत, विभागाध्यक्ष, आब्रजन अध्ययन, इंस्टीट्यूट ऑफ पाप्युलेशन साइंसेज, मुंबई*

**देश की आबादी**

- भारत में रहती है दुनिया की 18 फीसद आबादी
- 19.3 लोग पैदा होते हैं भारत में प्रति एक हजार जनसंख्या पर
- 7.3 मृत्यु होती है प्रति एक हजार जनसंख्या पर
- दुनिया की जनसंख्या में भारतीय आबादी 17.74 फीसद
- चीन-अमेरिका से अधिक प्रजनन क्षमता। विश्व बैंक के 2016 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में प्रति महिला प्रजनन क्षमता 2.33 है, जबकि अमेरिका में 1.80 और चीन में 1.62

### राहत पहुंचाते प्रजनन दर के आंकड़े

दुनिया में प्रजनन दर 2.1 को 'रिप्लेसमेंट रेट' माना जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए औसतन एक महिला के औसतन 2.1 बच्चे होंगे। वहीं, भारत में प्रजनन दर लगातार घट रही है और इस समय यह 2.2 है। आगे के दशकों में इसके दो से भी कम होने की संभावना है। धार्मिक आधार पर अगर हम आंकड़ों को देखें तो सभी धर्मों में प्रजनन दर में गिरावट देखी जा रही है। 2005-06 और 2015-16 के बीच हिंदुओं में प्रजनन दर 17.8 फीसद की दर से घटी। मुसलमानों में 22.9 फीसद की दर, ईसाइयों में 15 फीसद, सिखों में 19 फीसद, बौद्धों में 22.7 फीसद और जैन में 22.1 फीसद की दर से गिरावट देखी गई है।

### 2060 में सर्वोच्च स्तर पर आबादी

अगले कुछ वर्षों में भारत की आबादी चीन से आगे निकल सकती है। 2060 में 1.65 अरब के साथ भारत की आबादी सर्वोच्च स्तर पर होगी। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार भारत की जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार इसके बाद घटने लगेगी। वहीं, अफ्रीका में इस पूरी सदी में आबादी की रफ्तार बढ़ती रहेगी और वह 2060 के दशक में तीन अरब के आंकड़े को पार कर जाएगी। हाल के आर्थिक सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि जनसंख्या वृद्धि दो दशकों में लगातार घटेगी। 2021-31 के दौरान एक फीसद, जबकि 2031-41 के दौरान इसके 0.5 फीसद सालाना तक घटने की संभावना है। ज्यादातर राज्यों से अनुमान है कि 2021 तक प्रजनन दर रिप्लेसमेंट रेट से कम होगी और आबादी जीवन प्रत्याशा के बढ़ने के कारण बढ़ेगी।

## व्यक्तित्व

# दीपा मलिक : खेल रत्न पाने वाली पहली पैरा एथलीट

जनसत्ता संवाद

दीपा मलिक खेल रत्न हासिल करने वाली पहली महिला पैरा-एथलीट बन गई हैं। शनिवार को भारत सरकार ने दीपा को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। वे यह पुरस्कार पाने वाली दूसरी पैरा-एथलीट बन गई हैं।

दीपा पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने समर पैरालंपिक -2016 में शॉट पुट (गोलाफेंक) में रजत पदक हासिल किया था। 2018 में दुबई में पारा एथलीट ग्रांड पिक्स में एफ-53/54 जेवलिन में स्वर्ण पदक जीता था। वे वर्तमान में एफ-53 श्रेणी में दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी हैं।



दीपा ने सब-जीरो तापमान में 8 दिन, 1700 किलोमीटर की यात्रा करके रेड डी हिमालय की 18000 फीट की चढ़ाई की थी। इस यात्रा में दूरदराज के हिमालय, लेह, शिमला और जम्मू सहित कई कठिन रास्ते शामिल थे। इस चढ़ाई के साथ उन्होंने साबित कर दिया था कि वे मजबूत आत्मबल और इरादों वाली हैं और उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता, चाहे वह शरीरिक विकलांगता हो या फिर लिंग या फिर उम्र ही क्यों न हों।

दीपा का चलना-फिरना पिछले 17 साल से बंद है। दरअसल 17 साल पहले उन्हें रीढ़ में ट्यूमर हो गया था। इलाज के दौरान उनका 31 बार ऑपरेशन किया गया जिसके लिए उनकी कमर और पांव के बीच 183 टांके लगे थे। इसके बावजूद उन्होंने अपना हौसला नहीं खोया। दीपा मलिक कर्नल बिक्रम सिंह की पत्नी और दो बच्चों की मां हैं।

यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। खेल रत्न मिलने पर दीपा मलिक ने एक साक्षात्कार में कहा कि 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मैं हमेशा आगे देखती हूं। यह पूरी यात्रा विकलांगता के प्रति लोगों के दृष्टिकोण और विकलांगता वाले लोगों में छिपी क्षमता को बदलने के बारे में अधिक रही है। मुझे लगता है कि इससे उन महिला एथलीट को प्रेरणा मिलेगी जो विकलांग हैं। स्वतंत्र भारत को पैरा-ओलंपिक में पदक जीतने में 70 साल लग गए।'

पैरा-एथलीट होने के साथ वे खेल मंत्रालय और शारीरिक शिक्षा पर 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) में कार्य समूह की एक सदस्य है। दीपा एनएमडीसी के लिए 'स्वच्छ भारत' की ब्रांड एंबेसडर और आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के 'स्मार्ट सिटी' प्रोजेक्ट के लिए विकलांगता समावेशी बुनियादी ढांचे की विशेषज्ञ सलाहकार भी हैं। खेल के साथ लेखनी और सामाजिक कार्यों में भी वे बढ़ चढ़ हिस्सा लेती हैं।

दीपा ने 2011 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता तो उसी साल शारजाह में वर्ल्ड गेम्स में दो कांस्य पदक जीते। 2012 में मलेशिया ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जेवलिन व डिस्कस थ्रो में दो स्वर्ण पदक जीते। इसी साल उन्हें 42 वर्ष की आयु में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 2014 में चाइना ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप बीजिंग में शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता था।

2017 में उन्हें देश के प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने एशियन पैरा गेम्स 2018 में एक नया एशियाई रेकॉर्ड बनाया और 3 लगातार एशियाई पैरा खेलों (2010, 2014, 2018) में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं। उन्हें 58 राष्ट्रीय और 23 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।

# आइएल एंड एफएस मामला : ईडी ने राज ठाकरे, मनोहर जोशी के पुत्र को तलब किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

प्रवर्तन निदेशालय ने आइएलएंडएफएस के कथित भुगतान कोताही मामले से जुड़े धन शोधन की जांच को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को तलब किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मनसे प्रमुख से 22 अगस्त को जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री तथा शिवसेना के नेता मनोहर जोशी के पुत्र उन्मेश जोशी को भी इसी मामले की जांच के सिलसिले में बुलाया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, जोशी सोमवार को या मंगलवार को अधिकारियों के समक्ष पेश हो सकते हैं। जांच एजंसी ने कोहिनूर सीटीएनएल कंपनी में आइएल एंड एफएस समूह की ऋण शेयरधारिता निवेश संबंधी एक मामले में ठाकरे की कथित संलिप्तता की जांच शुरू की है। इस कंपनी के प्रमोटर जोशी हैं।एक कंसोर्टियम बनाने के बाद ठाकरे और जोशी ने कुछ संपत्तियों के लिए संयुक्त रूप से बोली लगाई थी लेकिन बाद में मनसे प्रमुख अलग हो गए। प्रवर्तन निदेशालय पूरे लेनदेन की जांच करना चाहता है इसलिए ठाकरे एवं जोशी को तलब किया गया है। पिछले सप्ताह प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में एक आरोपपत्र भी दाखिल किया था।

भागवत की टिप्पणी पर संघ ने कहा

## विवाद अनावश्यक, आरक्षण को पूरा समर्थन

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आरक्षण पर सरसंघचालक मोहन भागवत की टिप्पणी से पैदा हुए विवाद को सोमवार को 'अनावश्यक' करार देते हुए खारिज कर दिया। संघ ने कहा कि वह महज इस आवश्यकता पर बल दे रहे थे कि समाज में सद्भावनापूर्वक परस्पर बातचीत के आधार पर सभी प्रश्नों के समाधान ढूंढे जाए।

आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख अरुण कुमार ने एक ट्वीट में कहा, 'जहां तक संघ का आरक्षण के विषय पर मत है, वह कई बार स्पष्ट किया जा चुका है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक आधार पर पिछड़ों के आरक्षण का (आरएसएस) पूर्ण समर्थन करता है।' कुमार ने ट्वीट में कहा कि दिल्ली में एक कार्यक्रम में दिए मोहन भागवत के भाषण के एक भाग पर अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि भागवत ने रविवार को कहा था कि जो आरक्षण के पक्ष में हैं और जो इसके खिलाफ हैं, उन लोगों के बीच इस पर सद्भावपूर्ण माहौल में बातचीत होनी चाहिए।

# चंद्रयान-2 को आज चांद की कक्षा में प्रवेश कराएगा इसरो

बंगलुरु, 19 अगस्त (भाषा)।

भारत के चंद्र मिशन-2 के लिए मंगलवार एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण घड़ी होगी जब इसरो चंद्रयान-2 के तरल रॉकेट इंजन को दाग कर उसे चांद की कक्षा में पहुंचाने के अभियान को अंजाम देगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष के सिवन ने यान को चांद की कक्षा में पहुंचाने की प्रक्रिया के संबंध में सोमवार को कहा कि यह मंगलवार सुबह (अंदाजन सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे के बीच) होगा। यह चुनौतीपूर्ण है।

इसरो ने कहा कि इसके बाद यान को चंद्रमा की सतह से लगभग सौ किलोमीटर की दूरी पर चंद्र ध्रुवों के ऊपर से गुजर रही इसकी अंतिम कक्षा में पहुंचाने के लिए चार और कक्षीय प्रक्रियाओं को अंजाम दिया जाएगा। अंतरिक्ष एजंसी ने कहा कि इसके बाद लैंडर 'विक्रम' दो सितंबर को ऑर्बिटर से अलग हो जाएगा। इसरो ने कहा कि सात सितंबर को चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' कराने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले लैंडर संबंधी दो कक्षीय प्रक्रियाओं को अंजाम दिया जाएगा।

गत 22 जुलाई को प्रक्षेपण यान जीएसएलवी मार्क 111-एम-1 के जरिए प्रक्षेपित किए गए चंद्रयान-2 ने 14 अगस्त को पृथ्वी की कक्षा से निकलकर चंद्र पथ पर आगे बढ़ना शुरू किया था। बंगलुरु के नजदीक ब्याललू स्थित डीप स्पेस नेटवर्क (आइडीएसएन) के एंटीना की मदद से बंगलुरु स्थित इसरो, टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आइएसटीआरएसी) के मिशन ऑपरेशंस कांप्लेक्स (एमओएक्स) से यान की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसरो ने 14 अगस्त को कहा था कि चंद्रयान-2 की सभी प्रणालियां सामान्य ढंग से काम कर रही हैं।

## कारपोरेट कर की दर धीरे-धीरे 25 फीसद करेंगे : निर्मला

पेज 1 का बाकी

दिया था। इससे पहले, पिछले साल तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 250 करोड़ रुपए तक के सालाना कारोबार वाली कंपनियों के कारपोरेट कर की दर को घटाकर 25 फीसद किया था। उद्योग से जुड़े एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा कि बची हुई कंपनियों के लिए कारपोरेट कर की दर को धीरे-धीरे कम किया जाएगा।हालांकि उन्होंने कटौती की समयसीमा के बारे में कुछ नहीं कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्र को संबोधन को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि संपत्ति सृजित करने वाले उद्यमियों को हर प्रकार की मदद दी जाएगी। मोदी ने 15 अगस्त को राष्ट्र के नाम संबोधन में संपत्ति सृजन करने वालों की सराहना की और कहा कि उन्हें संदेह की नजर से नहीं देखा जाना चाहिए।

## ईडी ने अदालत से कहा, जांच से बच रहे हैं रतुल पुरी

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने सोमवार को यहां एक अदालत से कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी 3,600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में जांच में शामिल होने से बच रहे हैं। ईडी ने विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार के समक्ष ये आरोप लगाए जो पुरी की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे जिसके मार्फत उन्होंने अपने खिलाफ एक गैर जमानती वारंट रद्द करने का अनुरोध किया था। जांच एजंसी ने पुरी की याचिका का विरोध किया और कहा कि उसने रविवार और सोमवार सहित कई मौकों पर पुरी को बुलाया, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए।

## जिब्राल्टर से छूटने के बाद भारतीय चालक दल के साथ ईरानी टैंकर रवाना

लंदन, 19 अगस्त (भाषा)।

जिब्राल्टर की ओर से पिछले हफ्ते छोड़े जाने के बाद ईरानी तेल टैंकर चालक दल के साथ रवाना हो गया। चालक दल में अधिकतर भारतीय हैं। जिब्राल्टर के स्थानीय प्रशासन ने बताया कि वे अमेरिकी वारंट के आधार पर पोत को रोकने का आदेश अदालत से पाने में असफल रहे।

ग्रेस-1 नामक इस पोत को ब्रिटेन के अर्धस्वायत्त क्षेत्र जिब्राल्टर ने चार जुलाई को स्पेन तट से पकड़ा था। इस पोत को ईरान ने एड्रियन दरिया नाम दिया है। समुद्री यातायात निगरानी वेबसाइट के मुताबिक टैंकर ने रविवार शाम जीएमटी समयानुसार 2300 बजे से पहले लंगर उठाया और वह पूर्व में भूमध्यसागर की ओर बढ़ रहा है। यूनान का कलामाता उसका पड़ाव होगा।

टैंकर के चालक दल के सदस्यों में अधिकतर भारतीय हैं, लेकिन रूसी, लातवियाई और फिलीपींस के नागरिक भी इनमें शामिल हैं। टैंकर के भारतीय कप्तान और तीन अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पिछले हफ्ते सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा

पेज 1 का बाकी

उल्लंघन है। याचिका में तर्क दिया गया, 'यह याचिका महिलाओं के खिलाफ भेदभाव के स्पष्ट व जारी रूप को चुनौती देती है और यह रूप है भारत में स्त्री और पुरुष की विवाह के लिए न्यूनतम आयु सीमा में भेदभाव। 'जहां भारत में पुरुषों को 21 साल का होने के बाद ही शादी की अनुमति है वहीं महिलाओं की शादी 18 की उम्र में ही करने की इजाजत है। यह भेदभाव पितृसत्तात्मक रूढ़ियों पर आधारित है, जिसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यह महिलाओं के खिलाफ विधि सम्मत और वास्तविक असमानता को बढ़ाता है और वैश्विक चलन के पूरी तरह खिलाफ जाता है।' याचिका में कहा गया, 'यह सामाजिक वास्तविकता है' कि विवाहित महिला से पति की तुलना में अधीनस्थ भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है और यह 'सत्ता असंतुलन' इस उम्र के अंतर के कारण और बढ़ जाता है। इसमें कहा गया, 'इसलिए कम उम्र की साथी से अपने से बड़े साथी का सम्मान करने और दास की तरह पेश आने की उम्मीद की जाती है जो विवाहित संबंध में पहले से ही मौजूद लैंगिक आधारित अनुक्रम को बढ़ाती है।'

## संसद के नए भवन सहित तमाम विकल्पों पर किया जा रहा विचार : प्रधानमंत्री

पेज 1 का बाकी

तथा राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा था कि सभी की आकांक्षा है कि सबसे विशाल लोकतंत्र का संसद भवन सबसे भव्य और सबसे आकर्षक बने। ऐसे में प्रधानमंत्री से आग्रह है कि भारत की आजादी के 2022 में 75 वर्ष पूरे होने पर नए भारत के उनके संकल्प में संसद भवन के विस्तार और आधुनिकीकरण को भी सम्मिलित किया जाए। राज्यसभा में सभापति एम वेंकैया नायडू ने संसद भवन के 92वें वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए कहा था कि साल 2022 में देश की आजादी के 75 साल पूरे हो जाएंगे और इस अवसर पर संसद भवन का विस्तार तथा इसका आधुनिकीकरण भी किया जाना चाहिए।

बहरहाल, प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर यह अनुभव रहा है कि जब नया सत्र शुरू होता है तब सांसदों को रहने की व्यवस्था को लेकर असुविधा का सामना करना पड़ता है। लंबे अर्से तक होटल बुक करना पड़ता है। मोदी ने कहा कि जैसे जैसे आवास खाली होते हैं, तो उसे ठीकठाक करना पड़ता है। ऐसे में व्यवस्था को स्थायी रूप से कैसे विकसित किया जाए और बदलते समय के अनुरूप कैसे विकसित करें, यह अहम है।

उन्होंने कहा कि सांसदों को स्वयं के लिए एक कमरे से ज्यादा की जरूरत नहीं होती है। लेकिन उनके क्षेत्र के लोग काफी संख्या में आते हैं और दूर-दूर से आते हैं। आने वाले हर एक के मन में होता है कि रात में ठहरने की व्यवस्था हो जाए। मोदी ने कहा कि जगह हो या नहीं हो, सांसद उन्हें नकार नहीं सकता है। सांसदों को पता होता है कि कितनी बड़ी कठिनाई होती है। ऐसे में गत सत्र से इस दिशा में काफी विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ भवन बहुत पुराने हैं, उसमें समय-समय पर मरम्मत की जरूरत होती है। मोदी ने कहा कि इस बार संसद सत्र में बहुत उत्तम काम हुआ, इसका श्रेय हर राजनीतिक दल, सांसद और सदन संचालन करने वाले अध्यक्ष और सभापति को जाता है।

## बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र का निधन

पेज 1 का बाकी

राजनेता और अर्थशास्त्र के विद्वान प्राध्यापक थे। उन्होंने तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री के रूप में इस प्रदेश एवं देश की सेवा की। उनके निधन से देश को, विशेषकर बिहार प्रांत के राजनीतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शोक-संदेश में कहा है कि मिश्र एक प्रख्यात राजनेता एवं शिक्षाविद थे जिनका बिहार के साथ-साथ देश की राजनीति में भी अमूल्य योगदान रहा है। उनके निधन से न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने भी जगन्नाथ मिश्र के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है । बिहार सरकार ने जगन्नाथ मिश्र के निधन पर राज्य में तीन दिन के राजकीय शोक तथा उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ कराए जाने की घोषणा की है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मिश्र के निधन पर दुख जताते हुए सोमवार कहा कि बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री, केंद्र में मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष रहते हुए जगन्नाथ मिश्र कई मौकों पर समाज के वंचित लोगों और हाशिये पर मौजूद वर्गों के लिए खड़े हुए। वे लंबे समय तक याद किए जाएंगे।

## जम्मू के सीमाई जिलों में ज्यादातर स्कूल खुले

पेज 1 का बाकी

जाएंगे। अधिकारियों ने इस क्षेत्र के बड़े हिस्सों से प्रतिबंध हटा लिए हैं। कश्मीर में लैंडलाइन के बाद मोबाइल सेवा को बहाल करने का फैसला इस हफ्ते के आखिर में होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती जिलों- राजौरी, पुंछ, रामबन, डोडा एवं किश्तवाड़ के कई हिस्सों में शैक्षिक संस्थान फिर से खुले। पूरे क्षेत्र में कुल मिलाकर सुरक्षा स्थिति शांतिपूर्ण रही। इससे पहले दस अगस्त को क्षेत्र के पांच जिलों- जम्मू, कठुआ, साम्बा, उधमपुर एवं रियासी- में निषेधाज्ञा हटाने के बाद शैक्षिक संस्थान खोले गए थे।

राजौरी के उपायुक्त एजाज असद के मुताबिक, 'पूरे जिले में डिग्री कॉलेजों और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों सहित सभी निजी एवं सरकारी शैक्षणिक संस्थानों ने सोमवार से कक्षाएं फिर से शुरू हुईं।' उन्होंने बताया कि जिले में यातायात सुचारू रूप से चल रहा है और बाजार शांतिपूर्ण ढंग से खुले हैं। असद ने बताया कि कानून व्यवस्था सामान्य है, इसलिए अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत लागू निषेधाज्ञा वापस ले ली गई है। उन्होंने बताया कि बाजार भी खुल चुके हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले में उच्चतर माध्यमिक स्कूलों एवं कालेजों को छोड़कर सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुले और लोगों ने अपनी सामान्य गतिविधियां शुरू कीं। उन्होंने बताया कि सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले हैं और यातायात सामान्य रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा कि उच्चतर माध्यमिक स्कूलों और कॉलेजों को मंगलवार को खोले जाने की संभावना है।

किश्तवाड़ के उपायुक्त अंगरेज सिंह राणा ने बताया कि जिले में कई निजी स्कूलों ने अपने आप शिक्षण संस्थान खोलने का निर्णय किया क्योंकि सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इस जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है। अधिकारी ने बताया कि डोडा जिले में भी दसवीं कक्षा तक के स्कूल आज खुले।

कश्मीर में लैंडलाइन के बाद मोबाइल सेवा को बहाल करने का फैसला इस हफ्ते के आखिर में होने की उम्मीद है। घाटी के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लैंडलाइन टेलीफोन एक्सचेंज के प्रभाव का आंकलन करने के बाद ही कश्मीर में मोबाइल सर्विस को बहाल करने का फैसला लिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआत में केवल इनकमिंग कॉल की सुविधा दी जाएगी। इससे यहां के स्थानीय लोग जम्मू-कश्मीर से बाहर अन्य राज्यों से फोन पर बात कर सकेंगे और आइएसडी कॉल की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे। जबकि मोबाइल इंटरनेट अभी कुछ समय तक बंद ही रहेगा।

पुंछ और रावलकोट के बीच नियंत्रण रेखा के पार चलने वाली साप्ताहिक बस सोमवार को निलंबित कर दी गई। ऐसा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की ओर से सेवा बंद करने के परोक्ष निर्णय के बाद किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय अधिकारियों की ओर से बस को सीमापार करने देने के अनुरोध पर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अधिकारियों द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने पर बससेवा निलंबित कर दी गई। अधिकारी ने कहा कि नियंत्रण रेखा के पार चलने वाली बस सेवा निलंबित कर दी गई है। हमने पीओके के अधिकारियों को आज बससेवा के लिए एक संदेश भेजा था लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## तरुण तेजपाल मामले में 23 सितंबर से फिर सुनवाई

स्थानः नई दिल्ली

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.

## बैंक बोर्ड ब्यूरो

निम्नलिखित पद हेतु उन भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित जिनका अतुल्य ट्रैक रिकॉर्ड हो:

**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी**

1. बैंक ऑफ़ बड़ौदा 3. केनरा बैंक
2. बैंक ऑफ़ इंडिया 4. पंजाब नेशनल बैंक

पात्रता
- उम्र: 45 से 57 वर्ष
- न्यूनतम अनुभव : मुख्यधारा बैंकिंग में 15 साल, जिसमें कम से कम एक वर्ष बोर्ड स्तर पर होना चाहिए

कैसे आवेदन करें
- आवेदन पत्र और अन्य विवरण हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं http://www.banksboardbureau.org.in/WhatsNew/Index

आवेदन अंतिम तिथि
- विधिवत रूप से भरे हुए फॉर्म सितंबर 23, 2019 तक बैंक बोर्ड ब्यूरो कार्यालय पहुँच जाने चाहिए

सचिव,
बैंक बोर्ड ब्यूरो

ध्यान दें: आगे से अन्य विवरण (जैसे शुद्धि-पत्र इत्यादि) बैंक बोर्ड ब्यूरो की वेबसाइट पर ही प्रकाशित होंगे।

EXPRESS
**Careers**

## मुंबई पोर्ट ट्रस्ट

निम्नलिखित पदों के लिए सुपात्र भारतीय राष्ट्रिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

(i) **वरिष्ठ प्रबंधक (कार्पोरेट विधि)** - 2 पद संविदा आधार पर
(ii) **शहरी अभिकल्पकार** - 1 पद संविदा आधार पर
(iii) **पाईलट (नियमित आधार पर)** - 7 पद (अज-1, अजा-1, अपिव-5). सामान्य उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।
(iv) **पाईलट (संविदा आधार पर)** - 14 पद

क्रम संख्या (i) तथा (ii) के लिए आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **07/09/2019** होगी। क्रम संख्या (iii) तथा (iv) के लिए विज्ञापन खुला रहेगा तथा रिक्तियों को भरे न जाने के मामले में तथा/या अतिरिक्त रिक्तियाँ उत्पन्न होने के मामले में आवेदनों पर विचार किया जायेगा।

इच्छुक उम्मीदवार शैक्षिक पात्रता, आयु, अनुभव आदि के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए हमारी वेबसाईट **www.mumbaiport.gov.in (media / vacancy)** में देखकर, आवेदन का निर्धारित प्रपत्र डाऊनलोड कर के उस प्रपत्र में अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है तथा इस बारे में उम्मीदवार हमारी वेबसाईट समय समय पर देखें।

MbPT-14-2019

**सचिव**

# महाराष्ट्र में ट्रक-बस की टक्कर में 13 लोगों की मौत

धुले, 19 अगस्त (भाषा)।

महाराष्ट्र के धुले जिले के धुले जिले में एक कंटेनर ट्रक और एक बस के बीच हुई सीधी टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और अन्य 15 लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि यह हादसा शहादा-दोंदायचा मार्ग पर निम्गुल गांव के पास रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे हुआ। बस राज्य परिवहन विभाग की थी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन बस से जा टकराया। बस नंदुरबार जिले के शहादा से औरंगाबाद जा रही थी।

अधिकारी ने कहा, 'दो बच्चों, दो महिलाओं और दोनों वाहन के चालकों सहित हादसे में 13 लोगों की जान चली गई।' उन्होंने बताया कि 11 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। दो लोगों की धुले के दोंदायचा शहर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

This is a public announcement for information purposes only and is not a prospectus announcement. This does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe for securities.
**Not for publication or distribution, directly or indirectly outside India.**

STERLING & WILSON

# STERLING AND WILSON SOLAR LIMITED

Our Company was originally incorporated at Mumbai on March 9, 2017 as Rashmika Energy Private Limited, as a private limited company under the Companies Act, 2013, pursuant to a certificate of incorporation dated March 10, 2017 issued by the Registrar of Companies, Maharashtra at Mumbai (**"RoC"**). Subsequently, the Solar EPC Division of Sterling and Wilson Private Limited was demerged into our Company pursuant to the order dated March 28, 2018 of the National Company Law Tribunal, Mumbai Bench with the appointed date for the transfer of such Solar EPC Division being April 1, 2017. Thereafter, to reflect the association of our Company with the Sterling and Wilson group, the name of our Company was changed to Sterling and Wilson Solar Private Limited pursuant to the resolution passed by our Shareholders at their extra-ordinary general meeting held on March 29, 2018 and the certificate of incorporation pursuant to change of name was issued by the RoC on April 24, 2018. Subsequently, our Company was converted into a public limited company pursuant to the approval of our Shareholders at an extra-ordinary general meeting held on January 11, 2019. Consequently, the name of our Company was changed to Sterling and Wilson Solar Limited and a fresh certificate of incorporation consequent upon conversion from private company to a public company was issued by the RoC on January 25, 2019. For further details relating to changes in the registered office and name of our Company, see *"History and Certain Corporate Matters"* beginning on page 138 of the Prospectus dated August 10, 2019 (**"Prospectus"**).

**Registered Office and Corporate Office:** 9th Floor, Universal Majestic, P L Lokhande Marg, Chembur (West), Mumbai 400 043. **Telephone no.:** +91 22 2548 5300; **Website:** www.sterlingandwilsonsolar.com
**Contact Person:** Jagannadha Rao Ch. V., Company Secretary and Compliance Officer; **Telephone no.:** +91 22 2548 5300; **E-mail:** ir@sterlingwilson.com; **Corporate Identity Number:** U74999MH2017PLC292281

## OUR PROMOTERS: SHAPOORJI PALLONJI AND COMPANY PRIVATE LIMITED AND KHURSHED YAZDI DARUVALA

Our Company has registered the Prospectus with the Registrar of Companies, Maharashtra at Mumbai, and the Equity Shares are proposed to be listed on the BSE Limited (**"BSE"**) and the National Stock Exchange of India Limited (**"NSE"**) and the trading will commence on or about Tuesday, August 20, 2019.

## BASIS OF ALLOTMENT

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF 36,533,820 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 1 EACH ("EQUITY SHARES") OF STERLING AND WILSON SOLAR LIMITED ("OUR COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 780 PER EQUITY SHARE ("OFFER PRICE") AGGREGATING TO ₹ 28,496.38 MILLION, COMPRISING OF AN OFFER FOR SALE OF 24,355,880 EQUITY SHARES BY SHAPOORJI PALLONJI AND COMPANY PRIVATE LIMITED AGGREGATING TO ₹ 18,997.59 MILLION AND 12,177,940 EQUITY SHARES BY KHURSHED YAZDI DARUVALA AGGREGATING TO ₹ 9,498.79 MILLION (TOGETHER, THE "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS") AND SUCH EQUITY SHARES OFFERED BY THE PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS (THE "OFFERED SHARES") (THE "OFFER"). THE OFFER CONSTITUTES 22.78 % OF THE POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF THE COMPANY.**

**QIB Category: Atleast 75% of the Offer**
**Retail Category: Not more than 10% of the Offer**
**Non Institutional Investor Category: Not more than 15% of the Offer**

**OFFER PRICE : ₹ 780 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE OF ₹ 1 EACH**
**THE OFFER PRICE IS 780 TIMES OF THE FACE VALUE**

**Risks to Investors:**

- The six Global Coordinators and Book Running Lead Managers and two Book Running Lead Managers associated with the Offer have handled 48 public issues in the past three years out of which 18 closed below the issue price on listing date.
- The Price/ Earnings ratio based on diluted EPS for Fiscal 2019 for the Issuer at Offer Price is 19.57.
- The average cost of acquisition per Equity Share for our Promoter Selling Shareholders is Nil per Equity Share.

* The Offer Price is ₹780.

# For details of build-up of Promoters' shareholding in our Company, please see 'Capital Structure - Build-up of the Promoters' shareholding in our Company' Page 80 of the Prospectus.

## BID/OFFER OPENED ON AUGUST 6, 2019 | BID/OFFER CLOSED ON AUGUST 8, 2019
## ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE WAS AUGUST 5 , 2019

The Offer was made in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended (**"SCRR"**) read with Regulation 31 of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, as amended (the **"SEBI ICDR Regulations"**). The Offer was made through the Book Building Process in accordance with Regulation 6(2) of the SEBI ICDR Regulations wherein not less than 75% of the Offer was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers (**"QIBs"**) (the **"QIB Portion"**), provided that our Company and the Promoter Selling Shareholders in consultation with the GCBRLMs and BRLMs allocated 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis. One-third of the Anchor Investor Portion was reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from the domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. 5% of the Net QIB Portion was available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the QIB Portion was available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders (other than Anchor Investors), including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. Further, not more than 15% of the Offer was available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not more than 10% of the Offer was available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. All Bidders, other than Anchor Investors, were mandatorily required to participate in the Offer through the Application Supported by Blocked Amount (**"ASBA"**) process by providing details of their respective ASBA Accounts which were to be blocked by the Self Certified Syndicate Banks (**"SCSBs"**). Anchor Investors were not permitted to participate in the Anchor Investor Portion through the ASBA process. For details, see *"Offer Procedure"* beginning on page 459 of the Prospectus.

The Offer received 38,051 applications for 36,583,911 Equity Shares as per the bid book resulting in 0.9131 times subscription as disclosed in Prospectus. The details of the applications received in the Offer from Retail Individual Bidders, Non-Institutional Bidders and QIBs are as under (before technical rejections, multiple or duplicate Bids and Bids not banked/returned):

| Category | No. of Applications | No of Equity Shares applied | Equity Shares Reserved (Red Herring Prospectus) | No. of times Subscribed | Amount in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| ANCHOR | 27 | 18,028,853 | 18,028,846 | 1.0000 | 14,062,505,340.00 |
| QIB | 50 | 12,332,007 | 12,019,231 | 1.0260 | 9,618,965,460.00 |
| NII | 147 | 5,086,053 | 6,009,615 | 0.8463 | 3,967,117,787.00 |
| RETAIL | 37,827 | 1,136,998 | 4,006,410 | 0.2838 | 888,063,401.00 |
| **TOTAL** | **38,051** | **36,583,911** | **40,064,102** | **0.9131** | **28,536,651,988.00** |

**Final Demand**

A summary of the final demand as per BSE and NSE as on the Bid/Offer Closing Date at different Bid prices is as under:

| Bid Price | Bid Quantity | % to Total | Cumulative Total | Cumulative Total % |
|---|---|---|---|---|
| 775 | 33,440 | 0.18 | 33,440 | 0.18 |
| 776 | 3,743 | 0.02 | 37,183 | 0.20 |
| 777 | 7,581 | 0.04 | 44,764 | 0.24 |
| 778 | 7,524 | 0.04 | 52,288 | 0.28 |
| 779 | 4,332 | 0.02 | 56,620 | 0.30 |
| 780 | 18,008,162 | 94.95 | 18,064,782 | 95.24 |
| CUT-OFF | 901,892 | 4.76 | 18,966,674 | 100.00 |
| **TOTAL** | **18,966,674** | **100.00** | | |

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange, being BSE on August 14, 2019.

**A. Allotment to Retail Individual Investors (After technical rejections, multiple or duplicate Bids and Bids not banked/returned)**

The Basis of Allotment to the Retail Individual Bidders, who have bid at cut-off or at the Offer Price of ₹ 780 per Equity, was finalized in consultation with BSE. This category has been subscribed to the extent of 0.2717 times. The total number of Equity Shares Allotted in Retail Individual Bidders category is 1,088,643 Equity Shares to 36,096 successful applicants. The under subscribed portion of 2,917,767 Equity Shares in the Retail Category has been spilled over to Qualified Institutional Buyers. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under:

| Category | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Equity Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Bidder | Ratio | Total No. of Equity Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 29,863 | 82.73 | 567,397 | 52.12 | 19 | 1:1 | 567,397 |
| 38 | 2,908 | 8.06 | 110,504 | 10.15 | 38 | 1:1 | 110,504 |
| 57 | 1,021 | 2.83 | 58,197 | 5.35 | 57 | 1:1 | 58,197 |
| 76 | 432 | 1.20 | 32,832 | 3.02 | 76 | 1:1 | 32,832 |
| 95 | 406 | 1.12 | 38,570 | 3.54 | 95 | 1:1 | 38,570 |
| 114 | 253 | 0.70 | 28,842 | 2.65 | 114 | 1:1 | 28,842 |
| 133 | 222 | 0.62 | 29,526 | 2.71 | 133 | 1:1 | 29,526 |
| 152 | 67 | 0.19 | 10,184 | 0.94 | 152 | 1:1 | 10,184 |
| 171 | 28 | 0.08 | 4,788 | 0.44 | 171 | 1:1 | 4,788 |
| 190 | 205 | 0.57 | 38,950 | 3.58 | 190 | 1:1 | 38,950 |
| 209 | 27 | 0.07 | 5,643 | 0.52 | 209 | 1:1 | 5,643 |
| 228 | 42 | 0.12 | 9,576 | 0.88 | 228 | 1:1 | 9,576 |
| 247 | 622 | 1.72 | 153,634 | 14.11 | 247 | 1:1 | 153,634 |
| **TOTAL** | **36,096** | **100.00** | **1,088,643** | **100.00** | | | **1,088,643** |

*Note: Unsubscribed portion of 2,917,767 Equity Shares spilled over to QIB Category.*

**B. Allotment to Non Institutional Investors (After technical rejections, multiple or duplicate Bids and Bids not banked/returned)**

The Basis of Allotment to the Non-Institutional Bidders, who have bid at the Offer Price of ₹ 780 per Equity Share or above, was finalized in consultation with BSE. This category has been subscribed to the extent of 0.8460 times. The total number of Equity Shares allotted in this category is 5,084,324 Equity Shares to 142 valid applicants. The under subscribed portion of 925,291 Equity Shares in the Non Institutional has been spilled over to Qualified Institutional Buyers. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under: (Sample)

| Category | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Equity Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Bidder | Ratio | Total No. of Equity Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 266 | 24 | 16.90 | 6,384 | 0.13 | 266 | 1:1 | 6,384 |
| 285 | 12 | 8.45 | 3,420 | 0.07 | 285 | 1:1 | 3,420 |
| 304 | 2 | 1.41 | 608 | 0.01 | 304 | 1:1 | 608 |
| 380 | 4 | 2.82 | 1,520 | 0.03 | 380 | 1:1 | 1,520 |
| 399 | 2 | 1.41 | 798 | 0.02 | 399 | 1:1 | 798 |
| 475 | 3 | 2.11 | 1,425 | 0.03 | 475 | 1:1 | 1,425 |
| 494 | 3 | 2.11 | 1,482 | 0.03 | 494 | 1:1 | 1,482 |
| 513 | 7 | 4.93 | 3,591 | 0.07 | 513 | 1:1 | 3,591 |
| 570 | 3 | 2.11 | 1,710 | 0.03 | 570 | 1:1 | 1,710 |
| 627 | 18 | 12.68 | 11,286 | 0.22 | 627 | 1:1 | 11,286 |
| 817 | 1 | 0.70 | 817 | 0.02 | 817 | 1:1 | 817 |
| 874 | 1 | 0.70 | 874 | 0.02 | 874 | 1:1 | 874 |
| 950 | 4 | 2.82 | 3,800 | 0.07 | 950 | 1:1 | 3,800 |
| 988 | 3 | 2.11 | 2,964 | 0.06 | 988 | 1:1 | 2,964 |
| 1,007 | 2 | 1.41 | 2,014 | 0.04 | 1,007 | 1:1 | 2,014 |
| 1,273 | 4 | 2.82 | 5,092 | 0.10 | 1,273 | 1:1 | 5,092 |
| 1,292 | 3 | 2.11 | 3,876 | 0.08 | 1,292 | 1:1 | 3,876 |
| 1,311 | 1 | 0.70 | 1,311 | 0.03 | 1,311 | 1:1 | 1,311 |
| 1,900 | 2 | 1.41 | 3,800 | 0.07 | 1,900 | 1:1 | 3,800 |
| 2,565 | 2 | 1.41 | 5,130 | 0.10 | 2,565 | 1:1 | 5,130 |
| 3,838 | 1 | 0.70 | 3,838 | 0.08 | 3,838 | 1:1 | 3,838 |
| 5,130 | 2 | 1.41 | 10,260 | 0.20 | 5,130 | 1:1 | 10,260 |
| 5,700 | 2 | 1.41 | 11,400 | 0.22 | 5,700 | 1:1 | 11,400 |
| 13,452 | 1 | 0.70 | 13,452 | 0.26 | 13,452 | 1:1 | 13,452 |
| 14,991 | 1 | 0.70 | 14,991 | 0.29 | 14,991 | 1:1 | 14,991 |
| 25,650 | 2 | 1.41 | 51,300 | 1.01 | 25,650 | 1:1 | 51,300 |
| 56,411 | 1 | 0.70 | 56,411 | 1.11 | 56,411 | 1:1 | 56,411 |
| 64,087 | 2 | 1.41 | 128,174 | 2.52 | 64,087 | 1:1 | 128,174 |
| 128,155 | 2 | 1.41 | 256,310 | 5.04 | 128,155 | 1:1 | 256,310 |
| 128,193 | 1 | 0.70 | 128,193 | 2.52 | 128,193 | 1:1 | 128,193 |
| 256,405 | 2 | 1.41 | 512,810 | 10.09 | 256,405 | 1:1 | 512,810 |
| 284,240 | 1 | 0.70 | 284,240 | 5.59 | 284,240 | 1:1 | 284,240 |
| 448,704 | 1 | 0.70 | 448,704 | 8.83 | 448,704 | 1:1 | 448,704 |
| 641,022 | 2 | 1.41 | 1,282,044 | 25.22 | 641,022 | 1:1 | 1,282,044 |
| 1,282,044 | 1 | 0.70 | 1,282,044 | 25.22 | 1,282,044 | 1:1 | 1,282,044 |

*Note: Unsubscribed portion of 925,291 Equity Shares spilled over to QIB Category.*

**C. Allotment to QIBs (excluding Anchor Investors) (After technical rejections, multiple or duplicate Bids and Bids not banked/returned)**

Allotment to QIBs, who have bid at the Offer Price of ₹ 780 per Equity Share or above, has been done on a proportionate basis in consultation with BSE. This category has been subscribed to the extent of 0.7774* times of the Net QIB portion. The total number of Equity Shares allotted in the Net QIB Portion is 12,332,007 Equity Shares, which were allotted to 50 successful Applicants. As per the SEBI ICDR Regulations, Mutual Funds were allotted 5% of the Equity Shares of Net QIB portion available i.e. 793,115 Equity Shares (includes under subscribed portion of 145,888 Equity Shares spilled over from Retail Category and 46,265 Equity Shares spilled over from Non Institutional Category) and other QIBs and unsatisfied demand of Mutual Funds were allotted the remaining available Equity Shares i.e. 11,538,892 Equity Shares (includes under subscribed portion of 2,771,879 Equity Shares spilled over from Retail Category and 879,026 Equity Shares spilled over from Non Institutional Category) on a proportionate basis.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPC | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ALLOTMENT | 1,923,066 | 2,959,155 | 641,022 | 1,346,131 | 1,768,691 | 3,693,942 | 12,332,007 |

*The Registrar informed that in QIB Category 50 valid applications for 12,332,007 Equity Shares were received at higher end of the price band against 12,019,231 Equity Shares reserved for this category resulting in subscription of 1.0260 times. However, after including the spillover of 3,843,058 Equity Shares i.e. 925,291 Equity Shares from Non Institutional Investors Category and 2,917,767 Equity Shares from Retail Individual Investors, resulting into total of 15,862,289 Equity Shares resulting in subscription of 0.7774 times.

**D. Allotment to Anchor Investors**

The Company Promoter Selling Shareholders, in consultation with the GCBRLMs and BRLMs, have Allotted 18,028,846 Equity Shares to 22 Anchor Investors (through 27 Applications) at the Anchor Investor Offer Price of ₹ 780 per Equity Share in accordance with the SEBI Regulations. This represents 60.00% of the QIB Portion (as disclosed in the Red Herring Prospectus)

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPC | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ALLOTMENT | — | 2,884,637 | 641,060 | — | 576,935 | 13,926,214 | **18,028,846** |

The Board of our Company at its meeting held on August 16, 2019 has taken on record the Basis of Allotment of Equity Shares, finalised in consultation with the Designated Stock Exchange, being BSE and has allotted the Equity Shares to various successful Bidders. The Allotment Advice-cum-Intimations and/ or notices will be dispatched to the address of the investors as registered with the depositories. Further, the instructions to the Self Certified Syndicate Banks for unblocking of funds and transfer to Public Offer Account have been issued on August 14, 2019 and payment to non-Syndicate brokers have been issued on August 16, 2019. In case the same is not received within ten days, investors may contact the Registrar to the Offer at the address given below. The Equity Shares Allotted to the successful Allottees have been uploaded on August 16, 2019 for credit into the respective beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company has filed the listing application with BSE and NSE on August 16, 2019. The Company has received listing and trading approval from BSE and NSE and the trading will commence on or about August 20, 2019.

**Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus.**

**INVESTORS PLEASE NOTE**

Pursuant to the finalisation of the Basis of Allotment, the number of the Equity Shares held by SPCPL, which shall be pledged in favour of Housing Development Finance Corporation Limited, after creation of lock-in in accordance with Regulation 16(b) of the SEBI ICDR Regulations, stands updated from up to 57,347,979 Equity Shares (representing 35.76% of the paid-up Equity Share capital of the Company) to 59,718,766 Equity Shares (representing 37.24% of the paid-up Equity Share capital of the Company). Related disclosures on pages 34, 78 and 81 of the Prospectus should be read together with this update.

**These details of the Allotment made shall be hosted on the website of Registrar to the Offer, Link Intime India Private Limited at www.linkintime.co.in**

All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Offer quoting full name of the First/ Sole applicant, Serial number of the ASBA form, number of Equity Shares bid for, name of the Member of the Syndicate, place where the bid was submitted and payment details at the address given below:

LINK Intime

**Link Intime India Private Limited**
C-101, 1st Floor, 247 Park, L.B.S Marg, Vikhroli (West), Mumbai 400 083.
**Telephone no.:** +91 22 4918 6200; **E-mail:** sterlingwilson.ipo@linkintime.co.in
**Investor grievance e-mail:** sterlingwilson.ipo@linkintime.co.in; **Website:** www.linkintime.co.in
**Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan; **SEBI Registration No.:** INR000004058

**For STERLING AND WILSON SOLAR LIMITED**
**On behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Place: Mumbai**
**Date: August 19, 2019**

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF STERLING AND WILSON SOLAR LIMITED.**

**STERLING AND WILSON SOLAR LIMITED** has registered the Prospectus with the Registrar of Companies, Mumbai. The Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com and is available on the websites of the GCBRLMs at www.icicisecurities.com, www.axiscapital.co.in, www.credit-suisse.com, www.db.com/India, www.iiflcap.com and www.sbicaps.com and the websites of the BRLMs at www.indusind.com and www.yesinvest.in. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see the section titled *'Risk Factors'* on page 28 of the Prospectus.

These materials are not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. These materials are not an offer for the sale of the Equity Shares or other securities in the United States or elsewhere. The Equity Shares referred to herein have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"Securities Act"**) and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and applicable state securities laws.

No public offering of the Equity Shares or other securities is being made in the United States.

CONCEPT

# बाजवा को तीन साल का सेवा विस्तार

इस्लामाबाद, 19 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को और तीन साल के लिए सेवा विस्तार दे दिया गया है। मीडिया रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि क्षेत्र के मौजूदा सुरक्षा हालात के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। इसकी एक वजह यह भी बताई गई है कि प्रधानमंत्री इमरान खान और बाजवा घनिष्ठ सहयोग के साथ काम कर रहे हैं और उसी को देखते हुए उनके कार्यकाल को विस्तार देने का फैसला किया गया है। मीडिया रिपोर्टों में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी संक्षिप्त अधिसूचना के अनुसार, 'जनरल कमर जावेद बाजवा को मौजूदा कार्यकाल की समाप्ति की तारीख से और तीन साल का सेवा विस्तार दिया जाता है।' 'डान' समाचारपत्र ने बताया है कि क्षेत्र के सुरक्षा माहौल के मद्देनजर यह फैसला किया गया है। साथ ही रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फैसला प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा किया गया। इस समय जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा जनरल बाजवा को नवंबर, 2016 में सेना प्रमुख बनाया गया था। 58 वर्षीय बाजवा के इस साल सेवानिवृत्त होने की संभावना थी।

इससे पूर्व, ऐसी खबरें आ रही थीं कि प्रधानमंत्री खान, बाजवा को तीन साल का सेवा विस्तार दे सकते हैं। दोनों के बीच तालमेल भी काफी देखा जा रहा है। बाजवा, खान की पहली अमेरिका यात्रा के समय उनके साथ गए थे जहां प्रधानमंत्री ने वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी। खान ने अभूतपूर्व कदम के तहत बाजवा को राष्ट्रीय विकास परिषद का सदस्य भी मनोनीत किया था। पाकिस्तान में सेना प्रमुख के पद पर नियुक्ति प्रधानमंत्री और उनकी सरकार का विशेषाधिकार होती है। यहां सबसे वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को सेना प्रमुख बनाने की परंपरा का पालन नहीं किया जाता। बाजवा को ऐसे समय में सेवा विस्तार दिया गया है जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के फैसले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध खराब दौर से गुजर रहे हैं।कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के भारत के फैसले पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों का दर्जा कम करने का फैसला किया था और भारतीय उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया था।

# श्रीलंका में मानवाधिकार उल्लंघन का आरोपी फील्ड कमांडर बना सैन्य प्रमुख

कोलंबो, 19 अगस्त (भाषा)।

श्रीलंका के विवादित फील्ड कमांडर को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह विवादित फील्ड कमांडर देश के 26 साल तक चले गृहयुद्ध के दौरान मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों का आरोपी रहा है। मौजूदा सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल महेश सेनानायक की सेवा अवधि नहीं बढ़ाने के कारण लेफ्टिनेंट जनरल शवेंद्र सिल्वा (55) यह प्रभार संभालेंगे।

राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना के कार्यालय ने लेफ्टिनेंट जनरल शवेंद्र सिल्वा को नया सैन्य कमांडर नियुक्त किए जाने की घोषणा की। सिल्वा ने 2009 में गृह युद्ध के अंतिम दौर में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के विद्रोहियों के खिलाफ जंग में सेना के 58वें डिविजन की कमान संभाली थी। उनकी ब्रिगेड पर आम नागरिकों, अस्पतालों और फंसे हुए तमिल नागरिकों को की जा रही रसद आपूर्ति रोकने का आरोप है। सिल्वा के नाम का उल्लेख संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) द्वारा 2013 में पारित प्रस्ताव में था जिसमें श्रीलंकाई सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।

# अफगानिस्तान में हिंसा बढ़ाना है पाकिस्तान का मकसद : राजदूत

वाशिंगटन/काबुल, 19 अगस्त (भाषा)।

अफगानिस्तान ने कश्मीर को उसके यहां अमेरिका की अगुआई में चल रही शांति प्रक्रिया से जोड़ने की पाकिस्तान की कोशिश को धृष्ट, अवांछित और गैर जिम्मेदाराना करार दिया है। साथ ही अफगानिस्तान ने अपने यहां लंबे समय तक हिंसा फैलाने के इस्लामाबाद के नापाक इरादे की भी निंदा की है। अमेरिका में अफगानिस्तान की राजदूत रोया रहमानी ने कहा कि पाकिस्तान का मकसद कश्मीर मुद्दे से अफगानिस्तान को जोड़कर अफगान धरती पर हिंसा को बढ़ाना है।

अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत असद माजिद खान ने पिछले हफ्ते न्यूयार्क टाइम्स से कहा था कि ताजा भारत-पाक तनाव के बीच उनका देश अफगानिस्तान से लगती सीमा से लेकर कश्मीर तक सैनिकों की फिर से तैनाती कर सकता है। खबर है कि इससे अमेरिका और तालिबान के जारी शांति वार्ता उलझ सकती है।

अमेरिका में अफगानिस्तान की राजदूत रोया रहमानी ने कहा, 'अफगान शांति प्रयास को कश्मीर की उभरती स्थिति से जोड़ने वाले ऐसे कोई भी बयान घृष्ट, अवांछित एवं गैर जिम्मेदाराना हैं।' रविवार को वाशिंगटन स्थित अफगान दूतावास से जारी बयान में रहमानी ने कहा, 'अफगानिस्तान अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत असद माजिद खान के इस बयान पर दृढ़ता से प्रश्न खड़ा करता है कि कश्मीर के वर्तमान तनाव से अफगानिस्तान की शांति प्रकिया प्रभावित हो सकती है।'

# जाकिर नाइक से पूछताछ करेंगे मलेशियाई अधिकारी

कुआलालंपुर, 19 अगस्त (भाषा)।

मलेशियाई अधिकारियों ने जाकिर नाइक को हिंदुओं व चीनियों के खिलाफ कथित नस्ली टिप्पणी करने के मामले में दूसरी बार तलब किया है। इससे कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने विवादित धर्म उपदेशक को कहा था कि उसे देश में राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की इजाजत नहीं है। आधिकारिक बरनामा संवाद समिति ने सोमवार को खबर दी कि नाइक को रॉयल मलेशिया पुलिस मुख्यालय, बुकित अमन में उसका बयान दर्ज कराने के लिए दूसरी बार बुलाया गया है। भारतीय अधिकारी कथित धनशोधन और घृणा भाषणों के जरिए चरमपंथ भड़काने के मामलों में 2016 से नाइक की तलाश कर रहे हैं।

# मोदी की फ्रांस, यूएई और बहरीन की यात्रा 22 से

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

- फ्रांस में रक्षा, परमाणु सहयोग और आतंकवाद से निपटने पर होगी बात
- यूएई में प्रधानमंत्री 'आर्डर आफ जायद' ग्रहण करेंगे
- बहरीन में परस्पर हितों पर होगी बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 से 26 अगस्त तक फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन की यात्रा पर रहेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान वे इन देशों के शीर्ष नेताओं के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और परस्पर हित के वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। फ्रांस में रक्षा, परमाणु ऊर्जा, नौवहन सहयोग और आतंकवाद से निपटने जैसे विषयों बातचीत होगी। प्रधानमंत्री वहां के बियारेत्ज शहर में 25 अगस्त को जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में भारत को सहयोगी देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। सऊदी अरब में प्रधानमंत्री मोदी वहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर आफ जायद' ग्रहण करेंगे। बहरीन में मोदी अपने समकक्ष राजकुमार शेख खलीफा बिन सलमान अल खलीफा के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आयामों के साथ ही क्षेत्रीय और परस्पर हित के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

विदेश मंत्रालय के सचिव (ईआर) टीएस तिरुमूर्ति ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 22 अगस्त की शाम फ्रांस पहुंचेंगे। फ्रांस से प्रधानमंत्री 23 से 25 अगस्त तक संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन की द्विपक्षीय यात्रा पर जाएंगे। मोदी 25 अगस्त को जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने फ्रांस के बियारेत्ज शहर लौटेंगे। वे शिखर सम्मेलन में 'असमानता से मुकाबला' विषय पर भी अपने विचार रखेंगे। 22 अगस्त की शाम को ही प्रधानमंत्री की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ बैठक होगी। दोनों नेताओं के बीच पहले आमने सामने की बैठक और फिर शिष्टमंडल स्तर की बैठक होगी। राष्ट्रपति मैक्रों मोदी को रात्रिभोज देंगे। वहां प्रधानमंत्री का भारतीय समुदाय को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। भारत और फ्रांस के बीच चर्चा में रक्षा सहयोग महत्वपूर्ण आयाम होंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा, नौवहन क्षेत्र, अंतरिक्ष सहयोग, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। फ्रांस के साथ जैतपुर परमाणु संयंत्र परियोजना को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। भारत और फ्रांस अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को आगे बढ़ाने व तीसरे देश खास तौर पर अफ्रीका में इसे आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

प्रधानमंत्री 23 से 25 अगस्त तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन की यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा इस मायने में भी खास है, क्योंकि इस दौरान वह यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर आफ जायद' ग्रहण करेंगे। वहां महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर डाक टिकट भी जारी करेंगे। रुपे कार्ड शुरू करेंगे। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा, समग्र सामरिक सहयोग के बढ़ावा देने के साथ कारोबार, आतंकवाद से निपटने, अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने पर व्यापक चर्चा होगी। प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान अबु धाबी के युवराज शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे।

बहरीन में मोदी अपने समकक्ष राजकुमार शेख खलीफा बिन सलमान अल खलीफा के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आयामों के साथ ही क्षेत्रीय और परस्पर हित के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बहरीन के शेख हमाद बिन ईसा अल खलीफा मोदी के सम्मान में एक रात्रि भोज का आयोजन करेंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री का मनामा में श्रीनाथजी मंदिर के पुनरुद्धार कार्य की शुरुआत करने का कार्यक्रम है। बहरीन में करीब 3,50,000 भारतीय नागरिक रहते हैं जो कि देश में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और वे बहरीन के विकास में योगदान दे रहे हैं।

# मनमोहन सिंह राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 19 अगस्त।

राजस्थान से राज्यसभा की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में कांग्रेस की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

निर्वाचन अधिकारी प्रमिल कुमार माथुर ने सोमवार को दोपहर 3 बजे बाद नाम वापसी का समय खत्म होने के बाद सिंह को निर्वाचित घोषित किया। राज्यसभा की एक सीट के लिए सिर्फ कांग्रेस के मनमोहन सिंह का ही नामांकन दाखिल हुआ था।

सिंह के निर्वाचन का प्रमाण पत्र उनके प्रतिनिधि के तौर पर विधानसभा के मुख्य सचेतक महेश जोशी ने हासिल किया। निर्वाचन अधिकारी माथुर ने बताया कि एक सीट के लिए सिर्फ मनमोहन सिंह के ही चार नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। जांच के दौरान सभी नामांकन सही पाए गए।

# नीरज शेखर राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

लखनऊ, 19 अगस्त (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज शेखर सोमवार को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए।

चुनाव अधिकारी एवं विशेष सचिव बृजभूषण दुबे ने कहा, 'आज, सोमवार, नाम वापसी की समयसीमा समाप्त होने के बाद नीरज शेखर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।' राज्य में राज्यसभा की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज शेखर का निर्विरोध निर्वाचन पहले ही तय हो गया था क्योंकि उनके अलावा किसी और ने नामांकन नहीं किया था। शुक्रवार नामांकन पत्र की जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई थी और आज नाम वापसी की अंतिम समयसीमा थी।

---

**SBI**

परिचालन जोखिम प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट सेंटर, 6ठी मंजिल, एयर इंडिया बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.

**प्रस्ताव हेतु अनुरोध**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा प्रचालन जोखिम प्रबंधन विभाग, के लिए कंसलटेन्ट की नियुक्ति के लिए इच्छुक पार्टियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. बोली जमा कराने की अंतिम तिथि 11.09.2019 दोपहर 3:00 बजे तक है. अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक पार्टियां हमारी वेबसाइट **https://www.sbi.co.in** या **https://bank.sbi** पर विजिट कर सकती हैं.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 20.08.2019

हस्ताक्षर
उप महाप्रबंधक
(परिचालन जोखिम)

---

**FSL**

**फ्रान्टलाइन सिक्युरिटीज लिमिटेड**
**CIN: L65100DL1994PLC058837**
**पंजीकृत कार्यालयः एम-6, II रा तल, एम ब्लॉक मार्केट, ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली- 110048**
**शाखा कार्यालयः बी-22, सेक्टर-4, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301**
**टेलीफोनः 0120-2534067, 68 फैक्सः 0120-2534111**
**ईमेलः secretarial@fsltechnologies.com, वेबसाईटः www.fslindia.com**

**वार्षिक साधारण सभा, रिमोट ई-वोटिंग एवं सदस्यों के रजिस्टर बंद होने की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि फ्रान्टलाइन सिक्युरिटीज लिमिटेड के सदस्यों की 25वीं वार्षिक साधारण सभा ( एजीएम) गुरुवार, 12 सितम्बर, 2019 को 9.45 पूर्वा में पीएचडी हाउस- लक्ष्मीपत सिंघानिया ऑडिटोरियम, 4/2, सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली- 110016 में आयोजित की जाएगी।

एजीएम के आमंत्रण की सूचना सहित वित्त वर्ष 2018-19 के वार्षिक रिपोर्ट सदस्यों को कूरियर द्वारा उनके पंजीकृत पते पर तथा जिन्होंने डिपॉजिटरीज/आरटीए/कम्पनी के पास अपने ई-मेल आईडी पंजीकृत कराये हैं, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेज दिये गये हैं। वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाईट (www.fslindia.com) तथा साथ ही निरीक्षण के लिये सभा की तिथि तक व्यावसायिक अवधि के दौरान सभी कार्य दिवसों को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में उपलब्ध हैं। यह सूचना लिंक इन्टाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की वेबसाईट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है।

कंपनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014, समय-समय पर यथा-संशोधित के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनिमयन, 2015 के विनियमन 44 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार यह कंपनी सूचना में निर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रानिक माध्यमों से मतदान करने की सुविधा अपने सदस्यों के लिए सहर्ष उपलब्ध करा रही है। शेयरधारकों को ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कंपनी ने लिंक इन्टाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की सेवाएं प्राप्त की हैं।

लाभांश के भुगतान तथा एजीएम के उद्देश्य से सदस्यों के रजिस्टर तथा कंपनी की शेयर अंतरण पुस्तकें शुक्रवार, 6 सितम्बर, 2019 से गुरुवार, 12 सित. 2019 (दोनों दिवस सहित तक बंद रहेंगे।)

इस संदर्भ में सदस्य कृपया ध्यान रखें किः

I. रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम स्थल पर मतदान करने के लिए शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश से कट ऑफ तिथि 5 सितम्बर, 2019 (व्यावसायिक अवधि की समाप्ति) है तथा कट ऑफ तिथि 5 सितम्बर, 2019 (व्यावसायिक अवधि की समाप्ति) को भौतिक अथवा डीमैटीरियलाइज्ड पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्य एजीएम के किसी अन्यत्र स्थान से लिंक इन्टाईम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मतदान कर सकते हैं (''रिमोट ई-वोटिंग'' द्वारा) अथवा एजीएम में मत पत्र द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं।

II. रिमोट ई-वोटिंग सोमवार, 9 सितम्बर 2019 को 9.00 बजे पूर्वा. से शुरू होगी तथा बुधवार, 11 सितम्बर, 2019 को 5 बजे सायं में बंद होगी।

III. यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद किंतु कट ऑफ तिथि 5 सितम्बर, 2019 (व्यावसायिक अवधि की समाप्ति) से पूर्व कंपनी का शेयर अर्जित किए हों तथा सदस्य बने हों, वे निम्न संपर्कों पर आरटीए से संपर्क कर कंपनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) से ई-वोटिंग के लिए पास्वर्ड एवं यूजर आईडी प्राप्त कर सकते हैंः **आरटीए-टेली.**: + 91 11 41410592/93/94, ई मेल आईडीः **bharatb@linktime.co.in**

IV. 11 सितम्बर, 2019 को 5 बजे सायं के बाद लिंक इन्टाईम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा रिमोट ई-वोटिंग सुविधा निष्क्रिय कर दी जाएगी तथा उक्त तिथि एवं समय के बाद मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

V. एजीएम स्थल पर मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

VI. रिमोट- ई वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर देने के बाद भी सदस्य एजीएम में शामिल हो सकते हैं लेकिन एजीएम में उन्हें फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

VII. जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा प्रबंधित लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल हों, वे रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ मत पत्र के द्वारा साधारण सभा में मतदान की सुविधा प्राप्त करने के लिए अधिकृत होंगे।

VIII. यदि शेयरधारक का ई-वोटिंग से संबंधित कोई प्रश्न अथवा समस्या हो, वे 'HELP' खंड में https://intavote.linkintime.co.in पर उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQ's) तथा ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल देखें अथवा enotices@linkintime.co.in पर ईमेल करें अथवा टेली.: 022-49186000 पर हमें कॉल करें।

एजीएम में लाभांश, यदि कोई घोषित होता है, का भुगतान उन सदस्यों को किया जाएगा जिनके नाम 5 सितम्बर, 2019 (व्यावसायिक अवधि की समाप्ति) को कंपनी की सदस्यों के रजिस्टर में शामिल होंगे। कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू होने वाले प्रावधानों तथा हरित पहल के एक भाग के रूप में कंपनी अपने सदस्यों को उनके ई-मेल पते उपलब्ध कराने/ अद्यतन कराने के लिए प्रेरित करती है ताकि इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन्हें सूचना/ दस्तावेजों/ वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध कराया जा सके। सदस्यों को उनके ईसीएस/ एनईएफटी मैंडेट्स पंजीकृत कराने के लिए भी प्रेरित किया जाता है ताकि भविष्य में लाभांश प्रत्यक्ष रूप से उनकी बैंक खाता में क्रैडिट की जा सके। भौतिक पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्यों के लिए अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए अनुरोध कंपनी या आरटीए के पास तथा डीमैटीरियलाइज्ड पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्यों के मामले में डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास भेजी जा सकती है।

**फ्रान्टलाइन सिक्युरिटीज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**पूजा गुप्ता**
**(कंपनी सचिव)**
**एम. नं.: 42583**

**तिथिः** 19.8.2019
**स्थानः** नोएडा

---

शुद्धिपत्र प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा (17 अगस्त 2019 को प्रकाशित)
[illegible]
अशोक कुमार गुप्ता
अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफेशनल

---

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**शाखा कार्यालयः एनईपीजेड, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उ0प्र0**

**कब्जा सूचना (चल/अचल सम्पत्ति के लिए)**
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, (दूसरा) अध्यादेश 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एनईपीजेड, नोएडा शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **30/05/2019** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः मैसर्स न्यू एज एपारेल्स प्रा0 लि0, प्लॉट नं.342, उद्योग केन्द्र-2, इकोटेक पार्क-3, ग्रेटर नोएडा-201306 (उ0प्र0) निदेशकः (1) श्री हिमान्शु रस्तोगी पुत्र दिनेश कुमार रस्तोगी एवं (2) मयन्क रस्तोगी पुत्र दिनेश कुमार रस्तोगी, स्थायी पताः** पट्टी राजा राम शियाना बुलन्दशहर (उ0 प्र0), **वर्तमान पताः** एल-181, मनोज विहार, नीति खण्ड-3, इंदिरापुरम, गाज़ियाबाद (उ0प्र0) पिन-201014. **गारण्टरः (1) श्री हिमान्शु रस्तोगी (2) मयन्क रस्तोगी, स्थायी पताः पट्टी राजा राम शियाना, बुलंदशहर, (उ0प्र0) वर्तमान पताः** एल-181, मनोज विहार, नीति खण्ड-3, इन्दिरापुरम, गाज़ियाबाद (उ0प्र0) पिन-201014 **(3) प्रसान्त रस्तोगी पुत्र वेद प्रकाश रस्तोगी एवं (4) श्रीमती पुष्पान्जली रस्तोगी पत्नी प्रसान्त रस्तोगी, वर्तमान पताः** एल-181, मनोज विहार, नीति खण्ड-3, इन्दिरापुरम, गाज़ियाबाद (उ0प्र0) पिन-201014 को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.2,87,07,741.02 (दो करोड़ सतासी लाख सात हजार सात सौ इकतालिस रूपये एवं दो पैसे मात्र) ब्याज के साथ** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 14.08.2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे **सम्पत्ति** के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और **सम्पत्ति** का कोई भी लेनदेन **रु.2,87,07,741.02 (दो करोड़ सतासी लाख सात हजार सात सौ इकतालिस रूपये एवं दो पैसे मात्र) और उस ब्याज के साथ, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एनईपीजेड, नोएडा शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

**ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुडाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

**चल सम्पत्ति का विवरण**
**स्टॉक / प्लान्ट एवं मशीनरी का दृष्टि बंधित (बंधक) रखना**

**अचल सम्पत्ति का विवरण**
**ईएम प्लॉट सं.342, उद्योग केन्द्र-2, ईकोटेक पार्क-3, ग्रेटर नोएडा-201306 (उ0प्र0) जो घिरा हैः**
उत्तरः पूर्व से प्लॉट सं.275
दक्षिणः पश्चिम से 24 मीटर चौड़ी रोड
दक्षिणः पूर्व से प्लॉट सं.343 उत्तरः पश्चिम से प्लॉट सं.341

**स्थानः नोएडा**
**तिथिः 14.08.2019**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

---

**LIBERTY SHOES LIMITED** **LIBERTY**

CIN L19201HR1986PLC033185
**Registered Office:** Libertypuram, 13th Milestone, G.T. Karnal Road, Kutail, P.O. Bastara, Dist. Karnal - 132114, Haryana
**Corporate Office:** Ground Floor, Tower A, Building No. 8, DLF Cyber City, Phase - II, Gurugram-122002, Haryana
Tel.: (+91) 0124-4616200, Fax: (+91) 0124-4616222
**E-mail:** investorcare@libertyshoes.com **Website:** www.libertyshoes.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018/139 dated 6th November 2018, the Company has received following requests from the transferee(s) to transfer the below mentioned securities as these securities were purchased by below mention transferee(s) long back and could not get transferred/registered in his/her/their name earlier.

| Folio No. | Name(s) of the Holder(s)/ Transferor | Security Type and Face Value | Number of Securities | Distinctive Nos. From - To | Name(s) of the Transferee(s) |
|---|---|---|---|---|---|
| 0003164 | MANSUKH G SADHARIYA | Equity Share ₹10/- | 100 | 4045101 - 4045200 | D. JAYACHANDRA REDDY SAVITHA PANWAR |

Any person who has a claim in respect of the above mentioned securities, should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 30 days from the date of Publication of this Notice along with appropriate documentary evidence thereof in support of such claim, else the Company will proceed to transfer the securities in favour of the above proposed Transferee(s), without any further intimation.

Place: Gurugram, Haryana
Dated: Monday, 19th August, 2019

Munish Kakra
CFO & Company Secretary

---

**वसूली अधिकारी-I का कार्यालय,**
**ऋण वसूली न्यायाधिकरण -III, दिल्ली**
**चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली-110001**

**बिक्री उद्घोषणा सूचना**

आरसी सं. 1025/2018 बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं को देय ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के तहत बिक्री की उद्घोषणा दिनांकित : 02-08-2019

**बैंक ऑफ इंडिया बनाम मैसर्स जिया जैम्स एण्ड ज्वैल्स एवं अन्य**

सीडी सं. 1 मैसर्स जिया जैम्स एण्ड ज्वैल्स प्रॉपराइटर प्रकाश जोशी, 2578-79, प्रथम तल, बीडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
सीडी सं. 2 प्रकाश जोशी (प्रॉपराइटर) आरजेड-31, विष्णु गार्डन, गली नंबर 2, ख्याला, नई दिल्ली-110018
सीडी सं. 3 राधा जोशी (गारंटर) आरजेड-31, विष्णु गार्डन, गली नंबर 2, ख्याला, नई दिल्ली-110018

जबकि आप पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-III, दिल्ली द्वारा ओ.ए. सं. 502/2017 में आहरित वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार देय रू. 1,45,35,825.58/- (रूपए एक करोड़ पैंतालीस लाख पैंतीस हजार आठ सौ पच्चीस तथा पैसे अट्ठावन मात्र) की राशि, प्रमाणपत्र के अनुसार लागत, अनुषंगी खर्चे तथा वह ओ. ए. दाखिल करने की तिथि यानि 12-06-2017 से 12 प्रतिशत की दर पर साधारण ब्याज सहित, चुकाने में असफल रहे हैं।

और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वसूली प्रमाणपत्र के समाधान में नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कोई स्थगन आदेश नहीं होने की स्थिति में, उक्त सम्पत्ति 27-09-2019 को अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच (समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में कोई बोली आने की स्थिति में स्वतः विस्तार क्लॉज सहित, यदि अपेक्षित है) सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (एबीसी प्रोक्योर), ए-201/208, वॉल स्ट्रीट-II, ओरियंट क्लब के सामने, गुजरात कालेज के निकट, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006 गुजरात (भारत) फोन : +91 079 40230808-816/817/818/821/824/831/832 फैक्स : +91 79 40016876 के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बोलीदान" द्वारा बेची जाएगी। किसी पूछताछ हेतु सम्पर्क करें श्री राम प्रसाद : 9265562821

आगे विवरण के लिए सम्पर्क करें : श्री नीरज रस्तोगी, मुख्य प्रबंधक, मोबाइल नंबर 9871286176

उपरोक्त नामक प्रतिवादी की जिस सम्पत्ति की बिक्री की जाएगी, उसका वर्णन नीचे अनुसूची में किया गया है तथा उक्त सम्पत्ति की देयताएं तथा संबंधित दावे, जिनका अभी तक अभिनिश्चयन किया गया है, अनुसूची में प्रत्येक लॉट के सामने वर्णित अनुसार हैं।

बिक्री से संबंधित कोई ड्यूटी करने वाला कोई भी अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति के लिए बोली नहीं लगाएगा, बेची गई सम्पत्ति में कोई हित अर्जित नहीं करेगा अथवा अर्जित करने का प्रयास नहीं करेगा। यह बिक्री आय कर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित शर्तों और उनके तहत बनाए गए नियमों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के तहत होगी।

संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, असत्यकथन या विलोपन के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।

1. सम्पत्तियों का वर्णन, सुरक्षित मूल्य तथा ईएमडी निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | सम्पत्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य/ईएमडी |
|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति सं. 1 एवं 2, दक्षिण साइड सुपर एरिया माप 106.7 वर्ग फीट प्रत्येक दुकान तृतीय तल पर, छत/टेरेस का अधिकार नहीं, उक्त सम्पत्ति गली नंबर 7, वार्ड नंबर XVI खसरा नंबर 2121-297, बीडनपुरा, करोलबाग, नई दिल्ली-110005 स्थित फ्रीहोल्ड सम्पत्ति म्युनिसिपल नंबर 2519-20 का अंश है। | रू. 21,76,000/- (रूपए इक्कीस लाख छहत्तर हजार मात्र) ईएमडी रू. 2,17,600/- (रूपए दो लाख सत्रह हजार छह सौ मात्र) |

2. सम्पत्तियां सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएंगी।
3. रकम जिससे बोली बढ़ायी जायेगी, वह रू. 50,000/- (रू. पचास हजार मात्र) है। बोली अथवा बोलीदाता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में लॉट की नीलामी तत्काल दोबारा की जाएगी।
4. उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाएगा। उच्चतम बोली अस्वीकार/स्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का विवेकाधिकार होगा, यदि पेश की गई ऑफर उसको स्वीकार किए जाने हेतु स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत होती है।
5. ईएमडी वसूली अधिकारी-I, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-III, दिल्ली के पक्ष में डीडी/पे आर्डर के रूप में 25-09-2019 तक लिफाफे में वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पास जमा की जाएगी। उसके बाद जमा की गई ईएमडी ई-नीलामी में भाग लेने हेतु स्वीकार्य नहीं होगी।
6. पैन कार्ड, पता प्रमाण तथा पहचान प्रमाण की प्रति, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर तथा घोषणा यदि वे अपनी स्वयं की ओर से अथवा अपने प्रधानों की ओर से बोली दे रहे हैं। उत्तरवर्ती मामले में, उन्हें प्राधिकारपत्र प्रस्तुत करना होगा तथा चूक करने पर उनकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी। कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी के प्रतिनिधित्व/अटॉर्नी की पुष्टि करता हो, जमा करना होगा और ऐसी जमा की रसीद/प्रतिपन्ना उक्त सेवा प्रदाता या सीएच बैंक को ई-मेल द्वारा या अन्य प्रकार से उक्त तिथि तक प्राप्त हो जानी चाहिए और उसकी हार्ड कॉपी वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।
7. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली की 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी समायोजन के बाद, अगले बैंक कार्य दिवस को अर्थात अप. 03.00 बजे तक उक्त खाते में वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पक्ष में डीडी द्वारा जमा करनी होगी।
8. क्रेता को अंतिम बोली की 75 प्रतिशत राशि सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15 वें दिन को अथवा पूर्व जमा करनी होगी। यदि 15वां दिन रविवार या अवकाश है, तब 15वें दिन के बाद पहले बैंक कार्य दिवस को ऊपर पैरा 4 में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त क्रेता को रू. 1,000/- तक 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1,000/- से अधिक पर 1 प्रतिशत की दर पर निरोध शुल्क "दि रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, दिल्ली" के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पास जमा करना होगा।
9. सम्पत्ति संभावित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण के लिए 19-09-2019 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. .4.00 बजे तक खुली रहेगी।
10. निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। ऐसी बिक्री से पहले उसकी नई उद्घोषणा जारी की जाएगी। बोलीदाता द्वारा पहले जमा की गई राशि, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, बिक्री के व्यय काटने के बाद, सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता के, सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश अथवा सम्पत्ति की पुनरबिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी अंश के संबंध में, सभी दावे मान्य होंगे।
11. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है तथा जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।
12. अधोहस्ताक्षरी के पास अनुपयुक्त पाई जाने पर किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने अथवा किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
13. इस समय अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में सम्पत्तियों के संबंध में कोई राजस्व/ऋणभार अथवा मांगदावा का विवरण नहीं है। तथापि, संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे, अपने स्वयं के हित में, ईएमडी जमा करने से पूर्व बिजली/पानी/गृह कर बिल के बकाया अथवा किसी अन्य ऋणभार के संबंध में सावधानीपूर्वक जांच कर लें।
14. असफल बोलीदाताओं को उनकी ईएमडी की वापसी के लिए आरसी की सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि को अथवा पूर्व एक आवेदन डीआरटी-III की रजिस्ट्री में पहचान प्रमाण के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है। ईएमडी तदनुसार आरसी की सुनवाई की निर्धारित/अनुवर्ती तिथि को वापस की जाएगी।
15. यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, असत्यकथन या विलोपन के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।
16. सीएच बैंक को इसमें दिए गए विवरण की सत्यता की जांच करने तथा प्रमाणित करने का निर्देश दिया जाता है।

मेरे हस्ताक्षर तथा मोहर के साथ आज दिनांक 02 अगस्त, 2019 को दिया गया।

(अनिल कुमार यादव)
वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली

---

**कॉर्पोरेशन बैंक**
(सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक)
अंचल कार्यालय-दिल्ली उत्तर, दूसरा तल, फैज रोड-1, नई दिल्ली-110005, फोन नं. 011-28754615, 28754642, ईमेल आईडीः **dlirec@corpbank.co.in,** वेबसाईटः **www.corpbank.com**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 (1) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना।**

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक(कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका कॉर्पोरेशन बैंक (प्रतिभूत क्रेडीटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक कब्जा किया गया है की, नीचे वर्णित ऋणधारक(कों) एवं गारन्टर(रों) से कॉर्पोरेशन बैंक के नीचे वर्णित बकाये की वसूली के लिये नीचे वर्णित तिथि को ''जैसा है जहाँ है'', ''जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहाँ है'' आधार पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| **शाखा का नाम एवं पताः** | के.जी. मार्ग शाखा, फोन नं. 011-23327927 | |
| ऋणधारक एवं गारन्टर/रों का नाम | **ऋणधारकः** 1. मै. पारस ट्रेडिंग कं., 455, गली नं.-19, जाफराबाद, दिल्ली-110053<br>2. श्री सद्दाम मलिक, पुत्र श्री शेर खान मलिक (प्रॉपराइटर), 1469, गली नं. 48, जाफराबाद, शाहदरा, दिल्ली-110053<br>गान्टरः श्री शुभम अग्रवाल, श्रीमती मीना बेगम, पत्नी श्री शेर खान मलिक, 1469, गली नं. 48, जाफराबाद, शाहदरा, दिल्ली-110053 | बकाया राशिः रु. 7724628.00 तथा उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य चार्जेज |

**सम्पत्ति सं.** 07: सम्पत्ति सं. 1469, खसरा नं. 39 में, गली नं. 48, जाफराबाद, शाहदरा, दिल्ली-110053, माप 54.34 वर्ग मी. में स्थित सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 5.9.2019 को 11.45 बजे पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 64,60,000/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 6,46,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपयाः https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank-page-files/tender/paras_trading_co_1.pdf में दी गई लिंक देखें।

**तिथिः** 19.08.2019
**स्थानः** दिल्ली

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**कॉर्पोरेशन बैंक**

---

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that, I OMPAL SHOKEEN is no longer associated with the following firms with effective from 15th August, 2019. I am no longer responsible for their actions & activities.
1) LAW CIRCLE
B-343, Lower's Ground Floor
New Friend Colony, Delhi - 110025
2) TOMAR & ASSOCIATES
Office - 9, Community Center, 2nd Floor
Ashok Vihar Phase - 2, Delhi - 110052
3) SV LEGAL FIRMS
Flat No - 1672, B-1, Vasant Kunj
Delhi - 110070
4) MANBHARI ADVOCATES
Lawyer's Chamber No - 347, Western wing, Tis Hazari Courts, Delhi - 110054
5) CKT LEGAL FIRM
C-6/169, Ground Floor Lawrence Road
Delhi - 110035

# कर्ज व जमा की ब्याज दरों को रेपो दर से जोड़ने का सही समय : रिजर्व बैंक

मुंबई, 19 अगस्त (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को पूरी बैंकिंग व्यवस्था में कर्ज व जमा पर दी जाने वाली ब्याज दरों को केंद्रीय बैंक की रेपो दर में होने वाले उतार-चढ़ाव के साथ जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे मौद्रिक नीति का फायदा ग्राहकों तक पहुंचने में तेजी आएगी।

भारतीय स्टेट बैंक समेत कई सार्वजनिक बैंकों ने हाल में अपनी कर्ज और जमा दर के मूल्यांकन को रेपो दर से जोड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसी महीने मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.35 फीसद की कटौती करने के बाद बैंकों ने यह कदम उठाया। रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर में ताजा कटौती के बाद रेपो दर 5.4 फीसद रह गई। बैंकों ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब नियामक ने उनकी खराब वित्तीय सेहत को देखते हुए इसके लिए दबाव नहीं डालने का फैसला किया है।

आरबीआइ गवर्नर दास ने उद्योग मंडल फिक्की की ओर से आयोजित सालाना बैंकिंग सम्मेलन में कहा कि दरों को बाहरी मानकों से जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है और यह काम तेज गति से होना चाहिए। मुझे लगता है कि अब नए ऋण को रेपो दर जैसे बाहरी मानकों से जोड़ने को औपचारिक रूप देने का सही समय आ गया है। हम इस पर नजर रखे रहे हैं और जरूरी कदम उठाएंगे। हम नियामक के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। बाजार के रुख को देखेंगे और ऐसे कदम उठाएंगे जो नए कर्ज को रेपो या अन्य बाहरी मानकों से जोड़ने में मदद करेंगे।

गवर्नर ने कहा कि बैंकों ने अपनी ब्याज दरों खासकर नए कर्ज को रेपो और अन्य बाहरी मानकों से जोड़ना शुरू कर दिया है। लेकिन इस प्रक्रिया में तेजी की जरूरत है। आज अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सिर्फ मौद्रिक नीति की ही नहीं बल्कि उसका लाभ नीचे तक पहुंचाने की भी जरूरत है।

आर्थिक वृद्धि में गिरावट पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कयामत और निराशा किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं हैं। वृद्धि को बढ़ावा देना हम सबकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर नीति निर्माता के लिए यह चिंता का विषय है। उन्होंने माना कि एनबीएफसी संकट, कुछ अहम क्षेत्रों में पूंजी उपलब्धता और मौद्रिक नीति का फायदा ग्राहकों को पहुंचाने और बैंकिंग सुधार से कारोबारी समुदाय के साथ अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ता रहा है। दास ने कहा कि वैश्विक बैंकिंग प्रणाली जोखिम को सहने के लिए लचीली हो रही है। वित्तीय स्थिरता पर नजर रखना जरूरी है क्योंकि यह अकेले दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित कर सकती है।

आरबीआइ गवर्नर ने उम्मीद से कम वृद्धि और आर्थिक सुस्ती के संकेतों को वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए सबसे बड़ा जोखिम बताया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता की दिक्कतों को भुगतान, कर्ज और बाहरी बाजारों से खत्म किया जा सकता है। दास ने एनपीए की समस्या से जूझ रहे सार्वजनिक बैंकों में कामकाज संचालन में सुधारों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बैंकों की असली परीक्षा बाजार से पूंजी प्राप्त करने की उसकी क्षमता है। बैंक को पूंजी के लिए सिर्फ सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने दिवाला कानून में किए गए संशोधनों का भी स्वागत किया।

## अर्थव्यवस्था में चुनौतियां, पर हताश न हों : दास

मुंबई 19 अगस्त (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने माना कि इस समय घरेलू अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ रही है। इसके सामने आंतरिक और बाह्य दोनों स्तर पर कई चुनौतियां हैं। लेकिन लोगों को निराशा का राग अलापने के बजाय आगे के अवसरों को देखना चाहिए।

दास का यह बयान ऐसे समय आया है जब देश के कारोबार जगत के बड़े लोग बजट में उठाए गए कुछ कदमों को लेकर सरकार से नाखुश हैं। इसमें धनिकों और विदेशी पोर्टफालियो निवेशकों पर आयकर अधिभार की दर में बढ़ोतरी भी शामिल है। आयकर अधिभार बढ़ाए जाने के बाद से एफपीआइ ने शेयर/बांड बाजार में बिकवाली बढ़ा रखी है। इससे पांच जुलाई के बाद प्रमुख शेयर सूचकांक 13 फीसद से अधिक गिर चुके हैं।

उन्होंने फिक्की के सम्मेलन में कहा कि अर्थव्यवस्था में चुनौतियां जरूर हैं। कुछ क्षेत्र विशेष से जुड़े मसले हैं और कुछ वैश्विक व बाहरी चुनौतियां हैं। मेरा मानना है कि सोच की अहम भूमिका होती है। कृपया आगे के अवसरों की ओर देखिए। दास ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र, व्यावसायिक समुदाय, नीति नियंताओं और हम विनियामकों को मिलकर चुनौतियों का सामना करना चाहिए और भविष्य को अधिक आत्मविश्वास से देखना चाहिए।

# शेयर बाजारों में तीसरे दिन भी तेजी सूचकांक 52 अंक मजबूत

मुंबई, 19 अगस्त (भाषा)।

शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही। लेकिन अच्छी शुरुआत के बाद आर्थिक नरमी और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की स्थिति को लेकर चिंता के बीच कारोबार की समाप्ति से पहले वित्तीय और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से तेजी पर अंकुश लगा।

तीस शेयरों वाला सूचकांक वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के कारण एक समय 369 अंक तक मजबूत हुआ। लेकिन अंत में यह 52.16 अंकों की तेजी के साथ 37,402.49 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी मामूली 6.10 अंक की बढ़त के साथ 11,053.90 अंक पर बंद हुआ। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सूचकांक 444.33 अंक मजबूत हो चुका है जबकि निफ्टी में 128.05 अंक की तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार मांग में नरमी के कारण अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को लेकर चिंता बने रहने से भी बाजार पर असर पड़ा।

सूचकांक में शामिल जिन शेयरों में अच्छी तेजी दर्ज की गई, उनमें सन फार्मा, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आइसीआइसीआइ बैंक शामिल हैं। इनमें 2.66 फीसद तक की तेजी रही। दूसरी तरफ यस बैंक, पावरग्रिड, ओएनजीसी, एसबीआइ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हीरो मोटो कार्प, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक में 3.46 फीसद तक की गिरावट दर्ज की गई।

## प्रतिबंधित बीजों के इस्तेमाल पर कार्रवाई की मांग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 अगस्त।

भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री बद्रीनारायण चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रतिबंधित बीजों के कृषि में हो रहे इस्तेमाल पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि एचटीबीटी कपास, बीटी बैंगन व जीएम सरसों जैसे बीज प्रतिबंधित हैं। पर कुछ वैज्ञानिक, बिकाऊ प्रचार तंत्र और प्रलोभन के शिकार प्रशासक कंपनी के पक्ष में भ्रामक जानकारियां किसानों के बीच फैला रहे हैं।


# ट्रांसकोर्प इन्टरनेशनल लि.

**CIN : L51909DL1994PLC235697**

पंजीकृत कार्यालयः प्लाट नम्बर 3, एच.ए.एफ. पॉकेट, सेक्टर 18ए, द्वारका, फेज–।। नई दिल्ली– 110075

Website: www.transcorpint.com E-mail: grievance@transcorpint.com

फोनः 30418901-05 फैक्सः 91-11-30418906

प्रारूप - DPT-1

निक्षेपों को आमन्त्रित करने हेतु परिपत्र या विज्ञापन के रूप में परिपत्र

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73(2) व धारा 76 व कम्पनी (निक्षेप को स्वीकार करने) नियम, 2014 के नियम 4 (1) एवं 4(2) के अनुसार)

1. सामान्य जानकारी

अ) **कम्पनी का नाम, पता, वेबसाईट व सम्पर्क का विवरण– नाम : ट्रांसकोर्प इन्टरनेशनल लि.**

(1) **पंजीकृत कार्यालय**: प्लाट नं. 3, एच.ए.एफ. पॉकेट, सेक्टर 18ए, द्वारका, फेज–II, नई दिल्ली– 110075

(2) **प्रधान कार्यालय**: ट्रांसकोर्प टावर, मोती डूंगरी रोड, जयपुर– 302004

**Web-site:- www.transcorpint.com, e-mail-grievance@transcorpint.com** फोन: 0141–4004888, 999 फैक्स 0141–4004888

ब) **निगमन की तिथि**:– 20 दिसम्बर, 1994

स) **कम्पनी के कारोबार, सहायक कम्पनी, ब्रांच, इकाईयों की जानकारी**

(1) के कारोबार की जानकारी :मुद्रापरिवर्तन, प्रीपेड भुगतान प्रणाली और दूसरे अन्य कई कारोबार

(2) **शाखाऐं** :– नई दिल्ली (बाराखम्बा), नई दिल्ली (द्वारका), अन्नासलाई (चेन्नई), जालन्धर, जयपुर, चंडीगढ़, कलकत्ता, मुम्बई, पुणे, अहमदाबाद, देहरादून, जम्मू, अन्नानगर (चेन्नई), गुड़गांव, लुधियाना, नई दिल्ली (पीतमपुरा), कोयम्बटोर, बैंगलूरु, अमृतसर, कोचिन, हैदराबाद, वडोदरा।

**प्रधान कार्यालय**:–जयपुर, पंजीकृत एवं कोर्पोरेट ऑफिस:– नई दिल्ली

(3) **सहायक कंपनियां** :–

अ) नाम :–रिटको ट्रेवल्स एण्ड टयूर्स प्रा लि.

ब) स्थिति :–पूर्णतया स्वामित्ववाली सहायक कंपनी

स) पता: ट्रांसकोर्प टावर, मोती डूंगरी रोड, जयपुर– 302004

(द) व्यापार की जानकारी :– टयूर्स एवं ट्रेवल्स

(1) नाम :– ट्रांसकोर्प एस्टेट्स प्रा. लि.

(2) स्थिति :– पूर्णतया स्वामित्व वाली सहायक कंपनी

(3) पता:– ट्रांसकोर्प टावर, मोती डूंगरी रोड, जयपुर– 302004

(4) व्यापार की जानकारी :–सम्पत्तियों के किराऐ पर देना, प्रोपर्टी एवं विनियोजन

द) **कंपनी के प्रबन्ध की संक्षिप्त जानकारी**:–

**श्री हेमन्त कौल, निदेशक**– श्री हेमन्त कौल को वितिय क्षेत्र में काफी व्यापक अनुभव है। वह बजाज एलियांज इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में प्रबंध निदेशक और सी ई ओ अथवा एक्सिस बैंक में कार्यकारी निदेशक रह चुके हैं। श्री हेमन्त ने निजी इक्विटी फर्मों में स्वतंत्र प्रबंध सलाहकार रहकर वितिय क्षेत्र में निवेशों का मूल्यांकन भी करवाया है। उन्होंने आईडीबीआई को भी बैंकिंग लाइसेंस के आवेदन हेतु भी सलाह दी है।

**श्री गोपाल कृष्ण शर्मा प्रबंध निदेशक**– श्री गोपाल कृष्ण शर्मा कम्पनी में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। श्री गोपाल शर्मा को मुद्रा परिवर्तन, मनी ट्रान्सफर के व्यापार में विशाल अनुभव है।

**श्री पुरुषोतम अग्रवाल, निदेशक**– श्री पुरुषोतम अग्रवाल एक सेवानिवृत भारतीय प्रशासनिक अधिकारी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्थान सरकार के साथ औद्योगिक विकास में सराहनीय कार्य किया है।

**श्री अशोक कुमार अग्रवाल, निदेशक**– श्री अशोक कुमार अग्रवाल कंपनी के निगमन की तिथि से सन् 1994 से कंपनी के निदेशक पद पर कार्यरत हैं। श्री अशोक कुमार अग्रवाल को विभिन्न व्यवसायों जैसे कि इन्फ्रास्ट्रक्चर वित व हेल्थ मैनेजमेंट में व्यापक अनुभव है। श्री अग्रवाल वर्तमान में डब्लयू. एच. ओ द्वारा मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी आई आई एच एम आर के न्यासी हैं जो कि भारत की अग्रणी संस्थानों में से एक है। श्री अग्रवाल जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी, यू.एस. ए. के न्यासी हैं। श्री अग्रवाल एक चिकित्सक है व उन्होंने सामाजिक कार्यों व व्यवसायो में भारत से बाहर भी अपना नाम बनायाहै।

**श्री वेदांत कनोई निदेशक**– श्री वेदांत कनोई निदेशक के रूप में कमनी के साथ जुड़े हुए है। श्री कनोई को विभिन्न व्यवसायो में विशाल अनुभवहै।

**श्री सुजान सिन्हा स्वतंत्र निदेशक**– श्री सुजान सिन्हा जो कि 30 से अधिक वर्षो से वरिष्ठ वित्तीय व्यवसायी के रूप में इस व्यवसाय में हैं, जिन्हे बैंक, एन.बी.एफ.सी., मुख्य रूप से खुदरा क्षेत्र में काम का विशाल अनुभव है। श्री सुजान सिन्हा कोलकाता युनिवर्सिटी से भूगर्भशास्त्र में स्नातक है। श्री सुजान सिन्हा को 14 वर्षो से अधिक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ब्रांच बैंकिंग, कार्मिक प्रशासन के साथ साथ विदेशी मुद्रा के काम का विशाल अनुभव है। इन्होंने कई प्राईवेट सेक्टर ग्रुप जैसे ईस्ट इंडिया हेडक्वार्टर उषा मार्टिन ग्रुप, जिसका सुमिटोमो कोर्पोरेशन जो कि जापान की कम्पनी है उसमें 50:50 जोइंट वेंचर है, यूटी आई बैंक (बाद में जिसका नाम एक्सिस बैंक हो गया), श्री राम ग्रुप में काम विशाल अनुभव है।

**श्रीमती अप्रा कुच्छल, स्वतंत्र निदेशक**– श्रीमती अप्राकुच्छल मार्केटिंग और फाइनेंस में आई आई आई एम, जयपुर से एम.बी.ए. और इंडियन इंस्टीटयुट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद से मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम को सर्टिफिकेट कोर्स, नेशनल इंस्टीट्युट ऑफ टकोलोजी, जयपुर से सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंसी प्रोग्राम कर रखा है तथा इसके साथ साथ उनका इसमें उत्कृष्ट उद्यमिता का कौशल हासिल है। श्रीमती अप्राकुच्छल महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न सामाजिक पहलों के लिए भी काम कर रही है।

**श्री अमित्वा घोष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी**– श्री अमित्वा घोष एक साइंस स्नातक व मानव संसाधन प्रबन्धन के डिग्रीधारी हैं, श्री घोष को मुद्रा परिवर्तन व मनी ट्रांसफर व्यापार का 20वर्षो से भी अधिक अनुभव है।

**श्री दिलीप कुमार मोरवाल, कम्पनी सचिव**– श्री दिलीप कुमार मोरवाल, कम्पनी सचिव के पद परकार्यरत हैं व उन्हें कानूनी, सचिविय व वित्त सम्बन्धी क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षो का अनुभव है।

**श्रीसुबोध सुरेका, मुख्य वित्तीय अधिकारी**– श्री सुबोध सुरेका अर्हता प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं जो इस कम्पनी में बतौर मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद पर कार्यरत है। श्री सुबोध सुरेका को अकाउंट और ऑडिट प्रणाली में 13 वर्षो से अधिक का विशाल अनुभव है।

ई) **निदेशकों का नाम, पता DIN व पेशे की जानकारी** –

| क्र.सं. | पूरा नाम | वर्तमान आवासीय पता | पद | DIN | पेशा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री हेमन्त कौल | ए–105, अत्रे पथ, श्याम नगर, जयपुर 302019 (राज) | गैर कार्यकारी अध्यक्ष | 00551588 | सलाहकार |
| 2. | श्री गोपाल शर्मा | सी 142, द सम्मिट, पार्क ड्राइव, डीएलएफफेज, 5 गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 54, गुडगांव– 122011, हरियाणा | प्रबंध निदेशक | 00016883 | सलाहकार |
| 3. | श्री पुरोषोत्तम अग्रवाल | 51, गौरव नगर, सिविल लाइन्स, जयपुर–302007 (राज) | निदेशक | 00272598 | सलाहकार |
| 4. | श्री अशोक कुमार अग्रवाल | डी–32ए, सुभाष मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302001 (राज) | निदेशक | 01237294 | उद्योगपति व सामाजिक कार्यकर्ता |
| 5. | श्री वेदान्त कनोई | डी–1103, न्यूफ्रेंडस कॉलोनी, नई दिल्ली– 110025 | निदेशक | 02102558 | उद्योगपति |
| 6. | श्री सुजान सिन्हा | डी–704, आर.एन.ए. कोन्टिनेंटल, सुभाषनगर, चेम्बुर ईस्ट, मुम्बई– 400071 | स्वतंत्र निदेशक | 02033322 | सलाहकार |
| 7. | श्रीमती अप्राकुच्छल | 62, हरिकिशन सोमानी मार्ग, हथरोई फोर्ट, अजमेर रोड, जयपुर– 302001 | स्वतंत्र निदेशक | 08453955 | उद्योगपति |

फ) **जोखिम तत्वों के बारे में प्रबन्धकों की सोच / राय**– कम्पनियों की मुद्रा परिवर्तन व मनी ट्रांसफर के कारोबार में है अतः मुद्रा की दरों में किसी भी परिवर्तन से कम्पनी के लाभों पर असर पड सकता है व इसकी और बाजार प्रतिस्पर्धा व सरकार की नीतियो में परिवर्तन का भी कम्पनी के परिणामों पर असर पड सकता है। कम्पनी ने जोखिमों के प्रबन्धन हेतु एक विस्तृत पॉलिसी बनाई है जिसके अन्तर्गत हर तिमाही पर संचालक मण्डल समस्त जोखिमों की स्थिति व उनके प्रबन्ध करने सम्बन्धी मामलों पर विचार करता है व तदानुसार कार्यवाही की जाती है।

ज) **निम्न के सम्बन्ध में भुगतान करने के सम्बन्ध में की गई चूक व उनकी राशि अवधि व वर्तमान स्थिति** –

(i) वैधानिक देय – शून्य, कुछ मामलों में देरी को छोडकर

(ii) डिबेन्चर व उन पर देय ब्याज – नहीं

(iii) किसी बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा दिए गए ऋण व उनके ब्याज के भुगतान :– नहीं

2. **निक्षेप योजना का विवरण** –

अ) प्रस्ताव पारित करने की तिथि–11 अप्रेल 2018 31 जुलाई 2015 22 जुलाई 2016 23 अक्टूबर 2016 27 मई 2017 21 जुलाई 2018, 29 अक्टूबर 2018, 10 अगस्त 2019

ब) निक्षेपों को आमंत्रित करने का अधिकार प्रदान करने हेतु साधारण सभा में प्रस्ताव पारित करने की तिथि – 25 जून, 2014

स) निक्षेपों का प्रकार अर्थात् प्रतिभूतित या अप्रतिभूतित– अप्रतिभूतित

द) राशि जिसे निक्षेप के रूप में प्राप्त किया जा सकता है पिछले वित्तीय वर्ष अन्तिम दिन व इस परिपत्र को जारी करने की तिथि को निक्षेपों की राशि, निक्षेपों को वह राशि जिसे स्वीकारा जाएगा व अगले 12 माह में देय निक्षेप।

| क्र.सं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | वह राशि जितनी निक्षेप कम्पनी अधिनियम व नियमों के अन्तर्गत स्वीकार की जा सकती हैं। | कम्पनी (निक्षेपों को स्वीकार करना) नियम 2014 के नियम 3 (4) (ए) के अनुसार –₹ 588.88 (शेयर पूँजी व स्वतंत्र संचयों का 10 प्रतिशत 31.3.2019)<br>कम्पनी (निक्षेपों को स्वीकार करना) नियम 2014 के नियम 3 (4) (बी) के अनुसार –₹ 1472.20 (शेयर पूँजी व स्वतंत्र संचयों का 25 प्रतिशत 31.3.2019) |
| 2. | पिछले वित्तीय वर्ष (2014–15) के अंतिम दिन निक्षेपों की कोष राशि | 31.03.2019 को ₹ 709.31 लाख (283 निक्षेपधारी जिसमें ₹ 14.30 लाख) अस्वामित्व निक्षेप सम्बन्धित है। |
| 3. | इस परिपत्र को जारी करने की तिथि को निक्षेपों का स्तर व निक्षेपों का प्रस्तावित स्तर व राशी। ये निक्षेप जिन्हें अगले 12 माह में चुकाया जाना है। (मतलब अगले 2 साल तक) | परिपत्र जारी करने की तिथिः 10 जुलाई 2019 ₹ 613.33 लाख<br>कितने निक्षेपों को स्वीकारा जाएगा– उपरोक्त क्रम सं. 1 में दी गई राशी।<br>आगामी 12 माह में देय राशिः ₹ 281.09 लाख (31.03.2020 तक) और ₹ 297.59 (31.03.2021 तक) |

ई) निक्षेपों को स्वीकार करने की दशाऐं – अवधि, ब्याज की दर, भुगतान का माध्यम एवं पूर्ण भुगतान

| सावधि जमा योजना | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| योजना–1 | | | योजना–2 (त्रैमासिक संचयी) | | | | |
| अवधि | न्यूनतम जमा राशि (रूपयों में) | ब्याज की दर प्र.ब. | अवधि | न्यूनतम जमा राशि (रूपयों में) | ब्याज की दर प्र.ब. (तिमाही संचयी) | परिपक्वता राशि (रूपयों में) | वास्तविक उपज प्रति वर्ष |
| 1 वर्ष | 25,000 | 8.75% | 1 वर्ष | 25000 | 8.75% | 27260 | 9.04% |
| 2 वर्ष | 25,000 | 9.50% | 2 वर्ष | 25000 | 9.50% | 30164 | 10.33% |
| 3 वर्ष | 25,000 | 10.50% | 3 वर्ष | 25000 | 10.50% | 34118 | 12.16% |

ट्रस्ट/सोसाइटियों की डिपॉजिट एवं 50 लाख से ऊपर की सिंगल डिपोजिट की ब्याज दरें समग सीमाओं के अधीन पार्टियों के बीच पारस्परिक रूप से तय की जाएगी।

भुगतान व पूर्ण भुगतान का माध्यम – चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंक में अंतरण द्वारा

फ) **योजना कब शुरू होगी व परिपत्र / विज्ञापन की वैधता अवधि**

(1) योजना की शुरू होने की तिथि –10 अगस्त, 2019

(2) परिपत्र/विज्ञापन की वैधता अवधि –यह परिपत्र या विज्ञापन 31 मार्च 2020 के छः माह या वार्षिक साधारण सभा में रखके प्रस्तुत करने की तिथि या वार्षिक साधारण सभा की देय तिथि दोनों में से जो पहले हो वह वैध रहेगा।

ज) **निक्षेप प्राप्त करने का उद्देश्य** – निक्षेप से प्राप्त धन का प्रयोग व्यवसायिक प्रयोजनों व अन्य कार्पोरेट उद्देश्यों हेतु किया जाएगा।

एच) **क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, ली गई रेटिंग का मतलब – रेटिंग प्राप्त करने की तिथि**

| क्र.सं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | रेटिंग एजेंसी का नाम | ब्रिकवर्क रेटिंग्स |
| 2. | ली गई रेटिंग | BWR FBBB (पर्याप्त सुरक्षा) |
| 3. | ली गई रेटिंग का मतलब | यह रेटिंग कम्पनी के मूलधन व ब्याज के भुगतान की प्यॉप्त सुरक्षा को दर्शाती है। दशाओं में परिवर्तन इन मामलों को उच्च रेटिंग से ज्यादा प्रभावित कर सकती है। |
| 4. | वह तिथि जब रेटिंग प्राप्त की गई है | 12.10.2018 |

आई) निक्षेप बीमा का विवरण – लागू नहीं है।

ज) निक्षेपों को प्रत्याभूतित (सुरक्षित करने का विवरण) – निक्षेप अप्रतिभूतित है व कम्पनी इनके भुगतान को सुरक्षित करने हेतु उचित बीमा ले लेगी।

क) निदेशकों, के.एम.पी. व प्रमोटरों का निक्षेपों में हित जो कि अन्य व्यक्तियों के हितों से भिन्न हो– शून्य, निक्षेपों का उपयोग कम्पनी के प्रयोजनाओं में किया जाएगा।

3. **अशोधित निक्षेपों का विवरण** –

((1) राशि –₹ 709.31 लाख अर्जित ब्याज जो देय नहीं हुआ है को छोड़कर (31.03.2019) को (अनक्लेम्ड निक्षेप ₹ 14.30 लाख)

(2) स्वीकार करने की तिथि – 01.04.2012 से 31.03.2019 विभिन्न तिथियों पर

(3) स्वीकार की गई राशि–₹ 182.65 लाख (रिनिवल शमिल है) (01.04.2018 से 31.03.2019 तक)

(4) ब्याज की दर –8.00% से 12.00% तक।

(5) निक्षेपधारियों की संख्या – 283 निक्षेपधारी ( जिसमें 7 अनक्लेम्ड निक्षेप शामिल हैं)

(6) निक्षेप व उस पर ब्याज के भुगतान में की गई त्रुटि का विवरण(यदि कोई है)–कम्पनी ने निक्षेपों के भुगतान में व उन पर देय ब्याज के भुगतान में कोई त्रुटि नहीं कीहै।

**(7) यदि निक्षेप व अर्जित ब्याज के भुगतान सम्बन्धी कोई त्रुटि की गई हो तो उसका विवरण – शून्य**

4. **कम्पनी की वित्तीय स्थिति** :–

**(अ) कम्पनी का लाभ, करों से पूर्व व करों के बाद परिपत्र को जारी करने के पूर्व के तीन सालों हेतु।** (लाख में)

| क्र.सं. | विवरण | वर्ष 2018–2019 | वर्ष 2017–2018 | वर्ष 2016–2017 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करों से पूर्व लाभ | (1141.56) | 3450.10 | 283.89 |
| 2. | करों के बाद लाभ | (849.92) | 2568.18 | 186.97 |

(ब) कम्पनी द्वारा पिछले 3 वित्तीय वर्षों में घोषित लाभांश, ब्याज भुगतान राशियों व नकद लाभ (लाख में)

| क्र.सं. | विवरण | वर्ष 2018–2019 | वर्ष 2017–2018 | वर्ष 2016–2017 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | घोषित लाभांश | | | |
| | (अ) लाभांश की दर (प्रति अंश) | शून्य | 0.80 प्रति अंश | 0.16 प्रति अंश |
| | (ब) लाभांश की राशि (कर सहित) | शून्य | 203.41 | 48.96 |
| 2. | ब्याज भुगतान / कवरेज रेश्यो | | | |
| | (अ) भुगतान किया ब्याज | 262.92 | 301.98 | 356.84 |
| | (ब) करों के बाद नकद लाभ व ब्याज | (481.43) | 2975.7 | 649.18 |
| | (स) ब्याज भुगतान / कवरेज रेश्यो | (1.83) | 9.85 | 1.82 |

* कम्पनी ने अपने अंशों का उप–विभाजन कर मई 2016 से 10/– रूपये प्रति अंश से 2/– रूपये प्रति अंश कर दिया है।

(सी) कम्पनी के परिपत्र/विज्ञापन के पिछले तीन अंकेक्षित खातों का संक्षिप्त विवरण– (लाख में)

| क्र.सं. | विवरण | वर्ष 2018–2019* | वर्ष 2017–2018* | वर्ष 2016–2017** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **आस्तिया** | | | |
| | (1) गैर चालू आस्तिया | 4887.17 | 5235.39 | 5215.87 |
| | (2) चालू आस्तिया | 3953.83 | 6642.40 | 3151.24 |
| | **कुल** | **8841.00** | **11877.79** | **8367.11** |
| 2. | **पूंजी का दायित्व** | | | |
| | (1) अंशधारियों का फंड | 5891.74 | 6988.14 | 4408.33 |
| | (2) गैर चालू दायित्व | 437.88 | 899.19 | 877.61 |
| | (3) चालू दायित्व | 2511.38 | 3990.46 | 3081.17 |
| | **कुल** | **8841.00** | **11877.79** | **8367.11** |

*एज पर IND AS

** एज पर AS

(डी) परिपत्र/विज्ञापन के जारी करने के पिछले तीन वित्तीय वर्षों के अंकेक्षित कैश फ्लो का विवरण – (रूपयों में)

| क्र.सं. | विवरण | 31.3.2019 को | 31.3.2018 को | 31.03.2017 को |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालन से नेटकैश फ्लो | -1109.31 | -717.45 | 922.56 |
| 2. | विनियोजन से नेटकैश फ्लो | 1981.90 | 754.22 | -93.47 |
| 3. | वित्तीय कार्यो से नेटकैश फ्लो | -1366.89 | 145.52 | -527.11 |
| | नकद व नकद के समान में नेट वृद्धि / घटौती (1+2+3) | -494.30 | 182.29 | 301.98 |

द पिछले तीन वर्षो में लेखा निधि में किए गए परिवर्तन का ब्यौरा व उससे लाभ व संचयों पर परिवर्तन का ब्यौरा– शून्य

5. **निदेशकों की घोषणा – हम ट्रान्सकोर्प इंटरनेशनल के निदेशक घोषणा करते हैं कि** –

(1) कम्पनी ने इस अधिनियम के शुरू होने से पूर्व या बाद में स्वीकार किए निक्षेपों के भुगतान में कोई त्रुटि नहीं की है।

(2) निदेशकों ने सभी तथ्यों की जॉच कर ली है व घोषित करते हैं कम्पनी की वित्तीय स्थिति ठीक है व कम्पनी समस्त दायित्वों के भुगतान करने में सक्षम रहेगी व कम्पनी परिपत्र को जारी करने के एक वर्ष तक दिवालिया नहीं होगी।

(3) कम्पनी ने अधिनियम व उसके अन्तर्गत बने नियमों के प्रावधानों का पालन कर लिया है।

(4) कम्पनी ने इस अधिनियम के शुरू होने से पूर्व स्वीकार की गई निक्षेपों का भुगतान समय पर किया है व आने वाले समय में भी देय होने पर समय पर भुगतान करेगी व भुगतान किए जाने तक ये सभी निक्षेप अन्य अप्रत्याभूतित दायित्वों के समान ही रहेंगी।

(5) यदि कम्पनी की क्रेडिट रेटिंग में कोई विपरीत परिवर्तन होता है तो कम्पनी निक्षेप धारकों को निक्षेप वापिस लेने का पर्याप्त अवसर देगी।

(6) निक्षेपों द्वारा प्राप्त राशि का प्रयोग घोषित प्रयोजनों हेतु ही किया जायेगा।

(7) कम्पनी द्वारा स्वीकृत निक्षेप अप्रत्याभूतित है व अन्य अप्रत्याभूतित दायित्वों के समान (Pari passu) है।

**अस्वीकरण**: यह साफ समझ लिया जाए कि जो परिपत्र या विज्ञापन के रूप में परिपत्र रजिस्ट्रार को जमा कराया गया है उसे रजिस्ट्रार या केंद्र सरकार की अनुमति ना समझा जाए। निक्षेप योजना की वित्तीय सुदृढ़ता जिसके लिए निक्षेप आमंत्रित किए गए हैं या वित्तीय विवरण की यथार्थता अथवा परिपत्र या विज्ञापन के रूप में परिपत्र जिस पर राय अभिव्यक्त की गई है, उसके लिए रजिस्ट्रार या केंद्र सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। निक्षेपधारियों से अनुरोध है कि निक्षेप योजना में निवेश करने से पहले यथोचित जांच कर लें।

ट्रान्सपोर्ट इंटरनेशनल के निदेशक मण्डल की ओर से

| | Sd/- | Sd/- | Sd/- |
|---|---|---|---|
| | हेमन्त कॉल | श्री गोपाल कृष्ण शर्मा | पुरूषोतम अग्रवाल |
| दिनांकः 10.08.2019 | गैर–कार्यकारी अध्यक्ष | प्रबंध निदेशक | निदेशक |
| स्थान : पुष्कर | DIN: 00551588 | DIN: 00016883 | DIN: 00272598 |

# कुलदीप का दावा मजबूत, ईशांत ने भी दिखाया जलवा

कूलिज (एंटीगा), 19 अगस्त (भाषा)।

वरिष्ठ तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की पहले स्पैल की तूफानी गेंदबाजी और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शानदार प्रदर्शन से भारत ने वेस्टइंडीज ए के खिलाफ अभ्यास क्रिकेट मैच के दूसरे दिन भी अपना दबदबा बनाए रखा।

भारत ने सुबह अपनी पहली पारी पहले दिन के स्कोर पांच विकेट पर 297 रन पर समाप्त घोषित कर दी और इसके बाद वेस्टइंडीज ए को 56.1 ओवर में 181 रन पर समेट दिया। इशांत ने 21 रन देकर तीन, उमेश यादव ने 19 रन देकर तीन और कुलदीप ने 35 रन देकर तीन विकेट लिए।

वरिष्ठ ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहली पारी में गेंदबाजी नहीं की।

पहली पारी में 116 रन की बढ़त लेने के बाद भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 84 रन बनाकर अपनी बढ़त 200 रन पर पहुंचा दी है।

हनुमा विहारी (नाबाद 48) अपने पूरे प्रवाह में दिखे जबकि पारी का आगाज करने के लिए भेजे गए कार्यवाहक कप्तान अंजिक्य रहाणे (नाबाद 20) संघर्ष करते हुए नजर आए। मयंक अग्रवाल 13 रन बनाकर आउट हुए।

**कुलदीप यादव** : कुलदीप ने 35 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने अपना दावा मजबूत कर दिया है। अगर भारत दो स्पिनरों के साथ खेलता है तो उनको जगह मिलना तय है।



**ईशांत शर्मा** : ईशांत शर्मा ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने अपने पहले स्पैल की तूफानी गेंदबाजी से वेस्ट इंडीज ए टीम को दबाव में ला दिया जिससे भारत का दबदबा बना रहा।



**उमेश यादव** : उमेश यादव ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए। हालांकि यादव टैस्ट टीम के लिए शीर्ष तीन गेंदबाजों में शामिल नहीं हैं लेकिन उन्होंने भी कैरेबियाई टीम का मध्यक्रम झकझोरा।



दूसरा दिन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा। ईशांत ने शुरू से ही सही लेंथ पकड़ ली थी। उन्होंने अपने पहले स्पैल में जेरेमी सोलोजानो (नौ) और ब्रैंडन किंग (चार) को पवेलियन भेजा। इस बीच जसप्रीत बुमराह ने भी 11 ओवर किए।

उमेश यादव टैस्ट टीम के लिए शीर्ष तीन गेंदबाजों में शामिल नहीं है लेकिन उन्होंने भी कैरेबियाई टीम का मध्यक्रम झकझोरा। इस प्रदर्शन के बावजूद अगर भारत पहले टैस्ट मैच में तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है तो बुमराह, शमी और ईशांत के रहते हुए उमेश को अंतिम एकादश में मौका मिलना मुश्किल है।

जहां तक कुलदीप की बात है तो तीन विकेट लेने से उन्होंने अपना दावा मजबूत कर दिया है। अगर भारत दो स्पिनरों के साथ खेलता है तो उनको जगह मिलना तय है।

भारत जब दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरा तो टीम प्रबंधन ने रहाणे को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारने का सही फैसला किया लेकिन 35 ओवर के दौरान वह संघर्ष ही करते रहे।

रहाणे ने अब तक 95 गेंदों का सामना किया है। दूसरी तरफ विहारी को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और उन्होंने अब तक अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया है।

सलामी बल्लेबाज अग्रवाल ने हालांकि तेज गेंदबाज रोमेरियो शेफर्ड की गेंद पर विकेटकीपर जेहमार हैमिल्टन को कैच दिया।

# सपने में भी नहीं सोचा कि ईश्वर मुझ पर इतना मेहरबान होगा : कोहली

कूलिज (एंटीगा), 19 अगस्त (भाषा)।

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11 साल पूरे करने पर कहा कि उन्होंने कभी इससे अधिक की उम्मीद नहीं की थी। कोहली ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय करिअर की शुरुआत की। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका के खिलाफ दांबुला में वनडे के रूप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

**कोहली ने अपने ट्विटर हैंडल पर दो तस्वीरों को साझा किया है। उन्होंने साथ में लिखा है, 'इसी दिन 2008 में एक किशोर के रूप में शुरुआत करने से लेकर 11 साल की यात्रा पूरी करने तक, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ईश्वर मुझ पर इतना मेहरबान होगा।'**



कोहली ने अपने ट्विटर हैंडल पर दो तस्वीरों को साझा किया है। उन्होंने साथ में लिखा है, 'इसी दिन 2008 में एक किशोर के रूप में शुरुआत करने से लेकर 11 साल की यात्रा पूरी करने तक, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ईश्वर मुझ पर इतना मेहरबान होगा। आप सभी को अपने सपनों को सच करने और सही रास्ते में आगे बढ़ने की शक्ति मिले। सदैव आभारी।' उन्होंने जो तस्वीरें साझा की हैं उनमें पहली श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण मैच की है जबकि दूसरी एंटीगा में उनके होटल के कमरे की है। भारत अभी वेस्टइंडीज के दौरे पर है जहां उसे 22 अगस्त से एंटीगा में पहला टैस्ट मैच खेलना है। इससे पहले भारत ने टी20 और वनडे शृंखला अपने नाम की थी।

कोहली ने पदार्पण करने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे अब तक 77 टैस्ट मैचों में 6613 रन बना चुके हैं जिसमें 25 शतक शामिल हैं। उन्होंने 239 वनडे में 43 शतकों की मदद से 11520 रन बनाए हैं। उनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 68 शतक दर्ज हैं और वे एक दशक में 20,000 से अधिक रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं।

# हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 खिलाड़ियों का चयन किया

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 खिलाड़ियों का चयन किया। शिविर में टीम को आस्ट्रेलिया में होने वाले त्रिकोणीय टूर्नामेंट के लिए तैयार किया जाएगा।

संभावित खिलाड़ी 14 सितंबर तक अभ्यास एवं अनुकूलन शिविर में भाग लेंगे। इस दौरान खिलाड़ियों को कोच बलजीत सिंह सैनी को रिपोर्ट करनी होगी। टीम को इसके बाद आस्ट्रेलिया में त्रिकोणीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है जिसमें तीसरी टीम न्यूजीलैंड की होगी। संभावित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है :

**गोलकीपर**: राशनप्रीत कौर, खुशबू, एफ रामेंगमवी।

**रक्षा पंक्ति** : प्रियंका, सिमरन सिंह, मरीना लालरामिंगकी, गगनदीप कौर, इशिका चौधरी, ज्योतिका कलसी, सुमिता, अक्षता ढेकले, ऊषा, परणीत कौर।

**मध्य पंक्ति** : बलजीत कौर, मारियाना कुजूर, किरण, प्रभलीन कौर, प्रीति, अजमीना कुजूर, वैष्णवी फाल्के, कविता बागड़ी, बलजिंदर कौर, सुषमा कुमारी

**अग्रिम पंक्ति** : मुमताज खान, ब्यूटी डूंगडुंग, गुरमेल कौर, दीपिका, लालरिंडिकी, जीवान किशोरी टोप्पो, रुतुजा पिसल, संगीता कुमारी, योगिता बोरा, अन्नू।

# वेस्ट इंडीज के खिलाफ नेट गेंदबाज के रूप में भारतीय टीम से जुड़े रहेंगे सैनी

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

नवदीप सैनी के कौशल से प्रभावित भारतीय टीम प्रबंधन ने इस तेज गेंदबाज को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टैस्ट मैचों की शृंखला के लिए नेट गेंदबाज के रूप में टीम से जोड़े रखने का फैसला किया है।

दिल्ली की तरफ से घरेलू क्रिकेट में खेलने वाले सैनी ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और अपने पहले मैच में ही वे मैन आफ द मैच बने थे। वे इससे पहले इंग्लैंड में भारतीय टीम के नेट गेंदबाज और आइसीसी विश्व कप के दौरान भुवनेश्वर कुमार के कवर के रूप में टीम के साथ जुड़े थे।

बीसीसीआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'हां, नवदीप सैनी को टीम प्रबंधन ने टेस्ट शृंखला के लिए भी टीम के साथ बने रहने के लिए कहा है। वे मुख्य रूप से नेट गेंदबाज के रूप में टीम के साथ रहेंगे। वे भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें टैस्ट प्रारूप के लिए तैयार करना चाहते हैं।'

सैनी ने वेस्टइंडीज ए के खिलाफ अभ्यास मैच में छह ओवर भी किए ताकि इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह और उमेश यादव को थोड़ा आराम मिल सके। मोहम्मद शमी और



भुवनेश्वर कुमार ने पहली पारी में गेंदबाजी नहीं की।

बीसीसीआइ अधिकारी ने कहा, 'सैनी पिछले कुछ वर्षों से प्रथम श्रेणी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। उनके पास तेजी है और वे गेंद को हवा में और पिच से मूवमेंट दिलाने की काबिलियत रखते है। अगर उन्हें अच्छी तरह से तैयार किया जाता है तो इससे शीर्ष क्रिकेट के लिए हमारे तेज गेंदबाजों की संख्या ही बढ़ेगी। टीम प्रबंधन की अभी उनको लेकर यही सोच है।'

# डब्लूएफआइ ने साक्षी मलिक को कारण बताओ नोटिस थमाया

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

ओलंपिक पदकधारी साक्षी मलिक को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआइ) ने बिना अनुमति के राष्ट्रीय शिविर छोड़ने पर कारण बताओ नोटिस दिया है जबकि इसी आरोप में शिविर में शामिल 25 महिला पहलवानों को निलंबित कर दिया गया है। लखनऊ स्थित साइ केंद्र में शिविर में 45 महिला पहलवानों में से 25 राष्ट्रीय महासंघ की अनुमति के बिना शिविर से अनुपस्थित थी। इन 25 पहलवानों में से साक्षी (62 किग्रा), सीमा बिस्ला (50 किग्रा) और किरन (76 किग्रा) ने हाल ही में विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। इन तीनों खिलाड़ियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिसका बुधवार तक जवाब देना होगा। इनके अलवा बाकी सभी पहलवानों को अगले आदेश तक राष्ट्रीय शिविर से निलंबित कर दिया गया है और सोमवार को विश्व चैंपियनशिप के गैर ओलंपिक श्रेणी के ट्रायल्स में



भाग लेने से रोक दिया गया है।

डब्लूएफआइ के सहायक सचिव विनोद तोमर ने कहा कि भारतीय दल जब तैयारी टूर्नामेंट के लिए बेलारूस और एस्टोनिया रवाना हुआ तो बाकी बचे पहलवान बिना अनुमति लिए ही शिविर से चले गए।

# शीर्ष पर बरकरार कोहली के करीब पहुंचे स्मिथ

दुबई, 19 अगस्त (भाषा)।

आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने आइसीसी की सोमवार को जारी टैस्ट बल्लेबाजी रैंकिग में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया और अब उनके शीर्ष पर काबिज विराट कोहली से केवल नौ अंक कम हैं।

भारतीय कप्तान के 922 अंक हैं और वे दुनिया के नंबर एक टैस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं। बर्मिंघम में दोनों पारियों में शतक जड़ने के बाद लार्ड्स में 92 रन की पारी खेलने वाले स्मिथ के 913 अंक हैं।

शीर्ष दस में शामिल अन्य भारतीयों में चेतेश्वर पुजारा चौथे स्थान पर बने हुए हैं।

श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के कारण चार पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम ने भी अपनी रैंकिग में सुधार किया है और वे छठे स्थान परहैं जबकि इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा और वह नौवें स्थान पर खिसक गए हैं।



**आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने आइसीसी की सोमवार को जारी टैस्ट बल्लेबाजी रैंकिग में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और अब उनके शीर्ष पर काबिज विराट कोहली से केवल नौ अंक कम हैं।**

गेंदबाजों की सूची में पैट कमिन्स शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि रविंद्र जडेजा एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दसवें स्थान पर बने हुए हैं।

जडेजा आलराउंडरों की सूची में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। इस सूची में वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर शीर्ष पर जबकि बांग्लादेश के शाकिब अल हसन दूसरे स्थान पर हैं।

इस बीच भारत को वेस्टइंडीज से आगामी टैस्ट शृंखला में 0-1 से हारने पर भी अपनी नंबर एक रैंकिग गंवानी पड़ सकती है। इससे भारत के अंकों की संख्या 108 हो जाएगी। इस परिणाम पर वेस्टइंडीज 88 अंकों के साथ पाकिस्तान से ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच जाएगा।

भारत अभी 113 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद न्यूजीलैंड (111) और दक्षिण अफ्रीका (108) का नंबर आता है।

# राजपूत की दावेदारी से दिलचस्प हुई बल्लेबाजी कोच की दौड़

मुंबई, 19 अगस्त (भाषा)।

भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए नजरअंदाज किए गए लालचंद राजपूत अब बल्लेबाजी कोच बनने की दौड़ में शामिल हो गए हैं जिसके लिए उन्होंने सोमवार को अन्य दावेदारों के साथ साक्षात्कार दिया। एमएसके प्रसाद की अगुआई वाली चयन समिति टीम के सहयोगी सदस्यों को चुनाव करेगी। सोमवार को बल्लेबाजी कोच के लिए 13 जबकि वेंकटेश प्रसाद सहित पांच उम्मीदवारों ने गेंदबाजी कोच के लिए साक्षात्कार दिया। टीम के मौजूदा सहयोगी सदस्यों बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर का मंगलवार को साक्षात्कार होगा।

बल्लेबाजी कोच के लिए 57 साल के राजपूत के दावेदारी पेश करने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। पूर्व टैस्ट बल्लेबाज विक्रम राठौर को पहले से ही संजय बांगड़ की जगह लेने के लिए मजबूत दावेदार माना जा रहा था।



एक बार फिर से टीम के मुख्य कोच चुने गए रवि शास्त्री ने मौजूदा सहयोगी सदस्यों को बरकरार रखने की ओर इशारा किया जिससे यह माना जा रहा कि अरुण और श्रीधर का दावा काफी मजबूत रहेगा।

बांगड़ को हालांकि कड़ी चुनौती मिलेगी क्योंकि सबसे ज्यादा आवेदन इस पद के लिए आए हैं।

# प्रजनेश विंस्टन सलेम के दूसरे दौर में, बोपन्ना-शरण हारे

नार्थ कारोलिना, 19 अगस्त (भाषा)।

भारत के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन ने रविवार को यहां जर्मनी के सैड्रिक मार्सेल स्टेब को सीधे सेटों में हराकर एटीपी विनस्टन सलेम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग ताजा जारी सूची में दो पायदान चढ़कर 89वें स्थान पर पहुंचने वाले प्रजनेश ने विश्व में 253वें नंबर के स्टेब को एक घंटे 12 मिनट तक चले मैच में 6-3, 6-4 से हराया। दूसरे दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी बेनोइट पियरे से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी।

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन प्रजनेश ने चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर 3-1 से बढ़त बनाई और फिर यह सेट जीतने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। प्रजनेश ने चौथे गेम में तब स्टेब की सर्विस तोड़ी थी जबकि वे शुरू में 0-40 से पीछे थे।

**प्रजनेश ने विश्व में 253वें नंबर के स्टेब को एक घंटे 12 मिनट तक चले मैच में 6-3, 6-4 से हराया।**



दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम तक अपनी सर्विस बचाए रखी। प्रजनेश ने नौवें गेम में ब्रेक प्वाइंट लिया जो निर्णायक साबित हुआ।

## खबर कोना



अमेरिका में 47वीं वार्षिक रोडरेस में विजेता लियोनार्ड कोइर।

### मेदवेदेव को एटीपी सिनसिनाटी ओपन का खिताब

सिनसिनाटी, 19 अगस्त (एएफपी)।

पिछले दो टूर्नामेंट में उपविजेता बनकर संतोष करने वाले दानिल मेदवेदेव ने रविवार को यहां डेविड गोफिन को 7-6 (7/3), 6-4 से हराकर एटीपी सिनसिनाटी मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

इस नौवीं वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी ने अंतिम गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाने के बाद ऐस जमाकर जीत दर्ज की। यह मास्टर्स 1000 में उनका पहला खिताब है। इससे पहले वे वाशिंगटन में निक किर्गियोस और मांट्रियल में राफेल नडाल से फाइनल मुकाबला हार गए थे।

मेदवेदेव ने कहा, 'आखिर में ट्रॉफी जीतना एक शानदार अहसास है। मैं काफी थक चुका हूं। मैं अभी कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं लेकिन दर्शकों ने मेरे अंदर ऊर्जा का संचार किया।'

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच को हराया था।

### जूनियर महिला मुक्केबाजों को सर्बियाई टूर्नामेंट में 12 पदक

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

भारत की जूनियर महिला मुक्केबाजों ने सर्बिया के वरबास में तीसरे नेशन्स कप में चार स्वर्ण पदक सहित कुल 12 पदक जीते।

भारतीय टीम ने चार स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक के साथ उप विजेता की ट्रॉफी भी अपने नाम की। भारत के लिए तमन्ना (48 किग्रा), अंबेशोरी देवी (57 किग्रा), प्रीति दाहिया (60 किग्रा) और प्रियंका (66 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते।

तमन्ना को सर्वश्रेष्ठ विदेशी मुक्केबाज भी चुना गया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के बयान के अनुसार उन्होंने फाइनल में रूस की एलेना ट्रेमासोवा को 5-0 से हराया।

### पूजा, नवजोत को ट्रायल्स में चुनौती के बिना मिला विश्व चैंपियनशिप का टिकट

नई दिल्ली, 19 अगस्त (भाषा)।

ओलंपिक भार वर्ग में जगह पक्की करने में नाकाम रहीं महिला पहलवान पूजा ढांडा और नवजोत कौर ने सोमवार को लखनऊ में ट्रायल्स के लिए मैट पर उतरे बिना ही विश्व चैंपियनशिप का टिकट हासिल कर लिया।

ओलंपिक भार वर्ग क ट्रायल्स पहले ही हो चुके हैं और सोमवार को गैर ओलंपिक वर्ग के ट्रायल्स में पूजा ने 59 किग्रा और नवजोत ने 65 किग्रा भार वर्ग में जगह पक्की की। दोनों को चुनौती देने के लिए कोई पहलवान मौजूद नहीं था। भारतीय कुश्ती संघ ने अनुशासनहीनता के आरोप में 25 पहलवानों पर प्रतिबंध लगाया है जिनमें से सात पहलवानों को इन ट्रायल्स में भाग लेना था। 59 और 65 किग्रा भारवर्ग में दावेदारी के लिए कोई अन्य पहलवान मौजूद नहीं था।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 275, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना- एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।